

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 सीए वार्नर को नेतृत्व की भूमिका... | करतारपुर गलियारा धार्मिक स्वतंत्रता... 12



वर्ष : 13 | अंक : 44 | नई दिल्ली, गुरूवार, 30 जून 2022 | आषाढ़, शुक्ल प्रतिपाद , विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## मौसम

अधिकतम तापमान 31.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज गर्मी से राहत मिलेगी साथ ही बारिश होने की संभावना है।

## पोल

क्या दिल्ली में डीजल वाहनों पर रोक लगाना सही है ?

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,620 |
| चांदी | 59,400 |
| सेंसेक्स | 53,026 |
| निफ्टी | 15,799 |

# मदरसे नफरत की जड़, बच्चों को बनाया जा रहा कट्टरः आरिफ मोहम्मद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**जानकारी**

- ईशनिंदा करने वालों का सिर कलम करना सिखाया जाता है विद्यार्थियों को : केरल के राज्यपाल

आरिफ मोहम्मद ने कहा, 'सवाल यह है कि क्या हमारे बच्चों को ईशनिंदा करने वालों का सर कलम करना पढ़ाया जा रहा है। मुस्लिम कानून कुरान से नहीं आया है, वह किसी इंसान ने लिखा है जिसमें सर कलम करने का कानून है और यह कानून बच्चों को मदरसा में पढ़ाया जा रहा है।' उन्होंने ये बातें राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल की बर्बरता से की गई हत्या को लेकर अपनी टिप्पणी में कहीं। उन्होंने कहा कि हम लक्षण दिखने पर चिंतित होते हैं लेकिन गंभीर बीमारी को मानने से इनकार कर देते हैं। नूपुर शर्मा विवाद में कन्हैया लाल की हत्या से पूरा देश सदमे में है। हर कोई भारत में तालिबानी सोच के बढ़ते प्रसार से चिंतित है। लोग सोचने लगे हैं कि मुस्लिम समाज के एक तबके में बढ़ते कट्टरपंथी विचारों की आलोचना की जाए या नहीं, सवाल उठाया जाए या नहीं। समाज के एक वर्ग में बढ़ती कट्टरता के कारणों पर भी तमाम तरह की बातें हो रही हैं। इस बीच केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि मदरसे नफरत की जड़ हैं। उन्होंने कहा कि बचपन में ही सिखाया जा रहा है कि कोई विरोध में बोले तो सर कलम कर दो। आरिफ मोहम्मद खान अक्सर कहते रहते हैं कि मौलाना और मदरसों ने मुसलमानों के एक तबके को कट्टर बना रहा है। वो गैर-मुस्लिमों के प्रति नफरत करना सिखाते हैं जिस कारण बचपन में ही दूसरे धर्मों के प्रति नफरत का भाव पनप जाता है। ऐसे में जब वो बड़े होते हैं तो हमेशा दूसरे धर्म के लोगों के प्रति सतर्क रहते हैं और संदेह से भरे होते हैं। आरिफ के इन विचारों की कड़ी आलोचना भी होती रहती है।

# उपराष्ट्रपति चुनावः 6 अगस्त को मतदान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रपति चुनाव के बाद अब उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भी बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने बुधवार को उपराष्ट्रपति चुवाव के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 6 अगस्त 2022 को वोट डाले जाएंगे और उसी दिन परिणाम भी आ जाएंगे। मौजूदा उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 11 अगस्त को खत्म हो रहा है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 5 जुलाई को नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। वहीं, नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 19 जुलाई 2022 होगी। इसके बाद 20 जुलाई को उम्मीदवारों की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं, उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 22 जुलाई होगी। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अगर मतदान की जरूरत पड़ी तो उसके लिए 6 अगस्त को वोट डाले जाएंगे। मतदान का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

### उद्धव ने विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दिया

# बहुमत परीक्षण से पहले ही उद्धव ने सीएम पद छोड़ा

नई दिल्ली/मुंबई, प्रात : किरण संवाददाता



महाराष्ट्र का राजनीतिक संकट अब आखिरी पड़ाव पर पहुंच रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार रात शिवसेना की दलीलों को खारिज करते हुए गुरुवार को ही फ्लोर टेस्ट कराने का आदेश दे दिया। इसके कुछ देर बाद ही सीएम उद्धव ठाकरे ने फेसबुक लाइव करते हुए इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उन्होंने शिंदे गुट के गिले-शिकवों पर अपनी बात रखी और कहा कि आपको अपनी बात ठीक तरह से रखनी चाहिए थी। उद्धव ने कहा कि जिनसे धोखे की आशंका थी वे साथ रहे। उन्होंने कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के मुखिया शरद पवार को धन्यवाद कहा।

इससे पहले राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के फैसले पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम अदालत ने हालांकि शिवसेना व्हिप चीफ सुनील प्रभु की याचिका पर स्टे लगा दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल के फैसले को सही कहा और 30 जून को बहुमत परीक्षण की इजाजत दे दी है। इससे पहले फ्लोर टेस्ट पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि विधायकों की अयोग्यता का मामला लंबित होने से फ्लोर टेस्ट नहीं रुक सकता। इसके साथ ही सीएम उद्धव ठाकरे को तगड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार शाम को 3 घंटे 10 मिनट तक चली सुनवाई के बाद यह फैसला दिया। शिवसेना ने फ्लोर टेस्ट के खिलाफ, जबकि शिंदे गुट और राज्यपाल के वकील ने फ्लोर टेस्ट के पक्ष में दलीलें पेश कीं। शाम 5 बजकर 18 मिनट से 8 बजकर 28 मिनट तक सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। महाराष्ट्र में 22 जून को सूरत से जिस राजनीतिक नाटक की शुरूआत हुई, उसके अहम डेवलपमेंट गुवाहाटी से लेकर गोवा में हुए, लेकिन क्लाइमैक्स अभी बाकी है। इस बीच महाराष्ट्र के राज्यपाल ने 30 जून को शाम 5 बजे तक फ्लोर टेस्ट कराने का आदेश दिया था। शिवसेना इस आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय पहुंची थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी राय है कि इन मसलों का सही समाधान विधानसभा का सदन ही हो सकता है। अदालत ने बोम्मई केस का हवाला देते हुए कहा कि बहुमत का फैसला तो सदन में ही हो सकता है।

**पहले भी दिया था फ्लोर टेस्ट का आदेश**

- महाराष्ट्र मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया था और कहा था कि इसमें देरी से हॉर्स ट्रेडिंग का खतरा होगा। 26 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के राजनीतिक विवाद के मामले में अहम फैसला सुनाते हुए कहा था कि 27 नवंबर शाम पांच बजे फ्लोर टेस्ट कराए जाने का निर्देश दिया था। तत्कालीन जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने कहा था कि सीएम को बहुमत है या नहीं इसके लिए फ्लोर टेस्ट को कराया जाए।

**विधानसभा के पास पुलिस अलर्ट**

- मुंबई पुलिस ने गुरुवार को होने वाले बहुमत परीक्षण से पहले विधानसभा के पास सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही उस मार्ग पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है जहां शिवसेना के बागी विधायक हवाई अड्डे से ले जा सकते हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र न होने को लेकर सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी है और दक्षिण मुंबई में विधान भवन और आसपास के क्षेत्रों में किसी को भी इकट्ठा नहीं होने देगी।

**उद्धव बोले इस्तीफे की भाषा**

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बीच उद्धव ने कैबिनेट की बैठक बुलाई। उन्होंने औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलकर संभाजी नगर और धाराशिव कर दिया। बैठक के दौरान ही उन्होंने इस्तीफे से पहले इस्तीफे वाली भाषा बोल दी। उन्होंने कैबिनेट सहयोगियों से कहा कि हमें अपनों ने धोखा दिया। आप लोगों के अब तक के सहयोग और साथ के लिए शुक्रिया।

**सिंघवी, कौल और मेहता ने रखीं दलीलें**

शिवसेना की तरफ से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी कोर्ट में पेश हुए। वहीं, शिंदे गुट की तरफ से पेश हुए एडवोकेट नीरज किशन कौल ने पैरवी की। एडवोकेट मनिंदर सिंह कौल की दलीलों का समर्थन करने खड़े हुए। आखिर में राज्यपाल की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें रखीं।

**महाराष्ट्र में भी मप्र जैसे हालात**

मार्च 2020 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के खिलाफ बगावत करते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में 22 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद राज्यपाल ने कमलनाथ सरकार को फ्लोर टेस्ट कराने का आदेश दिया था। 13 अप्रैल 2020 को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शिवराज सिंह बनाम स्पीकर के मामले में कहा था कि विधायकों पर अयोग्यता की कार्यवाही लंबित होने के कारण फ्लोर टेस्ट को नहीं रोका जा सकता है।

# दिल्ली में 1 अक्टूबर से 28 फरवरी तक डीजल वाहनों पर रोक, व्यापारी परेशान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**निर्णय**

- सब्जी, फल, अनाज, दूध और ऐसी जरूरी वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों को दी जाएगी प्रवेश की अनुमति

प्रदूषण का हवाला देते हुए दिल्ली में डीजल वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एक अक्टूबर से 28 फरवरी तक मध्यम और भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। ये आदेश सिर्फ वाणिज्यक वाहनों पर लागू होगा।

हालांकि, कच्ची सब्जियां, फल, अनाज, दूध और ऐसी जरूरी वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसे लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज (कैट) ने बुधवार को दिल्ली सरकार के एक अक्टूबर 2022 से 28 फरवरी 2023 तक राजधानी में डीजल वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने के फैसले को लेकर सभी क्षेत्रों के प्रमुख व्यापारी संगठनों की बैठक बुलायी है।

इसे लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज (कैट) ने बुधवार को दिल्ली सरकार के एक अक्टूबर 2022 से 28 फरवरी 2023 तक राजधानी में डीजल वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने के फैसले को लेकर सभी क्षेत्रों के प्रमुख व्यापारी संगठनों की बैठक बुलायी है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल और प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना वास्तव में बेहद जरूरी है लेकिन इसके साथ यह भी देखा जाना चाहिए की सरकार के किसी भी नर्णिय से किसी भी व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े । उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पांच महीने तक दिल्ली में कोई भी सामान नहीं आ पाएगा क्योंकि दिल्ली में सारा माल अन्य राज्यों से ट्रकों में आता है और ट्रक डीजल से चलते हैं। लम्बी दूरी होने के कारण कोई भी ट्रक इलेक्ट्रिक या सीएनजी से नहीं चल सकते। इस दृष्टि से सरकार का यह निर्णय सही नहीं है और परिणामों को सोचे समझे बिना इस फैसले को लिया गया है।

## नाटो की रणनीतिक अवधारणा को लेकर चीन चिंतित

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) की नई रणनीतिक अवधारणा को लेकर बहुत चिंतित है और उसे अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र में चीनी राजदूत झांग जून ने यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान यह बात कही। श्री जून ने मंगलवार कोकहा, चीन नाटो के रणनीतिक समायोजन पर पूरा ध्यान देता है और तथाकथित रणनीतिक अवधारणा के नीतिगत निहितार्थों के बारे में गहराई से चिंतित है। चीन ने नाटो से आग्रह किया है कि वह एक नये शीत युद्ध को जन्म न दें और न ही अपना मकसद हासिल करने के लिए यूक्रेन को बलि का बकरा बनाए। चीनी राजदूत ने कहा, हमनाटो से सबक सीखने और यूक्रेन में इस संकट का उपयोग दुनिया भर में एक नए शीत युद्ध को भड़काने के बहाने के रूप में नहीं करने का आग्रह करते हैं।

## बाबर ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड

**दुबई।** पाकिस्तान के कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने विराट कोहली का एक और बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बाबर अब ICC टी-20 बैटिंग रैंकिंग में सबसे ज्यादा समय तक नंबर-1 रहने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पहले यह रिकॉर्ड विराट के नाम था।

(पृष्ठ पेज -11)

# सियासी उलटफेर : एआईएमआईएम के चार विधायक राजद में हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार में बड़ा सियासी उलटफेर हुआ है। बुधवार को एआईएमआईएम के पांच में से चार विधायक राजद में शामिल हो गए। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की मौजूदगी में चारों विधायकों ने बुधवार को राजद की सदस्यता ली। एआईएमआईएम के जो विधायक राजद में शामिल होने वालों में कोचाधामन सीट से विधायक मुहम्मद इजहार अस्फी, जोकीहाट से विधायक शाहनबाज आलम, बायसी से विधायक रुकनुद्दीन अहमद, बहादुरगंज से विधायक अनजार नईमी हैं।

हालांकि, एआईएमआईएम नेता अख्तरुल इमाम ने हाल ही में कहा था कि बिहार में एक छोटी पार्टी होने के नाते, बड़ी पार्टियां 2020 के विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद से हमारी पार्टी के विधायकों से संपर्क कर रही हैं। लेकिन वे कहीं नहीं जा रहे हैं। अब इमाम के दावों की कलई खुल गई है। उनके पांच में से चार विधायक अब राजद में शामिल हो गए हैं। इमाम को छोड़कर सारे विधायक अब राजद के सदस्य हो जाएंगे। राजद में आए सभी विधायकों को स्वयं गाड़ी चलाकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव विधानसभा पहुंचे। विधायकों के राजद में शामिल होने की स्वीकृति मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष सभी 4 विधायकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा के चैम्बर में गए। राजद के साथ चार मुस्लिम समुदाय के विधायकों के जाने से पार्टी का यादव-मुस्लिम समीकरण भी आने वाले दिनों में और ज्यादा सशक्त होगा। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इससे सीमांचल के इलाकों में पार्टी में को बढ़ा फयदा होगा जहां इन बागी विधायकों की पकड़ है।

सेक्युलरिज्म को मजबूत करने के लिए साथ आए : एआईएमआईएम से राजद में आए विधायक शाहनवाज आलम ने कहा कि एआईएमआईएम ने हमें मौका दिया इसके लिए हम उसके शुक्र गुजार हैं। यूपी और बंगाल चुनाव देख लीजिए हर चुनाव में सेक्युलरिज्म को मजबूत किया गया है। ऐसे में लोग चाहते थे कि बिहार के सबसे मजबूत सेक्युलरिज्म पार्टी के हाथ को हम मजबूत करे। लड़ाई को आगे बढ़ाये। लोगों की भी मंशा थी कि गलत विचारधारा को आगे बढ़ने से रोकने वाली पार्टी का साथ दिया जाए। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल ही एक ऐसी पार्टी है।

## संक्षिप्त खबर

### पीएम मोदी का यूपी के विकास पर फोकस

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तर प्रदेश के विकास पर जोर है। अगले माह एक सप्ताह के भीतर प्रधानमंत्री मोदी दो बार प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। सात जुलाई को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे। वहीं 12 जुलाई को बुंदेखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी वैसे तो देश का समग्र विकास कर रहे हैं लेकिन उत्तर प्रदेश पर उनका कुछ ज्यादा ही फोकस है। कारण, एक तो वह उत्तर प्रदेश से सांसद हैं, दूसरा यह कि यहां योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री मिला है। मुख्यमंत्री योगी राज्य के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों की सराहना खुद प्रधानमंत्री मोदी कई सार्वजनिक मंचों से कर चुके हैं।

### स्वदेश निर्मित एमआरएनए कोविड वैक्सीन को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने देश के पहले स्वदेशी एमआरएनए कोविड टीके को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी 18 साल और उससे अधिक आयु के लोगों के आपात इस्तेमाल के लिए दी गई है। इस वैक्सीन को बनाने वाली कंपनी जेनोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि उसकी एमआरएनए वैक्सीन जेम्कोवैक-19 को डीसीजीआई से आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिली है। जेनोवा एम्क्यूर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड की सहायक इकाई है। यह वैक्सीन दो डोज वाली है और इसे 28 दिन के अंतराल पर देना होता है। जेम्कोवैक-19 देश में विकसित पहली एमआरएनए कोविड वैक्सीन है और दुनिया में यह ऐसी तीसरी वैक्सीन है। कंपनी ने कहा है कि उसका लक्ष्य हर माह 40 से 50 लाख डोज बनाने का है और यह उत्पादन क्षमता तेजी से दोगुनी की जा सकती है।

### स्वदेशी लेजर-गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सफल परीक्षण

नई दिल्ली। स्वदेश में विकसित लेजर-गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) का रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय सेना द्वारा 28 जून को सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। यह परीक्षण मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन से अहमदनगर में आर्मर्ड कोर सेंटर एंड स्कूल (एसीसी एंड एस) केके रेंज में किया गया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, परीक्षण के दौरान एटीजीएम ने बेहद सटीकता के साथ अपने लक्ष्य पर प्रहार किया और बिना किसी परेशानी के न्यूनतम दूरी के लक्ष्य को आसानी से भेद दिया। टेलीमेट्री सिस्टम ने मिसाइल की इस उपलब्धि के संतोषजनक प्रदर्शन को रिकॉर्ड किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेजर गाइडेड एटीजीएम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इस प्रणाली का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा कड़ी, मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

कुलगाम, एजेंसी



दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। बताया जा रहा है कि जिला कुलगाम के पत अखिरन मीर बाजार इलाके में ऑपरेशन जारी है। इस बीच दो आतंकियों को मार गिराया गया है। जानकारी के अनुसार, कुलगाम के पति अखिरन मीर बाजार इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों और पुलिस की संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान चलाया। आतंकियों ने खुद को घिरता देख गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। बुधवार को ही जम्मू से अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना हुआ है। सुरक्षाबलों समेत विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। पहला जत्था नूनवान आधार शिविर में पहुंच गया है।

# नवीन जिंदल को जान से मारने की धमकी

**जानकारी**

- भाजपा के पूर्व प्रवक्ता जिंदल को आए 3 मेल, परिवार को भी खतरा; उदयपुर घटना का वीडियो अटैच

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




उदयपुर में एक युवक की हत्या होने के बाद पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। इस बीच भाजपा पार्टी के पूर्व नेता नवीन कुमार जिंदल ने बुधवार को दावा किया कि उन्हें एक ईमेल मिला है, जिसमें उनकी और उनके परिवार की गर्दन काटने की धमकी दी गई है। जिंदल ने दिल्ली पुलिस को लिखे एक पत्र में कहा कि उन्हें धमकी भरे तीन ईमेल मिले हैं। जिंदल ने ट्वीट किया, ईमेल में मुझे जान से मारने की धमकी दी गई है जैसे उदयपुर में कन्हैया लाल को मार दिया गया था। उन्होंने मुझे डराने के लिए कन्हैया लाल की हत्या का वीडियो भेजा है। जिदल ने बताया, ईमेल में धमकी दी गई थी कि उन्हें कमलेश तिवारी की तरह मार दिया जाएगा और इससे उन्हें धरती की कोई ताकत बचा नहीं सकती।

**उदयपुर की घटना के बाद मिली धमकी**

मंगलवार को राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल की दो लोगों ने धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी। ठीक एक दिन बाद जिंदल को यह मेल आया है। बता दें कि जिंदल ने पैगंबर मोहम्मद पर कथित रूप से विवादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद उन्हें भाजपा से निकाल दिया गया था।

**उदयपुर हत्याकांड** घटना के विरोध में प्रदर्शन, आज जयपुर बंद का आह्वान

# तालिबानी मर्डर का पाकिस्तान कनेक्शन

**जानकारी**

- रियाज और गौस ने 15 दिन कराची में मौलाना से ट्रेनिंग ली, 8 से 10 नंबरों पर बात की

जयपुर, एजेंसी




राजस्थान के पुलिस महानिदेशक ने बुधवार को बताया कि उदयपुर में दर्जी की नृशंस हत्या की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हत्या में शामिल गौस मोहम्मद और उसके साथी के पाकिस्तान के इस्लामिक संगठन दावत-ए- इस्लामी से लिंक मिले है। प्रदेश पुलिस प्रमुख ने बताया कि पुलिस ने दर्जी कन्हैया लाल की हत्या में शामिल मुख्य दो आरोपी के संपर्क में रहने वाले तीन और लोगों को हिरासत में लिया है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने 8 से 10 मोबाइल नंबर ट्रेस किए हैं। इनकी लोकेशन पाकिस्तान से लेकर भारत में आ रही है। इन्हीं नंबरों पर रियाज जब्बार और गौस मोहम्मद की लगातार बातचीत भी हो रही थी। इस इनपुट ने खुफिया तंत्र के कान खड़े कर दिए हैं। राजस्थान के गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने भी इस मामले को लेकर खुलासा किया है कि दोनों पाकिस्तान और अरब देशों के लोगों से कॉन्टैक्ट में थे। इनके मोबाइल में पाकिस्तान और अरब देशों के नंबर मिले हैं। रियाज और गौस की पाकिस्तान के नंबरों पर खूब बातचीत होती थी। राज्यमंत्री यादव ने इनके कराची में ट्रेनिंग लेने का भी दावा किया है। बताया गया कि दोनों ने 2014-15 में करीब 15 दिन की ट्रेनिंग ली थी। पाकिस्तान के आका के बुलावे पर दोनों नेपाल के रास्ते वहां गए थे।

**दावते इस्लामी संगठन से जुड़े थे दोनों**

डीजीपी एमएल लाठर ने कहा कि जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी दावते इस्लामी संगठन से कई सालों से जुड़े हुए थे। दोनों बदमाशों के मोबाइल से कई जानकारी मिली है। इसकी जांच की जा रही है। दोनों आरोपियों की अब तक कोई क्रिमनल हिस्ट्री सामने नहीं आई है।

**फैला रहे थे नफरत की आग**

मंगलवार को उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या के बाद राजस्थान पुलिस के साथ ही खुफिया एजेंसियों में खलबली मच गई थी। जिस अंदाज में कन्हैयालाल को मारा गया, वह तालिबानी तरीका था। एनआईए ने नृशंस हत्या के संबंध में आतंकवाद निरोधी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून के तहत बुधवार को मामला दर्ज किया। इसके साथ ही एजेंसी ने कहा, आरोपी देश भर में जनता के बीच आतंक फैलाना चाहते थे। एनआईए ने आरोपियों के खिलाफ भादंसं की धारा 452, 302, 153 (ए), 153 (बी), 295 (ए) और 34 के साथ ही गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून, 1967 की धारा 16, 18 एवं 20 के तहत मामला फिर से दर्ज किया है।

**विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मी पर हमला**

- राजस्थान के राजसमंद जिले के भीम कस्बे में भीड़ में से एक युवक ने पुलिसकर्मी को तलवार से हमला कर घायल कर दिया। उदयपुर हत्याकांड के विरोध में राजसमंद जिला बंद के दौरान भीम में भी विभिन्न संगठनों की ओर से प्रदर्शन किया गया, तभी यह घटना हुई। माहौल बिगड़ने पर पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। भीम वही जगह है, जहां से उदयपुर हत्याकांड के आरोपियों को पकड़ा गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### जयनगर को मिली, जीपीएस युक्त पीसीआर वैन

मधुबनी। एसपी मधुबनी सुशील कुमार ने जयनगर को जीपीएस युक्त पीसीआर वाहन मुहैया कराया है। जो इमरजेंसी पर डायल 112 पर 15 से 20 मिनट पर घटना स्थल पर पहुंच जाऐगी। ये पटना से शीधे कंट्रोल किया जाता है।

बता दें कि इंडो-नेपाल बॉर्डर पर स्थित जयनगर अनुमंडल मुख्यालय के सामरिक दृश्टिकोण से महत्वपूर्ण के लिहाज से तथा व्यापारियों के हित मे लगातार जिला प्रशासन के मांग को देखते हुये एसपी ने जयनगर में जीपीएस युक्त पीसीआर वाहन मुहैया कराया। पीसीआर वाहन के पदस्थापना से जयनगर के व्यवसायिक संगठन में खुशी देखी जा रही है। वहीं, चैम्बर के महासचिव अनिल बैरोलिया व सचिव पवन यादव, कैट के प्रीतम बैरोलिया, रंजीत गुप्ता, मिथिलांचल चैम्बर के शम्भू गुप्ता एवं शिवशंकर ठाकुर एवं स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस कप्तान को साधुवाद दिया है।

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले, पटवन का खर्च बचा

मधुबनी। मधुबनी जिले के अंधराठाढ़ी प्रखंड परिक्षेत्र में मंगलवार की अहले सुबह से वर्षा हो रही है। बुधवार को भी कभी तेज तो कभी बूंदाबून्दी बाली वर्षा हो रही थी। वर्षा होने से किसान और आम आदमी खुश हैं। वर्षा से आम आदमी को भयंकर उमस भरी गर्मी से निजात मिला है। किसान वर्षा के लिए परेशान थे। वर्षा नही होने से सोमवार तक क्षेत्र में मात्र 25 से 30 फी सदी धान की रोपनी हो पायी थी। सूखे खेतों के कारण धान की रोपनी बन्द थी और बिचड़े सूखने लगे थे। वर्षा होते ही धनरोपनी में तेजी आई है।

मालूम हो कि वर्षा होने के पहले किसान टकटकी लगा कर मेघ को देख रहे थे। बिचड़ों को सूखते और पूंजी के डूबने की आशंका से वे लोग भयाक्रांत थे। जमैला, मदना, डुमरा, मरुकिया, गौड़ अंधरा, धकजरी गांव के मो० अजीम, मो० जमील, मो० इमामुल, सुंदर लाल कामत, उदयकांत चौधरी, रामशरण चौधरी, ठाढ़ी के उमेश राय, भगीरथ राय, नवनगर के झारीलाल चौपाल गौड़ अंधरा के मुकेश नारायण चौधरी आदि किसानों ने बताया कि सूखे मेघ को देख कर वे पम्पिंग सेट से खेतों को पटबाने की सोच रहे थे। पटवन खचीर्ला हो गया है ।किसानों को इसके लिए भी कर्ज लेना पड़ता। ईश्वर ने मेघ पानी देकर न केवल गरीब किसानों को पटवन की भारी खर्चा से बचाया है, बल्कि धान के बिचड़े को भी झुलसने से भी बचाया है।

### 40 बोतल शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार, एक बाइक जप्त

मधुबनी। मधुबनी जिले के खजौली स्थानीय थाना पुलिस ने दिवा गश्ती के दैरान सुक्की गांव स्थित ग्रामीण बैंक के पास के मुख्य सड़क से 40 बोतल नेपाली देशी शराब व एक बाइक के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार धंधेबाज को पूछताछ बाद बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। धंधेबाज की पहचाना जयनगर थाना क्षेत्र के कमलावाड़ी बेलही टोल निवासी राम कुमार यादव के पुत्र धीरेन्द्र कुमार यादव के रुप में हुई है। थानाध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह ने बताया कि दिवा गश्ती के क्रम में एएसआई मदन उरांव के नेतृत्व में थाना पुलिस ने सुक्की गांव स्थित मुख्य सड़क से 40 बोतल नेपाली देशी शराब के साथ इस युवक को गिरफ्तार किया। इस क्रम में धंधेबाज की काले रंग की एक ग्लैमर बाइक भी जप्त की गई।

### अज्ञात चोरों के द्वारा घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

मधुबनी। मधुबनी जिले के खजौली स्थानीय थाना क्षेत्र के तारापट्टी गांव में बीते मंगलवार की रात पिछले दरबाजे से आंगन में पहुंचकर अज्ञात चोरों के द्वारा सेवानिवृत्त आर्मी प्रदीप कुमार के तीन घर के ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख की आभूषण चोरी कर फरार हो गया। गृहस्वामी प्रदीप कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात हम लोग रात करीब 11बजे के आस पास अपने पुराने आंगन में ही सो रहे थे। उसी दौरान कूलर में कुछ खराबी होने के कारण हम लोग सोने केलिए दरबाजे पर चले गए। सुबह होने के बाद जब हम लोग उठे और आंगन जाने के लिए जैसे ही दरबाजे की गेट खोलने के लिए गया तो गेट पीछे आंगन की तरफ से बंद था। किसी तरह घूमकर पीछे के दरबाजे जब आंगन पहुचे, तो देखा कि तीन कमरा का गेट खुला हुआ था। वही घर में यत्र-तत्र समान बिखरा हुआ था। वही गृह स्वामी ने बताया कि चोरों के द्वारा केबल आभूषण की चोरी की गई है, जो करीब डेढ़ लाख की मूल्य की थी।

# सड़क निर्माण व नल जल का पाइप बिछाने से सरपंच ने रोका

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



**जानकारी**

- वार्ड सदस्य के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मिला बीडीओ, सीओ, एसडीएम

मधुबनी जिले के मधवापुर पंचायत के वार्ड नंबर-10 के वासी एवं ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ राजेश कुमार एवं सीओ रामकुमार पासवान से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। दिए ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने करीब डेढ़ सौ लोगों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन पदाधिकारियों को दी है।

जिसमें, स्थानीय सरपंच पर जबरन सड़क निर्माण एवं नल जल का पाइप बिछाने में रोक लगाने का आरोप लगाया है। आवेदकों ने इसकी प्रति स्थानीय थाना, एसडीएम एवं एसडीपीओ को भी दी है। बीडीओ राजेश कुमार एवं सीओ रामकुमार पासवान ने इस प्रतिनिधि मंडल को जल्द ही समस्या का स्थल निरीक्षण कर सरपंच से वार्ता कर समाधान करने का आश्वासन दिया है। यह है मामला : मुख्यालय पंचायत के सरपंच बलराम झा ने वार्ड संख्या 10 रामपुर गांव अंतर्गत टोले रामनगर में जाने वाली दो पंचायत मधवापुर एवं वासुकी बिहारी उत्तरी को जोड़ने वाली अंतर पंचायत सड़क निर्माण एवं नल जल योजना का पाइप बिछाने पर रोक लगा दी थी। जिसके कारण इस मोहल्ले के लोगों, ग्रामीणों एवं दोनों पंचायत के लोगों को जहां गांव, चौर, बाजार, स्कूल, कॉलेज सहित अन्य जगहों पर जाने आने में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं, मोहल्ले वासियों को 50 हजार गैलन क्षमता के बोरिंग चालु रहने के बावजूद नल जल योजना के शद्ध पीने के पानी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे, मोहल्ले वासियों एवं ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। बताते चलें कि इस सड़क के आगे एवं पीछे पीसीसी ढ़लाई कर दी गई है। जबकि, 119 फीट में सरपंच ने निर्माण पर रोक लगा दी थी।

इसपर मापी भी हुई एवं ग्रामीण स्तर पर वार्ड सदस्य संजय कुमार झा ने लोगों को ढ़लाई से पूर्व बैठाया था। लेकिन, हल नहीं निकल सका। जबकि, उक्त मोहल्ले के लोग वर्ष 1991 में सरपंच झा के पिता से सड़क के लिए जमीन की खरीददारी की थी। इस पर तत्कालीन मुखिया द्वारा एनआरईपी योजनांतर्गत खरंजाकरण भी कराया गया था। जिस पर दो वर्ष पहले शेष सड़क में सीएम सात निश्चय योजनांतर्गत ढ़लाई की गई थी। इधर सरपंच झा पहले तो पिता द्वारा स्वेच्छा से मूल्य लेकर दी गई जमीन एवं बनाए गए कागजात को नकार दिया और अब उनका कहना है कि उनकी जमीन बगल के भागीरथ झा के बगीचे में निकल रहा है।

जमीन के अंत में सड़क बनाने के लिए दे सकते हैं। जबकि, पहले से यह सड़क बना हुआ है। प्रतिनिधि मंडल में वार्ड सदस्य संजय कुमार झा, गत चुनाव में सरपंच के निकटतम प्रतिद्वंदी रहे चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव गणेश साह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष भागीरथ झा, सुधीर कुमार मिश्र, पूर्व वार्ड पंच नरेंद्र कुमार झा, फूल प्रकाश मिश्र शामिल थे।

### मत्स्यजीवी सहयोग समिति का चुनाव हुए सम्पूर्ण

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के फुलपरास प्रखंड मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड के अध्यक्ष व मंत्री समेत कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें लगातार तीसरी बार मंत्री सह कोषाध्यक्ष पद पर अशोक मुखिया ने जीत दर्ज किया है। वही अध्यक्ष पद पर महेंद्र नारायण मुखिया जीत दर्ज किए। वही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भुल्लर देवी, पूनम देवी, विवेका देवी, चंद्रकला देवी, देवकला देवी, रामसेवक मुखिया, देवेंद्र सहनी, राजेंद्र मुखिया, प्रमोद मुखिया, राजेंद्र मुखिया, जीतन मुखिया जीत दर्ज किए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार दास ने सभी निर्वाचित उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र दिया.इस चुनावी कार्यों का देखभाल में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी जयप्रकाश मंडल भी अपना योगदान दे रहे थे। मंत्री सह कोषाध्यक्ष पद पर कुल 630 वोट डाले गये, जिसमें 68 मत रदद् हुआ, जिसमें अशोक मुखिया को 337 मत प्राप्त हुए। वहीं नारायण सहनी को 198 मत एवं पुष्पांजलि देवी को 27 मत प्राप्त हुआ। वही अध्यक्ष पद के लिए कुल 630 वोट डाले गए 95 मत रदद् हुए, जिसमें महेंद्र नारायण मुखिया को 259 मत मिले वही सुगदेव मुखिया को 153 मत एवं देवन मुखिया को 123 मत प्राप्त हुआ।

# बेहटा मुख्य सड़क बना जलमग्न आने जाने वाले पर मंडरा रहा संकट



मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखण्ड अंतर्गत नगर पंचायत बेनीपट्टी के बेहटा मुस्लिम टोल के निकट मुख्य सड़क पर जल जमाव होने से लोग काफी परेशान हैं। यह मुख्य सड़क बेनीपट्टी से मधवापुर को जोड़ती है। प्रति दिन इसी सड़क से हजारों लोग अपने दिनचर्या के लिए गुजरते हैं, लेकिन इस सड़क के दोंनो तरफ लोगों के पक्के मकान होने से पानी की निकासी नहीं हो रही है और लगातार बारिश आफत बन कर इस मुख्य सड़क को तालाब का रूप देने में आमादा है। स्थानीय ग्रामीण मो० कलाम, मो० फूल बाबू, मो० जुबैर, मो० हीरा, मो० लाल, मो० फिरोज, मो० अंसार, मो० अख्तर, मो० सलाम, मो० गुलाब सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस पानी निकासी का एक मात्र उपाय सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण करवाना अनिवार्य हो गया है, अन्यथा किसी दिन कोई बड़ी समस्या उत्पन्न होने की आशंका हम तमाम ग्रामीणों के साथ साथ प्रति दिन गुजरने वाले हजारों लोगों को भी हो रही है। लोगों ने बताया कि हैरानी की बात यह भी है कि इस रास्ते से हमेशा किसी न किसी पदाधिकारीयों का रहगुजर होता रहता है, बावजूद इसके अब तक इस पानी की निकासी के लिए कोई स्थाई निदान नही हो पाया है, जिससे तमाम बेनीपट्टी नगर पंचायत के लोग चिंतित हैं। ग्रामीणों ने सरकार से मांग किया है कि इस समस्या से जल्द निजात दिलाया जाय और नाला निर्माण अविलंब कराया जाय, ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

# निर्माण कार्य में बरती गई अनियमीयत्ता में तकनीकी सहायक पर गिरी गाज

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

**मांग**

- पंचायत राज पदाधिकारी ने तकनीक सहायक को मांगा स्पष्टीकरण

मधुबनी जिले के बिस्फी के पंचायत में मुखिया द्वारा नाली बनाने में अनिमियता को लेकर से 22 जून को प्रमुखता से खबर चलाई गई थी, जिसका संज्ञान लेते हुए पंचायत राज पदाधिकारी बिस्फी द्वारा तकनीक सहायक पंकज कुमार पासवान को स्पष्टीकरण मांगा गया, एवं 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण का जबाव देने को कहा।

स्पष्टीकरण के माध्यम से पंचायत राज पदाधिकारी ने लिखा है की पंचायत राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत के सुदृढ़ीकरण एवं सशस्कती करण की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में आम लोगों को हो रहे सुविधा को देखते हुए विभिन्न तरह के आधारभूत संरचना का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे प्रावधान की विधि के अनुरुप कार्य का निष्पादन किया जाना है। वस्तु दुर्भाग्य के साथ अंकित करना है कि ग्राम पंचायत राज सिमरी में कार्यकारिणी एजेंसी द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण में प्रयुक्त किए जा रहे घटिया सामग्री का प्रयोग सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो काफी दुखद स्थिति को दशार्ता है। साथ ही पत्रकार से बातचीत के कॉल रेकॉर्डिंग से भी यह दशार्ता है कि आपके द्वारा मुखिया से संलिप्तता से इस तरह के घटिया कार्य किया जा रहा हैं।

पंचायती राज विभाग द्वारा आप की नियुक्ति इन महान कार्यों को प्रबलन बनाने एंव अनुश्रवन करने एवं प्रबलन कराने का निर्देश प्राप्त है।

स्थल पर वास्तविक रूप से कराए जा रहे कार्य की मापी में भी करना अधिक प्रमुख दायित्व है, परंतु देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा परिकलन उपलब्ध कराने के बाद क्रिया वित्त की जा रही योजनाओं का परीक्षण जांच नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण कार्यकारिणी एजेंसी द्वारा मनमानी ढंग से घटिया किस्म के निर्माण सामग्रियों का धड़ल्ले से बिना डर करें उपयोग किया जा रहा है।

### स्थापना दिवस को सफल बनाने को ले शिक्षकों ने की बैठक

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के हरलाखी में बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ (मूल) प्रखण्ड इकाई की बैठक दीनदयाल उच्चप्लस टू उच्च विद्यालय उमगांव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अमरेश कुमार सिंह व संचालन मंटु महतो ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आगामी एक जुलाई को मधुबनी स्थित विवाह भवन में आयोजित संघ के 16वां स्थापना दिवस को सफल बनाने हेतू प्रखंड संघ के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को हर हाल में भाग लेना जरूरी है। वहीं संतोष कुमार राय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष होने वाली स्थापना दिवस समारोह हमारे संघ के संघर्ष को जीवन्त बनाए रखती है। वहीं शिक्षक मनौवर अली ने कहा कि करीब पन्द्रह वर्षो में संगठन के नेतृत्व में कई मांगो को सरकार ने पूरा किया, लेकिन समान काम के बदले समान वेतनमान, पुरानी पेंशन, ऐक्षिक स्थानांतरण आदि पुरा नहीं हो सका, जिसको लेकर आने वाले समय में संघ की ओर से संगठित होकर आन्दोलन किया जाएगा। बैठक में संजीव कुमार यादव, जय कुमार, मोजिबुर रहमान, रामदेव पासवान सनाउल्लाह सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

# जयनगर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जलजमाव से आम जीवन अस्त-व्यस्त

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के सीमांचल क्षेत्र स्थित जयनगर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण जलजमाव व कीचड़ की वजह से अनुमंडल क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आम जीवन अस्त-व्यस्त हो गया हैं। रुक-रुक कर लगातार वर्षा वृष्टि होने से क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों में एवं सड़कों पर जलजमाव और कीचड़ हो गई हैं। नाला निर्माण और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर जलजमाव और कीचड़ समस्या उतपन्न हो गया हैं।

जिससे आम जीवन अस्त व्यस्त और रोज मर्रा की जिंदगी भी काफी प्रभावित हुई हैं। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। वर्षा से अनुमण्डल कार्यलय परिसर और परिसर स्थित विभिन्न विभागों के सरकारी और निजी कार्यलयों एवं अशोक बाजार निधि कम्पेक्स मार्केट सब्जी मंडी बाजार के परिसर में भी जलजमाव और कीचड़ हो गया। वही प्रखण्ड सह अंचल कार्यलय परिसर, वकालत खाना एव अग्निशमन विभाग के कार्यलय में भी जलजमाव और कीचड़ से पदाधिकारियों, कर्मियों, अधिवक्ताओं और आम लोगों को भी दैनिक और सरकारी कार्य करने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पर रहा है। वही राहगीरों आम लोगों को आवागमन में भी परेशानी हो रही है। जलजमाव से क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के कई घरों में पानी चला गया हैं। बदबू और गन्दा पानी होने से संक्रमण का भी खतरा बढ़ गया हैं। आम लोग स्वयं ही जलजमाव के कारण सुबह होते ही वर्षा में ही निजी मोटर लगाकर और वैकल्पिक व्यवस्था कर जलजमाव को जलनिकासी करते देखें गये। कई मुहल्ले तो जलजमाव होने से झील में तब्दील हो गया हैं। एफसीआई गोदाम परिसर में भी जलजमाव कीचड़ होने से वाहन चालकों अनाज लोर्डिंग आवागमन करने और कर्मियों मजदूरों को कार्य करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यू-टाईप सड़क पर भी जलजमाव व कीचड़ से आवगमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। क्षेत्र में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से यह परेशानी लगातार बढ़ती ही जा रही हैं।

# जलजमाव की समस्या से त्रस्त होकर लोगों ने जाम किया सड़क मार्ग, आवागमन बाधित

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के फुलपरास नगर पंचायत के सिसवा बरही गांव में मानसून की शुरूआत से ही जलजमाव की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने फुलपरास-खुटौना मुख्य पथ को जाम कर समस्या से निजात पाने को ले अपनी मांग को लेकर सड़क पर दिखे। चंद्रवीर नारायण यादव के अगुवाई में सिसवा बरही गांव के सैकड़ों लोगों की संख्या में मुख्य सड़क को घंटो जाम किया।

चंद्रवीर नारायण यादव ने बताया कि सड़क के सड़क किनारे नाला का जाम हो जाने एवं कुछ लोग के द्वारा नाला को जाम कर दिए जाने के कारण गांव में जलजमाव की स्थिति 3 से 4 फीट हो जाती है, जिससे लोगों को घरों में रहना दुर्लभ हो जाता है। जलजमाव निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरे बरसात में लोगों को कष्टमय जीवन व्यतीत करना पड़ता है। लंबे समय तक पानी जमा रहने के कारण महामारी फैलने की आशंका रहती है। इस समस्या के समाधान के लिए कई बार स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया गया है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। वही इधर सड़क जाम होने की खबर मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार फुलपरास सीओ मनोज कुमार थानाध्यक्ष ललन प्रसाद चौधरी जाम स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम को हटाया। एसडीओ श्री कुमार ने समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित करते हुए कहा गया कि जल जमा निकासी को लेकर पानी बहाव का जो मानचित्र हैं, उसको जल्द से जल्द सुदृढ़ करते हुए जलजमाव की निकासी करें या फिर जहां लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर जलजमाव की स्थिति बनाने की कोशिश की जा रही है, उसे चिन्हित कर कार्रवाई करें।

### पत्थरबाजी में एक पुलिसकर्मी घायल, अस्पताल में भर्ती

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के खुटौना प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण भवन में हुए मत्स्यजीवी सहयोग समिति के चुनाव कल देर शाम तक वोटिंग का काम जारी रहा। मतगणना का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। मतगणना में देवनारायण मुखिया तथा रंजीत मुखिया के बीच कड़ा मुकाबला था और काफी उठापटक के बीच दे देवनारायण मुखिया मंत्री सह कोषाध्यक्ष पद पर 51 मतों से जीत दर्ज की। हार की खबर सुनते ही विपक्षी लोगों ने एकजुट होकर प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार पर लोहे से बने मेन गेट पर महिलाओं को आगे कर दिया तथा ग्रील को तोड़ना शुरू कर पीछे से लोगों ने ड्यूटी पर खड़े पुलिसकर्मियों पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया, जिसमें खुटौना थाना के एएसआई योगेंद्र यादव बुरी तरह से घायल हो गए हैं। भगदड़ के बीच एएसआई यादव के बाएं आंख के नीचे पत्थर लगी, जिससे उनका पूरा शरीर लहूलुहान हो गया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा।

# एसपी ने मधवापुर थाना का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के मधवापुर में बुधवार को एसपी सुशील कुमार ने मधवापुर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन डायरी, प्राथमिकी पंजी, गुंडा पंजी, सनहा पंजी, कांड दैनिकी, मालखाना, डोसियर, अपराध पंजी, निरीक्षण पंजी, अनुसंधान पंजी सहित कई पंजियों एवं अभिलेखों के रख रखाव आदि का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

साथ ही एसएचओ राजकुमार मंडल को लंबित कांडों का निष्पादन जल्द करने, अपराध नियंत्रण के लिए सीमा पर गश्त तेज करने, शराब कारोबार में लगे धंधेबाजों के यहां अभियान चलाकर छापेमारी करने, उनके द्वारा अर्जित संपत्तियों को चिन्हित करने, नियमित रूप से ससमय दिवा, संध्या, रात्रि गश्ती निकालने, निर्धारित चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। इस क्रम में उन्होंने संपूर्ण थाना परिसर के रखरखाव, साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संतोष व्यक्त किया।

एसपी कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं चौकीदारों को क्षेत्र में सजग रहने तथा फरार वारंटियों को स्पेशल एस ड्राइव चलाकर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। चौकीदारों को उन्होंने अपने इलाके के महाल का क्राइम डायरेक्टरी बनाने और इसकी सूचना थानाध्यक्ष को हर दिन देने का निर्देश दिया।

इस क्रम में उन्होंने कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों एवं चौकीदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इससे पूर्व थाना आगमन एवं प्रस्थान पर उन्हें जवानों द्वारा सलामी दी गयी।

# अग्निपथ योजना देश के छात्र नौजवानों के साथ धोखा : सांसद रंजीत रंजन



मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

अग्निपथ योजना देश के छात्र नौजवानों के साथ छलावा और भारतीय सेना का अपमान बता है। उक्त बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सह राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने कही है। आगे उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के लाखों करोड़ों छात्र नौजवानों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। अग्निपथ योजना को देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। भाजपा नेता देश की सेना का भी मजाक बनाकर रख दिया है।

कहता है अग्निवीर को चार साल के बाद भाजपा कार्यालय में चौकीदारी में नियुक्त किया जाएगा। ऐसी ओछी मानसिकता रखने वाले लोग इस देश को कहा ले जाना चाहते है। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने चंद कॉरपोरेट घरानों को खुश करने के लिए करोड़ों रुपए मुनाफा कमाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न एवं मिनी नवरत्न कंपनियों को औने पौने कीमत पर बेच रही है।

# मजदूरी हेतू बच्चों के ले जाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के जयनगर रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा दो नाबालिक बच्चों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा दो नाबालिक बच्चों को एक युवक के साथ देखा जो संदेहास्पद जान पड़ रहा था। जयनगर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13185(गंगा सागर एक्सप्रेस) में एक व्यक्ति को दो नाबालिक बच्चों को संदेहास्पद दृष्टि से ले जाने के बावत उक्त गाड़ी जयनगर पहुँचने पर उक्त व्यक्ति व साथ दोनों नाबालिक बच्चों को रेलवे सुरक्षा बल ओपी जयनगर लाया गया।

जिससे पूछताछ करने पर दोनों बच्चों को ले जाने वाले व्यक्ति द्वारा अपना नाम विक्की कुमार, उम्र-19 वर्ष, पिता- कृष्णा यादव, सा-.बेलापुर,पोस्ट- सोनों, थाना- चक्का पत्थर,जिला- जमुई बताया गया। दोनों नाबालिक बच्चो से पूछने पर अपना नाम ०पता क्रमशः रोहित कुमार, उम्र-12 वर्ष, पिता-फुटलीया मांझी, ग्राम पंचपडी, पोस्ट+थाना खैरा, जिला-जमुई एवं नीरज कुमार, उम्र -11वर्ष, पिता-विनोद मांझी, ग्राम- पंचपडी, पोस्ट+थाना-खैरा, जिला- जमुई बताया। बच्चों को ले जाने वाले व्यक्ति विक्की कुमार से आगे पूछताछ करने पर बताया कि जनकपुर (नेपाल) में अपने मिठाई की दुकान पर मजदूरी का काम कराने हेतु लेकर जा रहा हूँ, जिसके एवज में दोनों नाबालिक बच्चो के परिजनों को 1000-1000 रुपया महिना देने का करार किया हूँ।

इसके उपरांत रे.सु.ब. ओपी जयनगर के द्वारा अग्रिम कानूनी कार्यवाही वास्ते एक प्राथमिकी के साथ पकड़े गये व्यक्ति विक्की कुमार व दोनों नाबालिक बच्चों को राजकीय रेल थाना जयनगर को सुपुर्द किया गया। जहां से व्व दोनों बच्चे जयनगर चाइल्ड लाइन सब सेन्टर कर्मी वकील यादव एवं सबिता देवी को सुपुर्द कर दिए गए, जिसको दोनों कर्मियों ने बाल संरक्षण समिति, मधुबनी में अग्रेतर करवाई हेतु सुपुर्द कर दिया।

# दीक्षांत समारोह को लेकर बैठक हुइ संपन्न

मधेपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में तीन अगस्त को निर्धारित चतुर्थ दीक्षांत समारोह के आयोजन की तैयारियाँ चल रही हैं।

समारोह के सफल आयोजन हेतु कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों, सभी संकायाध्यक्षों एवं सभी विभागाध्यक्षों की बैठक अपराह्न दो बजे से केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में आयोजित की गई। इसमें विभिन्न समितियों के गठन पर विचार किया गया। इनमें अनुश्रवण एवं निर्देशन समिति, प्रमाण पत्र तैयारी समिति, इवेंट मैनेजमेंट समिति, परिधान समिति, आतिथ्य एवं भोजन समिति, आवास एवं परिवहन समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, प्रेस समिति के नाम शामिल हैं। बैठक में प्रति कुलपति डॉ. आभा सिंह, वित्तीय परामर्शी डॉ. नरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, डीएसडबल्यू डॉ. पवन कुमार, कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका, सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजूम, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. उषा सिन्हा, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार, लम्बोदर झा, डॉ. नरेश कुमार, आर. पी. राजेश, डॉ. ललन प्रसाद अद्री, डॉ. गजेन्द्र कुमार, डॉ. मो. अबुल फजल, डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. शंकर कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे। कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण ने बताया कि वर्ष 2020 एवं 2021 में कोरोना संक्रमण के खतरों कारण दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं हो सका था। लेकिन अब राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान ने तीन अगस्त को विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। हम सबों को मिलकर इस समारोह को भव्य एवं यादगार बनाना है।

# 30 सितंबर तक मिलेगी मुफ्त राशन सुविधा: केजरीवाल

## दिल्ली के करीब 73 लाख लोगों को केजरीवाल सरकार ने दी बड़ी राहत

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के करीब 73 लाख लोगों बड़ी राहत देते हुए सितंबर 2022 तक फ्री राशन मुहैया कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में फ्री राशन वितरण योजना को 30 सितंबर, 2022 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

किन्हें मिलेगा फायदा दिल्ली सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान रोजगार गंवाने वाले और महंगाई से जूझ रहे लोगों के लिए यह बड़ी राहत दी है। कैबिनेट के इस निर्णय से दिल्ली के 72,77,995 राशन कार्ड धारकों को 30 सितंबर, 2022 तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा।

क्यों बढ़ी फ्री राशन की टाइमिंग

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कोरोना को देखते हुए दिल्ली सरकार लोगों को फ्री राशन दे रही है। इस स्कीम को 30 सितंबर तक और आगे बढ़ा दिया गया है। दिल्ली के लोगों को आने वाले महीनों में भी बिल्कुल मुफ्त राशन मिलता रहेगा।



कब तक मिलेगी सुविधा

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कोरोना को देखते हुए दिल्ली सरकार लोगों को फ्री राशन दे रही थी। राशन की दुकान से आपको जो राशन मिलता है, वह राशन सरकार काफी कम पैसे में देती है, लेकिन पिछले कुछ सालों से दिल्ली सरकार वह भी पैसा नहीं ले रही थी। उस स्कीम को 30 सितंबर तक और आगे बढ़ा दिया गया है। अब आने की आने वाले महीनों में भी आपको बिल्कुल मुफ्त राशन मिलता रहेगा।

72 लाख से ज्यादा लाभार्थी होंगे लाभान्वित इससे पहले, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में आज दिल्ली सचिवालय में कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। इसमें कई प्रस्ताव रखे गए और कैबिनेट ने उन पर विचार विमर्श किया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री की तरफ से कैबिनेट में फ्री राशन वितरण योजना को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव में बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दिल्ली में 72,77,995 लाभार्थी हैं। एनएफएसए के अनुसार, प्रत्येक लाभार्थी (पीएचएच) को 4 किलो गेहूं और एक किलो चावल दिया जाता है। साथ ही, एएवाई कार्ड धारक को गेहूं और चावल के अतिरिक्त एक किलोग्राम चीनी भी दी जाती है। कोरोना के कारण आजीविका पर पड़ा था प्रभाव

कोविड-19 का हवाला देते हुए कहा कि कोरोना के प्रसार और लॉकडाउन आदि के निवारक उपायों के कारण लोगों की आजीविका पर काफी प्रभाव पड़ा है। लोगों को इसमें थोड़ी राहत देने के लिए दिल्ली सरकार, सभी पीडीएस लाभार्थियों को एनएफएसए के तहत मिलने वाला राशन मुफ्त में वितरित करती है। इसके तहत अप्रैल, 2020 से नवंबर, 2020 और मई 2021 से अभी तक मुफ्त राशन का वितरित किया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने अपने नागरिकों को महंगाई और कोविड-19 के प्रभाव से राहत प्रदान करने के लिए फ्री राशन वितरण योजना की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया। कैबिनेट में लाए गए प्रस्ताव पर सर्व सम्मति से विचार-मंथन किया गया और फ्री राशन वितरण योजना की अवधि को बढ़ाकर 30 सितंबर 2022 तक कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि एनएफएसए अधिनियम 2013 के अंतर्गत निर्धारित पात्रता के अनुसार, प्रवासी श्रमिकों, असंगठित श्रमिकों, निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों, घरेलू सहायिका समेत जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है, उन जरूरतमंद लोगों को 5 किलो खाद्यान्न मुफ्त दिया गया। जिसमें प्रति व्यक्ति प्रति माह 4 किलो गेहूं और एक किलो चावल शामिल है।

# फेसबुक पर सस्ती कार बेचने का झांसा देकर ठगने वाले तीन दोस्त गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने फेसबुक पर सस्ती कार बेचने का विज्ञापन देकर लोगों से ठगी करने वाले तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में शिवम, अक्षय और आनंद शामिल हैं। इनके पास से एक फॉर्च्यूनर कार भी बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त ईशा पांडेय ने बताया कि नौ जून को लाजपत नगर थाने में किशन राम ने ठगी की शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि तीन लोगों ने उससे कार बेचने के बहाने चार लाख 62 हजार रुपए ठग लिए। उन्होंने फेसबुक पर फॉर्च्यूनर कार की बिक्री के बारे में आठ लाख 25 हजार रुपए का विज्ञापन देखा था। कीमत बेहद कम थी। उन्होंने कार खरीदने की योजना बनाई। आरोपियों ने उन्हें लाजपत नगर बुलाया। वह एक गेस्ट हाउस में आरोपियों से मिला और कार देखी। सौदा छह लाख 30 हजार रुपए में तय हो गया। पीड़ित ने चार लाख 62 हजार रुपए का भुगतान कर दिया। शेष राशि आरटीजीएस के माध्यम से देने को कहा। मगर आरोपी पीड़ित को गच्चा देकर कार और कैश लेकर फरार हो गए। उन्होंने अपना फोन भी बंद कर लिया। पुलिस ने मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकाली। बैंक खातों की भी जानकारी जुटाई। पुलिस को पता चला कि कैश अक्षय नाम के एक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर किया गया था। आरोपी का फोन नंबर हरियाणा के महेंद्रगढ़ में चालू मिला। आरोपियों के बारे में सुराग मिलते ही पुलिस ने अक्षय को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास कार मिल गई। पूछताछ के बाद उसके दो दोस्त शिवम और आनंद को भी दबोच लिया गया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने जल्द पैसा कमाने के चक्कर में धोखाधड़ी का धंधा शुरू किया था। उन्होंने पीड़ित से मिली रकम को हिल स्टेशनों में घूमने-फिरने और मौज मस्ती में खर्च कर दिया। फिलहाल पुलिस यह जानने में जुटी है कि आरोपी कितने लोगों को शिकार बना चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में घरेलू झगड़े के दौरान पति पर पत्नी ने चाकू से हमला किया

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के पालम गांव इलाके में घरेलू झगड़े के दौरान एक व्यक्ति पर उसकी पत्नी ने चाकू से कथित तौर पर हमला कर दिया, जिसमें व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को हुई इस घटना में संजय नामक व्यक्ति को मामूली चोटें आईं हैं और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त मनोज सी के मुताबिक, दोनों ने तीन साल पहले शादी की थी। सोमवार को रात करीब साढ़े 11 बजे किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसी दौरान महिला ने अपने पति पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें वह मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद घायल संजय को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### वायरल वीडियो के मामले में डीसीडब्ल्यू के नोटिस के बाद पुलिस दर्ज किया केस

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो पर स्वतः संज्ञान लिया था जिसमें एक आदमी द्वारा एक लड़की को उसके धर्म के आधार पर धमकी देते और दुर्व्यवहार करते दिखाया गया था। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने 26.06.2022 को दिल्ली पुलिस साइबर क्राइम सेल को नोटिस भेजकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। उक्त वीडियो में एक व्यक्ति को एक छोटी लड़की को गालियां देते और लड़की से सम्बंधित धार्मिक समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सुना जा सकता है। वह आदमी उस छोटी लड़की को धमका रहा था रहा था जो डरी और सहमी हुई दिख रही थी। वह आदमी उसी वीडियो में एक छोटे लड़के को भी धमका रहा था और उसे गाली दे रहा था और एक विशेष धार्मिक समुदाय से संबंधित होने के कारण उसे निशाना बना रहा था। वीडियो में शख्स बच्ची से पूछ रहा था कि क्या वह किसी खास धर्म की है, फिर उसे पीटने की धमकी दे रहा था और अपने धर्म को गाली देने के लिए कह रहा था। इस संबंध में दिल्ली पुलिस ने डीसीडब्ल्यू को सूचित किया है कि मामले में दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल द्वारा आईपीसी की धारा 295अ /298/504 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने डीसीडब्ल्यू को बताया है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपितों की पहचान करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा, दिल्ली पुलिस ने वीडियो को हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नोटिस भी जारी किया है। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, वीडियो काफी भयावह और सांप्रदायिक है। एक छोटी बच्ची को उसके धर्म को लेकर साफ तौर पर निशाना बनाया जा रहा था। डीसीडब्ल्यू के नोटिस के बाद दिल्ली पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### उपराज्यपाल संवैधानिक व्यवस्था को ध्वस्त करने, सरकार के फैसलों को पलटने की न करें कोशिश : आतिशी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल के बीच अब खाई बढ़ती दिखाई दे रही है। बुधवार को आप की वरिष्ठ नेता व विधायक आतिशी ने उपराज्यपाल पर पब्लिक प्रॉसिक्यूटर स्टैंडिंग काउंसिल की नियुक्ति प्रक्रिया को उपराज्यपाल पर अडंगा लगाने के आरोप लगाए। उन्होने कहा कि पूर्व एलजी ने नियुक्तियां मंजूर की थी, चयनित लिस्ट को दिल्ली उच्च न्यायालय के 40 जजों ने अनुमति दी, लेकिन नए उपराज्यपाल ने यह कह कर रोक लगा दी है कि अब वह फैसला करेंगे। आतिशी ने कहा कि अगर सरकारी वकीलों को नियुक्त करने की प्रक्रिया को और लंबित किया जाता है तो इससे नुकसान जनता को होगा। दिल्ली में होने वाले सभी अपराधों के खिलाफ जब मामला कोर्ट में जाता है तो उसे पब्लिक प्रॉसिक्यूटर लड़ता है। ऐसे में दिल्ली के जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय में जो आपराधिक मामले चल रहे हैं, उनमें रोक लगी हुई है। आतिशी ने कहा कि जिस दिन से उपराज्यपाल ने शपथ ली, उसी दिन से उन्होंने दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था ध्वस्त करने की कोशिश की है। आप विधायक ने कहा कि उपराज्यपाल के पास केवल जमीन, पुलिस और कानून एवं व्यवस्था है। बाकी सभी विभाग में उनको कैबिनेट की सलाह पर जाना पड़ेगा।

# तीन फैक्टरियों में लगी भीषण अग

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

बाहरी जिले के मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक खाद्य तेल के गोदाम में बुधवार सुबह करीब तीन बजे भीषण आग लग गई। आग की सूचना से आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पड़ोस के तमाम इमारतों को खाली करा लिया गया। आग इतनी भीषण थी कि उसने अपने पास की दो फैक्टरियों को अपनी चपेट में ले लिया।

मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं दमकल विभाग की 26 गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल दमकल विभाग कूलिंग का काम कर रहे है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि बुधवार सुबह करीब तीन बजे दमकल विभाग को सूचना मिली कि मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित



एक खाद्य तेल के गोदाम में आग लग गई है। आग इमारत के बेसमेंट से शुरू होकर तीसरी मंजिल तक जा पहुंची। आग इतनी भीषण थी कि उसने अपने पास की दो अन्य फैक्टरियों को भी अपनी चपेट में लिया। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर सुबह छह बजे तक काबू पाया। दो अन्य फैक्टरी में घर में इस्तेमाल होने वाली बिजली के उपकारण एवं किताबों का काम होता था। दमकल विभाग के मुताबिक फैक्टरी में केमिकल और पाम ऑयल बनता है।

# नड्डा के आवास के बाहर हंगामा करने वाले एनएसयूआई के 4 सदस्यों को जमानत मिली

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास के बाहर हंगामा करने पर गिरफ्तार किए गए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के चार सदस्यों को दिल्ली की एक अदालत ने जमानत दे दी है। मंजूषा वाधवा की अवकाश पीठ ने 28 जून के आदेश में कहा, आवेदकों की भूमिका, उनके स्पष्ट पूर्ववृत्त के साथ-साथ इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मुख्य आरोपी को जमानत में भर्ती कराया गया है, आवेदक भी समानता के आधार पर जमानत के हकदार हैं।

अदालत ने अनुशेष शर्मा, प्रणव पांडे, जगदीप सिंह, सर्वोत्तम राणा को 30,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानत पर जमानत दे दी। उन पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं- 188, 146, 147, 149, 278, 285, 307, 436, 120बी के तहत आरोप लगाया गया है। इन पर एक लोक सेवक द्वारा घोषित आदेश



की अवज्ञा, गैरकानूनी सभा करना, हत्या का प्रयास जैसे आरोप लगाए गए हैं।

आवेदकों की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्होंने 21 जून को नड्डा के घर के बाहर आंदोलन में भाग लिया था और किसी को मारने का उनका कोई इरादा नहीं था। यह आगे प्रस्तुत किया गया है कि आवेदकों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और उन्हें वर्तमान मामले में झूठा फंसाया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि मुख्य आरोपी विशाल चौधरी, जिसने खाकी शॉर्ट पैंट को दो डंडों के किनारे पर लपेटकर आग लगा दी थी और बंगले के गेट पर रख दिया था, को 25 जून को जमानत दे दी गई। उन्होंने कहा कि आवेदक केवल दो मुख्य आरोपियों के पीछे नारे लगा रहे थे।

लोक अभियोजक ने तर्कों का विरोध नहीं किया और यह भी विवाद नहीं किया कि आवेदकों ने घटना के दौरान किसी भी व्यक्ति को संपत्ति को नुकसान या चोट नहीं पहुंचाई है। कोर्ट को सीसीटीवी फुटेज भी दिखाई गई। दलीलें सुनने के बाद जमानत देते हुए अदालत ने आरोपी व्यक्तियों को निर्देश दिया कि वे सबूतों के साथ छेड़छाड़ न करें या गवाहों को किसी भी तरह से धमकाएं नहीं और अदालत की अनुमति के बिना दिल्ली एनसीआर के अधिकार क्षेत्र से बाहर न निकलें। इसने उन्हें प्रकृति के समान किसी भी अपराध में शामिल नहीं होने के लिए भी कहा।

# अग्निपथ योजना के खिलाफ वामपंथ छात्र संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

जंतर-मंतर पर आईसा और एसएफआई सहित तमाम लेफ्ट छात्र संगठनों ने अग्निपथ योजना का विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने केंद्र सरकार से अग्निपथ योजना को तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही कहा कि अग्निपथ योजना युवा और देश विरोधी है। वहीं अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने बताया कि चार साल के कॉन्ट्रैक्ट के नाम पर युवाओं को बेवकूफ बनाया जा रहा है। सरकार को अपनी इस स्कीम को तत्काल वापस लेना होगा। साथ ही सरकार यह सुनिश्चित करे कि तमाम सरकारी पद जो खाली पड़े हैं उन पर तत्काल भर्ती शुरू हो। इसके अलावा प्रदर्शनकारी ने कहा कि पिछले कई वर्षों के अगर आंकड़ों को देखें तो लोगों के रोजगार खत्म हुए हैं। देश में अब तक सबसे अधिक बेरोजगारी है। मौजूदा सरकार ने केवल जुमले देने का काम किया है। चाहे वो 15



लाख रुपए हो या दो करोड़ रोजगार की बात। वास्तविकता यह है कि रोजगार कम हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चार साल बाद अग्निपथ योजना के तहत हम बेरोजगार हो जाएंगे। वे यह बताएं कि जो लोग रिटायर हुए हैं उनमें से कितने लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावा एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि यह अग्निपथ योजना नहीं बल्कि विनाश पथ योजना है। देश के युवाओं को सरकार अग्निपथ योजना के नाम पर ठग रही है। साथ ही कहा कि बीजेपी की ऑफिस में एक चौकीदार के अलावा कोई और काम नहीं मिलेगा। यह युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

# शिक्षकों को पदोन्नति का एरियर जल्द जारी किया जाए :डीटीए

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन (डीटीए) के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल व उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया से दिल्ली सरकार से सम्बद्ध पूर्ण वित्त पोषित12 कॉलेजों की ग्रांट तुरंत रिलीज करने की मांग की है और बताया है कि कुछ कॉलेजों के शिक्षकों को पिछले दो महीने से सैलरी ना मिलने से स्थायी, तदर्थ, अतिथि शिक्षकों व संविदा पर काम कर रहे कर्मचारी भयावह आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कॉलेजों की ग्रांट रिलीज कराने की मांग को लेकर डीटीए का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से मिलेगा। हालांकि इससे पहले डीयू के कुलपति से भी मिले थे उन्होंने भी आश्वासन दिया था कि इस संदर्भ में वे दिल्ली सरकार से बातचीत कर समाधान निकालेंगे । डीटीए के अध्यक्ष डॉ. हंसराज 'सुमन ' ने बताया है कि दिल्ली सरकार के पूर्ण वित्त पोषित 12 कॉलेजों के शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल उनसे मिला और उन्होंने बताया कि उनके यहाँ हजारों शैक्षिक और गैर शैक्षिक कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे है हैं। कुछ कॉलेजों को तो दो महीने से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने यह भी बताया है कि शिक्षकों की पदोन्नति हुए महीनों बीत चुके हैं लेकिन उन्हें एरियर का भुगतान आज तक नहीं हुआ, इसी तरह से उनके मेडिकल बिल भी किलयर नहीं हुए। शिक्षकों ने बताया कि उनके कॉलेजों में बहुत से अतिथि, एडहॉक और कंट्रक्चुअल कर्मचारियों को हर महीने मकान का किराया, ईएमआई ,मकान की किस्त, गाड़ी की किस्त ,बच्चों की फीस आदि भरनी पड़ती है, वे ब्याज पर पैसे लेकर किश्त भर रहे हैं। डॉ. हंसराज सुमन ने उन्हें आश्वासन दिया है कि दिल्ली सरकार के वित्त-पोषित 12 कॉलेजों की ग्रांट जल्द ही जारी कराने का प्रयास किया जाएगा। डॉ. सुमन का कहना है कि 12 कॉलेजों की ग्रांट रिलीज ना होने से इससे न केवल वेतन भुगतान प्रभावित हुआ है, बल्कि चिकित्सा बिल, सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य विकास व्यय भी लंबित हैं। उन्होंने दिल्ली सरकार से मांग की है कि शिक्षकों की पदोन्नति का एरियर भी उन्हें जल्द जारी किया जाए। उनका कहना है कि 20 जुलाई 2022 से दिल्ली विश्वविद्यालय का नया शैक्षिक सत्र शुरू हो रहा है।

### दिल्ली के केमिकल गोदाम में लगी आग

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार तड़के एक केमिकल गोदाम में आग लग गई। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर सामने नहीं आई है। अधिकारी ने बताया कि उन्हें पश्चिमी दिल्ली के मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 में एक केमिकल गोदाम में तड़के 3.05 बजे आग लगने की घटना की सूचना मिली, जिसके बाद 20 दमकल गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। चूंकि आग भीषण थी, इसलिए छह और दमकल कर्मियों को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। इस बीच पुलिस ने बताया कि आग की घटना राज पार्क क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में आती है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने कहा, यह एक केमिकल गोदाम था जिसमें शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जूते साफ करने और धोने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कुछ केमिकल को यहां रखा गया था। समीर शर्मा ने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जिस वक्त आग लगी, तब गोदाम में केवल चौकीदार ही मौजूद था। उन्होंने कहा, घटना की जांच की जा रही है।

# फर्जी विज्ञापन के जरिए फेसबुक पर लोगों को ठगने के आरोप में 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

फेसबुक पर कार बेचने का विज्ञापन डालकर लोगों को ठगने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक,अक्षय (27), शिवम (22) और आनंद शर्मा के रूप में पहचाने गए तीनों आरोपियों ने ठगी के पैसे को एक हिल स्टेशन की सैर पर खर्च किया। विवरण प्रस्तुत करते हुए पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) ईशा पांडे ने कहा कि 9 जून को लाजपत नगर पुलिस स्टेशन में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा था कि उन्हें अपनी कार बेचने के बहाने तीन लोगों ने 4,62,000 रुपये ठग लिए थे। शिकायतकर्ता ने फेसबुक पर एक फॉर्च्यूनर कार की बिक्री के संबंध में एक विज्ञापन देखा और उसने इसे खरीदने की योजना बनाई, जिसके बाद उसने कथित लोगों से संपर्क



किया। विक्रेता ने उसे लाजपत नगर में मिलने के लिए कहा। डीसीपी ने कहा, जब शिकायतकर्ता उनके पास गया तो उसने उस कार को भी देखा जो उसे खरीदनी थी। सौदा 6,30,000 रुपये में तय किया गया था, जिसमें से उसने उन्हें 4,62,000 रुपये का भुगतान किया और उनसे कहा कि वह बाकी रकम का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से करेगा। उन्होंने बताया कि आरोपी व्यक्ति शिकायतकर्ता द्वारा दी गई नकदी लेकर उसी कार में सवार होकर भाग गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। एक पुलिस टीम का गठन किया गया था, जिसने शेष राशि को स्थानांतरित करने के लिए आरोपी लोगों द्वारा शिकायतकर्ता को दिए गए बैंक खाते के विवरण का विश्लेषण किया था। डीसीपी पांडे ने कहा, विश्लेषण के बाद यह पाया गया कि धन अक्षय नाम के एक व्यक्ति के खाता संख्या में स्थानांतरित किया गया था। उसका मोबाइल हरियाणा के महेंद्रगढ़ में नंबर चल रहा था।इसके बाद, एक छापेमारी की गई और आरोपी अक्षय को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके दो साथियों शिवम और आनंद को दिल्ली के साकेत में पकड़ा गया।

सूचना तीन क्षेत्रों में नई सीवरेज लाइन और पानी की समस्या पर काम शुरू

# राजेंद्र नगर उपचुनाव जीतने के बाद पहले ही दिन एक्शन मोड में नजर आए दुर्गेश पाठक

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आप विधायक दुर्गेश पाठक ने आज राजेंद्र नगर में सीवरेज के काम की शुरूआत के लिए तीन स्थानों का जायजा लिया। काम के पहले दिन उन्होंने अधिकारियों के साथ गुरुद्वारे में जाकर नई सीवरेज लाइन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, नई पानी की पाइपलाइन और गुरुद्वारे के ओल्ड एज होम के पार्क में जिम बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद पीडब्ल्यूडी की शंकर रोड पर चल रहे वर्षा जल संचय के कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच के आदेश दिए। पांडव नगर में सीवरेज के काम की समीक्षा की और कल दिल्ली जलबोर्ड और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को साइट पर बुलाकर विस्तार से चर्चा करेंगे। दुर्गेश पाठक ने कहा कि उपचुनाव के दौरान राजेंद्र नगर की जनता से सीवरेज और पानी की समस्या दूर



करने का वादा किया था। अब उसको पूरा करने का समय आ गया है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजेंद्र नगर के विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि उपचुनाव के दौरान राजेंद्र नगर की जनता से वादा किया था कि यदि उन्होंने मुझपर विश्वास दिखाया और आम आदमी पार्टी का विधायक चुना तो उनकी सभी समस्याओं को दूर करूंगा। सबसे पहले राजेंद्र नगर की जनता को मुझमें विश्वास दिखाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। राजेंद्र नगर में लोग सबसे ज्यादा सीवरेज और पानी की समस्या से परेशान हैं इसलिए आज अपने वादे को पूरा करने की ओर पहला कदम उठाया। सबसे पहले राजेंद्र नगर स्थित गुरुद्वारा में सीवरेज और पानी के काम के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। इस काम की पूरी प्रक्रिया को कैसे अंजाम देना है, उसपर चर्चा की। चर्चा के बाद अधिकारियों के साथ गुरुद्वारे में जाकर सीवरेज लाइन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, नई पानी की पाइपलाइन लगाने के निर्देश दिए। बुजुर्गों की सुविधा के लिए गुरुद्वारे के ओल्ड एज होम के पार्क में जिम बनाने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि गुरुद्वारे के बाद हम पीडब्ल्यूडी के शंकर रोड पर चल रहे वर्षा जल संचय के कार्य की समीक्षा करने गए। समीक्षा कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच के आदेश दिए। तीसरी साइट पांडव नगर रही, जहां हमने सीवरेज के काम की समीक्षा की। कल दिल्ली जलबोर्ड और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को विस्तार से चर्चा के लिए साइट पर बुलाया है। पांडव नगर में एक नाला है जिसमें बारिश के समय जलभराव हो जाता है। ऐसे में इलाके के लोगों को बहुत परेशानी होती है। लोगों को इस समस्या से राहत देना है इसलिए वहां एक दीवार बनाने की योजना है। उसकी समीक्षा के लिए भी कल अधिकारियों को बुलाया है।

# दिल्ली में पानी की लाइन पर मोटर लगाने पर एनडीएमसी ने दी कार्रवाई की चेतावनी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

लुटियन दिल्ली में अब पानी की मोटर लगाने वालों पर कार्रवाई होगी। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने अपने क्षेत्र के सभी आवासीय और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को पानी की लाइन से मोटर हटाने को कहा है। ऐसा नहीं करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

दिल्लीभर में तमाम स्थानों पर लोगों ने जलापूर्ति लाइन पर बूस्टर पंप लगाए हुए हैं। इसके चलते पानी का प्रेशर असमान हो जाता है। किसी को पानी मिलता है और किसी को नहीं मिलता। नई दिल्ली क्षेत्र में इस प्रवृत्ति की रोकथाम शुरू की गई है। एनडीएमसी ने बुधवार को अपने उपभोक्ताओं को जलापूर्ति लाइन से बूस्टर पंपों को तुरंत हटाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। एनडीएमसी ने कहा है कि अगर आवश्यक हो तो उपभोक्ता अपने भूमिगत टैंक या भूमिगत जलाशय से अपने ओवरहेड टैंकों तक पानी उठाने के लिए बूस्टर पंपों को लगाए रख सकते हैं। लेकिन, जल आपूर्ति की पाइप लाइन पर सीधे बूस्टर पंप लगाना अवैध है और भूमिगत टैंकों या ओवरहेड टैंकों को इसके माध्यम से सीधे भरने की अनुमति नहीं है।

पानी दूषित होने का भी प्रमुख कारण

एनडीएमसी ने अपने निदेशों में स्पष्ट कहा है कि जल आपूर्ति पाइप लाइन पर बूस्टर पंप लगाना पानी के दूषित होने का मुख्य कारण है। इस कारण जल प्रबंधन में भी गड़बड़ी होती है और प्रत्येक उपभोक्ता को उचित मात्रा में जल आपूर्ति प्रदान करने में बाधा पहुंचती है। बूस्टर पंपों को



लगाने से परिषद क्षेत्र में बिजली की खपत और कुल बिजली आपूर्ति पर अतिरिक्त भार पड़ता है।

कनेक्शन काटने की चेतावनी

एनडीएमसी ने अपने निवासियों को बूस्टर पंप नहीं हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। परिषद ने कहा है कि अगर पानी की आपूर्ति लाइन पर कोई ऑनलाइन बूस्टर पंप पाया जाता है तो ऐसे उल्लंघनकताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा उनके पानी के कनेक्शन को स्थायी रूप से भी काटा जा सकता है। 19 हजार से अधिक उपभोक्ता

यूं तो दिल्ली नगर निगम क्षेत्र की तुलना में एनडीएमसी क्षेत्र में बहुत ही कम आबादी रहती है। लेकिन, तमाम महत्वपूर्ण कार्यालय और संस्थान इस क्षेत्र में स्थित हैं। और बड़ा वीवीआईपी क्षेत्र भी यहां पर है। इस वजह से पानी का इस्तेमाल भी यहां पर काफी है। एनडीएमसी क्षेत्र में कुल 19 हजार 135 उपभोक्ता हैं। इनमें से 15 हजार 978 आवासीय उपभोक्ता और तीन हजार 157 व्यावसायिक उपभोक्ता हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरूवार 30 जून, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्र और दिल्ली सरकार को वर्षा जल संचय एवं ट्रैफिक जाम पर स्थिति स्पष्ट करने कहा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मॉनसून के दौरान और साल के अन्य महीनों में राष्ट्रीय राजधानी में वर्षा जल संचय करने और ट्रैफिक जाम में कमी लाने के विषय पर केंद्र और दिल्ली सरकार तथा स्थानीय प्राधिकरणों को अपना रुख बताने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने मीडिया में आई खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा, यह लोकहित का मुद्दा है। इसके साथ ही पीठ ने अधिकारियों को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा भी शामिल है। अदालत ने मामले में केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के साथ-साथ दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम और दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किया। अदालत ने लोक निर्माण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली छावनी बोर्ड, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और बाढ़ एवं सिंचाई विभाग को भी नोटिस जारी किया। पीठ ने मामले को विचार के लिए चार जुलाई को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अदालत के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। हाल में अदालत द्वारा जारी आदेश में कहा गया, पक्षकार रिपोर्ट दाखिल करें ...जिनमें एजेंसियों द्वारा वर्षा जल संचय के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख हो।

### मुंडका अग्निकांड की अंतिम पीड़िता का अंतिम संस्कार किया गया

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में स्थित एक इमारत में पिछले महीने लगी भीषण आग में जान गंवाने 27 लोगों में शामिल गीता देवी का बुधवार को उनके रिश्तेदारों ने अंतिम संस्कार कर दिया। अब तक 26 मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया था लेकिन गीता देवी की शिनाख्त होने में देरी हुई थी। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) समीर शर्मा ने बताया कि गीता देवी का अंतिम संस्कार उत्तर पश्चिम दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में किया गया है। शर्मा ने कहा, घटना के सभी 27 मृतकों की आत्मा को शांति मिले। गीता के रिश्तेदार बिहार से आए थे। पोस्टमार्टम के बाद हमारे कर्मचारी अंतिम संस्कार के लिए उनके साथ गए। पुलिस की ओर से साझा की गई तस्वीर में दिख रहा है कि एक पुलिस कर्मी मृतका के अंतिम संस्कार में मदद कर रहा है। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि गीता देवी का शव अस्पताल में रखा है, क्योंकि वह अनाथ थीं और उनके पति की भी मृत्यु हो चुकी है। उनकी कोई संतान भी नहीं है।

### अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाबा हरिदास नगर थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी नसीब के पास से नौ सौ क्वार्टर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने मामले में कार जब्त कर ली है। आरोपी पर पहले से दो मामले दर्ज हैं।

### नाइजीरियन मूल के दो नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। वाहन चोरी निरोधक दस्ता पुलिस ने बिना वैध कागजात के रह रहे दो नाइजीरियाई मूल के नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जूडे अजुब्यूक और सलामी बेल्लो को डिटेंशन सेंटर भेजा गया है। आरोपियों को उनके देश डिपोर्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।

### दर्दनाक है उदयपुर की घटना, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : आतिशी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने उदयपुर में हुई हिंसा की निंदा की है। आप नेता आतिशी मार्लेना ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कन्हैया लाल की बेरहमी से हत्या करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। आरोपियों को जितने जल्दी सजा मिले उतना ही अच्छा है। जिससे कोई पुनः ऐसी घटनाओं को अंजाम देने के बारे में सोच भी न सके। इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी इस घटना की निंदा कर चुके हैं। केजरीवाल ने अपने बयान में कल कहा था कि उदयपुर की वारदात बेहद भयावह और वीभत्स है। ऐसे नृशंस कृत्य की सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों को कड़ी सजा दी जाए। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के उदयपुर में एक टेलर कन्हैया लाल साहू की मंगलवार को गला रेतकर हत्या कर दी गई।

# शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा की तरह गुजरात भी चमकेगा : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



इन दिनों गुजरात भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक, अस्पताल और स्कूलों को देखने के लिए आया हुआ है। जब से गुजरात भाजपा की ओर से दिल्ली आकर इन चीजों को देखने की बात कही गई है उसके बाद से ही आम आदमी पार्टी के कई नेता कोई न कोई बयान जारी कर रहे हैं। मंगलवार को आप नेता आतिशी और कुछ अन्य ने कहा था कि गुजरात से जो दल दिल्ली के स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक और अन्य चीजें देखने के लिए आए हुए हैं वो जहां चाहे हम उनके साथ चलकर वहां उनको वो चीजें दिखा सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल पहले ऐसी जगहों का चयन कर लें। अब बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी एक ट्वीट किया। अपने इस ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि गुजरात भाजपा के कई वरिष्ठ नेता दिल्ली के मोहल्ला क्लिनिक और स्कूल देखने आए हैं। उम्मीद करता हूँ कि दिल्ली की शानदार शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से सीखकर वे गुजरात में भी सुधार करेंगे। हम सब एक दूसरे से सीखेंगे, तभी तो भारत आगे बढ़ेगा। उधर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता आम आदमी पार्टी सरकार में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को खुली चुनौती दे रहे हैं। उनका कहना है कि आम आदमी पार्टी गुजरात सहित अन्य राज्यों में दिल्ली माडल की बात करके अपना राजनीतिक विस्तार करने की कोशिश में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व अन्य आप नेता गुजरात सहित अन्य राज्यों में इसे लेकर लगातार दावे कर रहे हैं। इनकी सच्चाई जानने के लिए गुजरात से भाजपा का 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली पहुंचा है। इससे दिल्ली माडल को लेकर अब आप और भाजपा के बीच राजनीति तेज होने की संभावना जताई जा रही है। गुजरात के प्रतिनिधिमंडल का प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी सहित अन्य नेताओं ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को देखने कोई बाहर से आता है तो उसे दो-चार चमकती हुई इमारतें दिखा दी जाती हैं। इससे उन्हें सच्चाई का पता नहीं चलता है। आप नेता दिल्ली में शिक्षा क्रांति की बात करते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि यहां एक-एक कमरे में सौ-सौ छात्र बैठने को मजबूर हैं। गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था पर खुली बहस की चुनौती दी है। कहा कि गुजरात से प्रतिनिधिमंडल के दिल्ली आने से आप नेता परेशान हैं, क्योंकि उनकी सच्चाई सामने आ जाएगी। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 23 हजार शिक्षकों की कमी है। 80 प्रतिशत स्कूलों में प्रधानाध्यापक नहीं है। 70 प्रतिशत स्कूलों में विज्ञान की पढ़ाई नहीं होती है। 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए नौवीं और 11वीं में छात्रों को फेल कर दिया जाता है। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. ज्योतिबेन पांडया, गुजरात भाजपा के मंत्री महेश भाई कासवाला, गुजरात के पूर्व मंत्री रमनलाल वोहरा व गणपत भाई, विधायक जगदीश भाई पटेल सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी व राजनीतिक विश्लेषक शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेता स्कूलों व मोहल्ला क्लीनिक का दौरा कर रिपोर्ट करेंगे।

### दिल्ली सरकार जल्द ही 1,950 बसें खरीदेगी : केजरीवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार 1,950 बसें खरीदेगी और 4,800 अन्य बसों के लिए निविदाएं जारी करेगी, जिससे दिसंबर 2024 तक दिल्ली के बेड़े में 11,000 से अधिक बसें हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान कुछ अन्य फैसले भी लिए गए। केजरीवाल ने ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग में कहा, दिल्ली सरकार अब सार्वजनिक परिवहन को अधिक आरामदेह और विश्व स्तरीय बनाएगी।

हम परिवहन क्षेत्र के एकीकरण और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करेंगे और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार ने निशुल्क राशन योजना 30 सितंबर तक बढ़ाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अपनी शहरी कृषि पहल को शुरू करने के लिए विशेषज्ञों की भर्ती करेगी। इस पहल की घोषणा बजट में की गयी थी। केजरीवाल ने कहा, हम इस परियोजना के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ काम करेंगे। ये विशेषज्ञ वार्ड स्तर पर 1,000 कार्यशालाएं आयोजित कर लोगों को प्रशिक्षित करेंगे। हमें उम्मीद है कि इसके जरिए करीब 25,000 लोग लाभान्वित होंगे।

# कन्हैया लाल का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा : कपिल मिश्रा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजस्थान के उदयपुर में दो मजहबी उन्मादी युवाओं ने दर्जी कन्हैया लाल की हत्या कर दी थी। इस पर भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कड़ा प्रतिकार किया है। उन्होंने इसे बहुसंख्यक समाज पर हमला बताया है। कपिल मिश्रा ने ट्वीट किया कि उदयपुर में कन्हैया लाल जी की हत्या सीधे-सीधे देश के बहुसंख्यक समाज को डराने की कोशिश है और उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार की मदद के लिये एक करोड़ रुपये जमा करने का आह्वान किया है।

कपिल मिश्रा ने एक वीडियो संदेश जारी कर बताया कि कन्हैयालाल इस्लामिक आतंकवाद की भेंट चढ़ गया। एक गरीब ईमानदार और मेहनतकश व्यक्ति की धर्मांधता में हत्या कर दी गई है। आज उनके परिवार की जिम्मेदारी हम सभी को मिलकर उठाने की आवश्यकता है, क्योंकि धर्म के कारण ही उनको अपनी जान गंवानी पड़ी है। कन्हैया लाल की धर्म के कारण बलिदानी हुई है।

इसलिए हम सब ने निर्णय लिया है कि उनके बच्चे, पत्नी और पूरे परिवार की जिम्मेदारी हम सभी को उठानी चाहिए। 40 लाख रुपये जमा हो भी चुके हैं। जल्दी ही एक करोड़ रुपये जमा हो जाएंगे। इन रुपयों को लेकर वह खुद उदयपुर जाएंगे और कन्हैया लाल के परिवार को यह रकम सौंपेंगे। कपिल मिश्रा ने इस घटना के प्रति अपना विरोध प्रकट करने के लिए जंतर-मंतर पर कैंडल मार्च निकालने की अनुमति दिल्ली पुलिस से मांगी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी। तब उन्होंने ट्वीट किया कि उनका उद्देश्य किसी तरह का धरना-प्रदर्शन कर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का नहीं है। वह केवल मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना चाहते हैं और उस परिवार के लिए एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद पहुंचाना चाहते हैं।

# दिल्ली पुलिस मुख्यालय में मनाया गया राजा रवि वर्मा चित्रकार समारोह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से राजा रवि वर्मा की 174वीं जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय के आदर्श सभागार में राजा रवि वर्मा चित्रकार सम्मान समारोह ह्यचित्रांजलिह्न का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी मुख्य अतिथि रहे। त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर कप्तान सिंह सोलंकी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम में शिरकत की। केंद्रीय संस्कृति पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि इस अवसर पर कई कलाकारों को कला में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जा रहा है। राजा रवि वर्मा की पेंटिंग श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संस्कृति मंत्रालय महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय, रविंद्र नाथ टैगोर, भगवान बिरसा मुंडा व गुरू तेग बहादुर जैसी महान हस्तियों की जयंती पर ऐसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवा और भावी पीढ़ियों के बीच और भारतीय इतिहास संस्कृति के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी ने कहा कि राजा रवि वर्मा भारतीय कला के इतिहास के महानतम चित्रकारों में से एक थे। उनकी याद में कलाकारों को सम्मानित करने का कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय और दिल्ली पुलिस की ओर से एक बड़ी पहल है। इस अवसर पर उन्होंने विजेताओं को बधाई दी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने कहा कि आज राजा रवि वर्मा की पेंटिंग भारत के विशाल इतिहास और विविध संस्कृति को दर्शाती है। जो सभी के लिए एक प्रेरणा है। दिल्ली पुलिस आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिला सुरक्षा, मादक पदार्थों की लत और मानव तस्करी के प्रति जागरूकता पैदा करना है, जो पुलिस का एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहलू है। समारोह के दौरान कई प्रसिद्ध कलाकारों और स्कूली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### ग्रीन एमआईजी फ्लैट में गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान

नई दिल्ली। राजौरी गार्डन के ग्रीन एमआईजी फ्लैट के लोग गंदा और बदबूदार पानी की सप्लाई से परेशान हैं। लोगों का कहना है पिछले दो महीने से अधिक समय से इसी तरह का पानी जल बोर्ड की पाइप लाइन से सप्लाई हो रहा है। इसको लेकर जल बोर्ड से कई बार शिकायत भी की गयी, लेकिन जल बोर्ड के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया नहीं करा पा रही है। मजबूरी में लोगों को बाजार से पानी खरीदकर पीना पड़ता है। जल बोर्ड की लाइन से जो पानी सप्लाई हो रहा है वह किसी काम का नहीं है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि गंदे पानी की वजह से उन लोगों को कई तरह की बीमारी हो रही है। लोग दिल्ली सरकार के फ्री पानी को लेकर सवाल उठा रहे हैं। वहीं आरडब्लूए पदाधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से जल बोर्ड शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं कर रहा है उससे लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि पानी की किल्लत एक अलग समस्या है लेकिन उनकी कॉलोनी में तो पानी आता है।

# हम सब एक दूसरे से सीखेंगे, तभी भारत आगे बढ़ेगा : मुख्यमंत्री

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुजरात भाजपा के कई वरिष्ठ नेता दिल्ली के मोहल्ला क्लिनिक और स्कूल देखने आए हैं। उम्मीद करते है कि दिल्ली की शानदार शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से सीखकर वे गुजरात में भी सुधार करेंगे। हम सब एक दूसरे से सीखेंगे, तभी तो भारत आगे बढ़ेगा। वहीं, आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायकों का प्रतिनिधि मंडल गुजरात भाजपा के प्रतिनिधिमंडल का राउज ऐवनू स्कूल में 12:30 बजे इंतजार कर रहा है ताकि उनको दिल्ली शिक्षा क्रांति का पूरा सफर बता सकें। राउज एवेन्यू का स्कूल सात साल पहले टीन शेड से चलता था, लेकिन आज यही स्कूल वर्ल्ड क्लास बन गया है। जहां दिल्ली भर से लोग सरकारी स्कूल में एडमिशन के लिए सिफारिश लगाते हैं। गुजरात के स्मार्ट स्कूल में बच्चे टाट पट्टी पर बैठ कर पढ़ रहे हैं। ऐसे में असली स्मार्ट स्कूल देखने गुजरात भाजपा का डेलिगेशन जरूर आएगा। हम चाहते हैं कि वह एक स्कूल में आएं, जहां हम मौजूद रहें। साथ ही दिल्ली के सरकारी स्कूल और अस्पतालों को बदलने का जो सफर है, उसके बारे में बता सकें। इस दौरान विधायक रितुराज, कुलदीप कुमार और गुलाब सिंह मौजूद थे। विधायक आतिशी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राउज एवेन्यू स्कूल में गुजरात भाजपा के प्रतिनिधिमंडल का इंतजार किया। विधायक आतिशी ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमने गुजरात से आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत का इंतजाम किया हुआ है। गेट पर उनके स्वागत के लिए बोर्ड लगा हुआ है, जहां पर उनके चाय नाश्ते का इंतजाम है। इसके अलावा सामने की तरफ छात्रों के कार्य का एग्जीबिशन लगाया हुआ है। हम चाहते हैं कि गुजरात भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधि मंडल आकर स्कूल देखे। क्योंकि सात साल पहले यही राउस एवेन्यू का स्कूल टीन शेड से चलता था। यह टूटा फूटा स्कूल होता था। बाहर कूड़े के ढ़ेर लगे होते थे। बच्चों के बैठने के लिए डेस्क नहीं होता था। लेकिन आज यही स्कूल वर्ल्ड क्लास बन गया है। जहां पर दिल्ली भर से लोग सिफारिश लगाते हैं कि हमें सरकारी स्कूल में एडमिशन लेना है। इसलिए हम इंतजार में है कि गुजरात भाजपा का प्रतिनिधि मंडल आएगा। विधायक आतिशी ने कहा कि सोशल मीडिया पर भारतीय जनता पार्टी के नेता है हमारे ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हैं।

# रोहिणी कोर्ट विस्फोट मामला : जेल अधीक्षक को नोटिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पटियाला कोर्ट ने 2021 के रोहिणी कोर्ट विस्फोट मामले के आरोपी डीआरडीओ के वैज्ञानिक भारत भूषण कटारिया की जमानत याचिका के संबंध में जेल अधीक्षक को नोटिस भेजने का आदेश दिया है। आरोपी कटारिया ने मेडिकल आधार पर तीन माह की अंतरिम जमानत की मांग की थी। इस पर अदालत ने गत 23 जून को जेल अधीक्षक से आरोपी की मेडिकल रिपोर्ट मांगी थी। अदालत को मंगलवार को सुनवाई के दौरान बताया गया कि जेल अधीक्षक ने आरोपी कटारिया की मेडिकल रिपोर्ट पेश नहीं की है। इस पर अवकाश पीठ की जज मंजूषा वाधवा ने जेल अधीक्षक को नोटिस भेजने का आदेश दिया। जेल अधीक्षक को नोटिस मिलने के तीन दिन के भीतर मेडिकल रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई चार जुलाई को होगी। गौरतलब है कि गत साल नौ दिसंबर को रोहिणी कोर्ट रूम नंबर 102 में सुबह साढ़े दस बजे के करीब एक विस्फोट हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस के मुताबिक, डीआरडीओ के वैज्ञानिक कटारिया ने एक वकील की बैठने की जगह पर वह बम लगाया था। कटारिया कानूनी लड़ाई से परेशान था।

# कैबिनेट बैठक में स्मार्ट अर्बन फार्मिंग पहल को मिली मंजूरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में आज स्मार्ट अर्बन फार्मिंग पहल को मंजूरी मिल गई। इससे शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों का खेती के प्रति जुड़ाव भी बढ़ेगा और रोजगार में वृद्धि के साथ दिल्ली के हरित क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार स्मार्ट अर्बन फार्मिंग पहल को जन भागीदारी से बढ़ावा देगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अपने घर की खपत या बिजनेस करने के उद्देश्य से जो लोग घर की छत या बालकनी में फल-सब्जियां उगाना चाहते हैं, उनको दिल्ली सरकार प्रशिक्षण देगी। स्मार्ट अर्बन फार्मिंग पहल एक तरह से रोजगार उत्पन्न करने का भी एक साधन होगा। लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए बड़ी संख्या में विशेषज्ञ हायर किए जाएंगे और इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट से टाई-अप किया जाएगा। लोगों को जागरूक करने के लिए पूरी दिल्ली में 400 जागरूकता कार्यशाला और 600 उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हमें उम्मीद है कि इस पहल से पहले साल में दिल्ली के करीब 25000 परिवारों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में आज सुबह दिल्ली सचिवालय में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें कैबिनेट ने स्मार्ट अर्बन फार्मिंग पहल को अपनी मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री के समक्ष इसका प्रस्ताव रखते हुए अधिकारियों ने बताया कि यह पहल अर्बन फार्मिंग और टैरेस गार्डनिंग स्कीम का हिस्सा है। दिल्लीवालों के लिए 400 शहरी कृषि जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत 40 मास्टर ट्रेनर्स और 10 हजार लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं, दिल्ली के लोगों के लिए इंडस्ट्री पार्टनर्स के माध्यम से 600 उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 15 हजार लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के उपरांत कैबिनेट ने योजना को अपनी मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री अरविंद ने कहा कि बजट में घोषणा की थी कि हम अर्बन फार्मिंग करेंगे। अर्थात जिन-जिन लोगों के घरों में बालकनी या छत पर थोड़ी बहुत भी जगह है और वे छोटी-मोटी फार्मिंग करना चाहते हैं।

### लूट, झपटमारी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। मोहन गार्डन थाना पुलिस ने लूट और झपटमारी की वारदात को अंजाम देने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनीष रोहिल्ला के पास से पांच हजार रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 27 जून को मोहन गार्डन थाना क्षेत्र में लूट की सूचना मिली थी। पुलिस को घटनास्थल पर निरजेंदर नामक शख्स मिला। उसने बताया कि रामा पार्क के नजदीक एक शख्स काले रंग की स्कूटी पर आया और उससे 5100 रुपये लूट लिए।

**शुरूआत** डीटीसी बसों में यात्री इस डर के साथ यात्रा करते हैं कि कब बस आग के गोले में बदल जाएगी-आदेश गुप्ता

# केजरीवाल को जनता के सामने बेझिझक झूठ बोलते रहने का अवार्ड मिलना चाहिए-आदेश गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल जिस तरह से कैमरे पर आकर बिना किसी झिझक के झूठ बोलते हैं, उसके लिए उन्हें अवार्ड मिलना चाहिए। पिछले आठ सालों में केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के हर विभाग की हालात खस्ता कर दी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, जलबोर्ड और परिवहन सहित अन्य विभाग आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। दिल्ली के परिवहन विभाग की तो स्थिति इस कदर है कि बस में यात्रा कर रहे यात्री को हमेशा इस बात का डर लगा रहता है कि कब वह बस आग के गोले में बदल जाएगी।

श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि पहले तो केजरीवाल कह रहे हैं कि पिछले दो सालों से बड़े स्तर पर बसों की खरीद शुरू हो गई है, मतलब ये कि उन्होंने इससे पहले 6 सालों के कार्यकाल में कोई बस नहीं खरीदी और जब केंद्र की मोदी सरकार ने फेम-2 योजना के तहत 150 इलेक्ट्रीक बसें दिल्ली को सौगात में दी तो अब उसे अपना बताकर क्रेडिट लूटने की कोशिश कर रहे हैं। केजरीवाल 1950 बसें सितंबर 2023 तक लाने की बात कर रहे हैं, लेकिन केजरीवाल सरकार अपने आठ सालों में एक भी बस नहीं खरीद सकी। केजरीवाल सरकार के द्वारा दिये आरटीआई के जवाब में यह बात खुद बताई गई है तो ऐसे में केजरीवाल से 1950 बसों की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि आज दिल्ली में 3760 बसें हैं जिसे केजरीवाल 7200 की संख्या बताकर इसको ऐतिहासिक कह रहे हैं। 4800 नई बसों को फ्रेंस टेंडर देने की बात करने वाले केजरीवाल को यह भी बताना चाहिए कि आज जितनी भी बसें दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रही हैं उनकी उम्र सीमा समाप्त हो चुकी है और 1000 बसों के मरम्मत में 500 करोड़ रुपये पानी की तरह बहा दिए गए जबकि इतने पैसों में कई नई बसें खरीदी जा सकती थीं। लेकिन जिस सरकार का उद्देश्य ही भ्रष्टाचार करना है, उसे जनता की समस्याओं से क्या मतलब। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि साल 2014 में जब केजरीवाल दिल्ली की सत्ता में आए तो उन्होंने कहा था कि दिल्ली में सरकार बनते ही 11000 बसें लाने का काम किया जाएगा ताकि दिल्ली में परिवहन व्यवस्था ठीक हो सके जबकि उस समय 6600 बसें थीं, लेकिन आज सिर्फ 3760 बसें बची हैं तो 11000 बसें लाने की बात को दिसंबर 2024 तक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आठ सालों से जिस तरह से केजरीवाल दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे हैं, वह आगे भी वैसा ही करेंगे।

# देवली में लगा फ्री हेल्थ कैंप, 200 लोगों ने कराया चेकअप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



साउथ दिल्ली के देवली विधानसभा क्षेत्र में आम लोगों के लिए फ्री हेल्थ चेकअप कैंप और फ्री कानूनी सलाह का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट की महिला वकील वंदना सिंह पहुंची थीं। कार्यक्रम में फ्री हेल्थ चेक अप के जरिए लोगों के ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच सहित कई जांच मुफ्त में की गई। इस कार्यक्रम में करीब 200 से अधिक लोगों का फ्री में हेल्थ चेक अप किया गया। सुप्रीम कोर्ट की वकील वंदना सिंह ने बताया कि देश भर में महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न ज्यादा हो रहा है। ऐसे में हमें अपने समाज को सुधारने और समझाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर किसी महिला के साथ अन्याय हो रहा है तो वह बेझिझक मेरे पास आ सकती हैं और मुफ्त में सलाह ले सकती हैं। साथ ही हमारी टीम उनकी हरसंभव सहायता करेगी। वंदना सिंह ने कहा है कि वह लगातार महिलाओं के लिए कार्य कर रही हैं। आने वाले समय में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए वह अपनी टीम के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ेंगी। सेवियर फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि उनकी संस्था और उनकी पूरी टीम मिलकर लगातार लोगों के हितों के लिए कार्य कर रही है। कोरोना काल में राशन बंटवाना हो या फिर आम जनता के लिए मुफ्त में हेल्थ चेक अप कैंप लगाना, वे समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील वंदना सिंह इस कार्यक्रम में पहुंचीं और उन्होंने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। हमारी संस्था जरूरतमंद लोगों की मदद करती आ रही है और आगे भी करती रहेगी।

क्लासिफाइड

PUBLIC NOTICE

GENERAL PUBLIC AT LARGE IS INFORMED THAT MY CLIENT SHRI WAZIR SINGH, AGED 59 YEARS S/O LATE JAGER RAM (AADHAR CARD NO. 2710 4929 1378) AND HIS WIFE SMT. DARSHANA BAI ( AADHAR CARD NO. 8977 2403 3714 ) AGED 50 YEARS W/O SHRI WAZIR SINGH , BOTH R/O HOUSE NO. C-169, ROSHAN VIHAR PART-1 C- BLOCK , NAJAFGARH , NEW DELHI-110043, HAVE DISOWNED AND DEBARRED THEIR SON NAMELY AMIT KUMAR , AGED 30 YEARS (AADHAR CARD NO. 6769 4499 8911) AND HIS WIFE SMT. NISHA KUMARI , AGED 32 YEARS (AADHAR CARD NO: 6702 0498 7084), BOTH R\O HOUSE NO. C-169, ROSHAN VIHAR PART-1, C- BLOCK, NAJAFGARH, NEW DELHI-110043, FROM ALL THIER MOVABLE AND IMMOVEABLE PROPERTIES i.e.(1) HOUSE NO. C-169, ROSHAN VIHAR PART-1, C-BLOCK , NAJAFGARH, NEW DELHI- 110043 AND (2) HIS 1/4th SHARE IN ANCESTRAL PROPERTY SITUATED AT VILLAGE BOWANA, TEHSIL , JULANA , DISTRICT JIND,(HARYANA) AND ALSO SEVERED ALL RELATIONS FROM THEM AS THEY ARE NOT UNDER THE CONTROL OF MY CLIENTS . MY CLIENTS ARE NOT RESPONSIBLE FOR ANY ACT COMMITTED BY THEM . ANYONE DEALING WITH THEM MAY DO SO AT HIS/HER OWN RISK, COSTS AND CONSEQUENCES AND MY CLIENTS SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR THE SAME IN ANY MANNER. **SURENDRA KR. CHAUDHARY, ADVOCATE, CHAMBER NO. 323, DWARKA COURTS COMPLEX, SECTOR-10, DWARKA, NEW DELHI-110075, MOBILE: 9990416778**

# सड़क दुर्घटना से बचाव को लेकर प्रचार-प्रसार करें तेज : जिलाधिकारी

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता



जिला पदधिकारी सुहर्ष भगत ने समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित किया। बैठक में डीएम ने कहा कि हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। इसे कम करने के लिए हर संभव उपाय संबंधित विभागों के अधिकारी समन्वय स्थापित करें। दुर्घटना से बचाव को लेकर लोगों के बीच जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार भी करें।

डीएम सुहर्ष भगत ने कहा कि जिले में हाल के दिनों में काफी सड़क दुर्घटनाएं हुई है। कहा कि जिस भी सड़क पर चाहे वो एनएच हो या एसएच या पीडब्लूडी का हो, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता इसकी तकनीकी त्रुटि की जांच कर रिपोर्ट दे। डीएम ने कहा कि अभियंता ये देखें कि दुर्घटना वहां किन कारणों से हो रही है तथा उसके निराकरण के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। डीएम ने कहा कि वर्ष 2017 में जिले में दो ब्लैक स्पाट चिन्हित किए गए थे लेकिन उसके अलावा भी कई स्थान ऐसे हैं जहां अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है। कहा कि बायसी के हिजला, पूर्णिया मोड़, बनमनखी में धरहरा पुल के पास, जानकीनगर में मधुबन, सरसी में कचहरी बलुआ, सरसी अदि जगहों पर भी अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं अनुमंडल सदर के दमका चौक, गुंडा चौक, शीशाबाड़ी, मरंगा, फरियानी चौक, केहाट- कला भवन रोड आदि भी संवेदनशील स्थल है। ऐसे स्थानों पर साइनेज, रिफलेक्टर आदि लगाने का निर्देश दिया। अस्पताल, स्कूल या भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लाइटिग की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। डीएम ने सुरक्षित स्कूल वाहन परिचालन के लिए भी जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया। कहा कि स्कूल प्रबंधकों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें को सभी स्कूल वाहन मानक के अनुसार ही चलाए जाएं। डीटीओ को नियमित वाहन जांच का निर्देश दिया।

कहा कि बाइक चालकों को हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक रूप से सुनिश्चित कराएं। उन्होंने ट्रैफिक रूल का प्रचार प्रसार कराने का भी निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा अम्बेसडर-कॉलेज को प्रचार-प्रसार के लिए 25 हजार रुपये दिया जाएगा। वाहन चालकों को प्रशिक्षण का भी निर्देश दिया गया। विनियमन मोटर वाहन चालान प्रशिक्षण संस्थान प्रोत्साहन योजना के तहत लागत में 20 लाख रुपए या 50 प्रतिशत जो कम है दिए जाने का प्रावधान है। डीएम ने कहा कि सड़कों पर जहां तहां वाहनों के खड़ा कर दिए जाने से ट्रैफिक की समस्या के सथ दुर्घटना की संभवना बनी रहती है। बैठक में बताया गया कि जिला मुख्यालय में पांच जगहों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। कहा कि उक्त स्थानों पर ही वाहनों को लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यालय में जिला स्कूल के पास, खुश्कीबाग ओवर ब्रिज के नीचे, जिला परिषद डाकबंगला से सदर अस्पताल तक, लाइन बाजार में बिहार टॉकिज के पास एवं रजनी चौक से लखन चौक के बीच पार्किंग स्थल बनाया गया है।

**निर्देश**

- डीएम ने सडक सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिये कई निर्देश

पार्किंग के लिए घंटा, दिन एवं महीने के हिसाब से चार्ज तय करने के लिए बैठक करने का निर्देश डीएम ने दिया। बैठक में सात स्थलों पर वेडिग जोन बनाये जाने की जानकारी दी गई। बताया गया कि गुलाबबाग मार्केटिग यार्ड, खुश्कीबाग ऑवर ब्रिज के नीचे, लाइनबाजार से रेणु उद्यान तक, जेल चौक से फोर्ड कम्पनी चौक एवं बस स्टैंड से आरएन साह चौक तक वेंडिग जोन बनाए जाएंगे। जिले के सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि सड़क दुर्घटना में मृतक के परिवार को मुआवजा से संबंधित आवेदन अविलंब प्राप्त कर संबंधित कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मानसून की पहली बारिश से पानी-पानी हुआ बड़हरा बाजार, विकास कार्य टाय-टाय फीस

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता



**बड़हरा कोठी।** मंगलवार एवं बुधवार की सुबह से ही रुक-रुककर हुई बारिश ने बड़हरा कोठी प्रखंड मुख्यालय से लेकर बाजार तक की सूरत बिगाड़कर रख दी है। मानसून के पहले सप्ताह के बारिस में ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है, तो पूरा बारिस का मौसम कैसे कटेगा ये सोच बाजार वासी सिहर रहे हैं। क्योकि पूरा बाजार पानी-पानी हो गया। प्रखंड मुख्यालय हो या बाजार या गुदरी बाजार हर जगह लोग जल जमाव की समस्या से झूझ रहे हैं। बस स्टैंड से लेकर मदरसा होते हुए छठ पोखर तक घुटना से लेकर जांघ तक पानी जम गया है।

एक तो नाला का सर्वथा अभाव है जहां नाला है भी वहां भी पूरी तरह से लबालब भरकर उसका गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। कुल मिलाकर बारिश से बड़हरा बाजार की स्थिति नरकीय हो चुकी है। मनरेगा, सात निश्चय सहित अन्य योजनाओं से सालो भर विकास कार्य चलता रहता है और जनप्रतिनिधि उत्तरोत्तर विकास के दावे करते रहते हैं लेकिन मानसून के पहले सप्ताह के वारिस ने ही सारी पोल खोल कर रख दी है। बड़हरा बाजार के दोनों पंचायतों के कई वार्ड के सड़क पर जलजमाव मंगलवार को हुई मानसूनी बारिश में बाजार के दोनों पंचायतों के कई वार्डों की सड़कें जलमग्न हो गई।

- जलजमाव होने से लोगों को सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है

प्रखंड मुख्यालय, बसस्टैंड से लेकर गुदरी बाजार, दुर्गा चौक से गुदरी बाजार तथा मदरसा से बड़हरी छठ पोखर सहित अन्य जगहों पर बारिश के बाद सड़कों पर जलजमाव हो गया। जलजमाव होने से लोगों को सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। इतना ही नही मदरसा से लेकर छठ पोखर तक जांघ भर पानी लगा हुआ है जिसके कारण सड़क किनारे के दुकानदारों को दुकान तक बंद करना पड़ा है। वहीं इसके साथ सड़क पर नाला एवं गड्ढा का गंदा पानी बहने से लोगों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चुनाव के समय स्थानीय जनप्रतिनिधि खोखले दावें हर बार करती है। पर हर बार बारिश के मौसम में बड़हरा बाजार वासियों एवं बाजार आने वाले लोगों को इस समस्याओं को झेलना ही पड़ता है।

हालात देखने के बाद तो लगता है कि यहां के लोगों की शायद यही नियति बन गई है। इस संबंध में वासुदेवपुर पंचायत के उपमुखिया मनोज कुमार दास ने बताया कि जनता ने अपने समस्या के निदान के लिए हमे चुना है। जलजमाव की समस्या का निदान ढूंढा जा रहा है आगे वारिस के मौसम में यह समस्या बहुत हद तक कम हो जाएगा। वही बड़हरा के वार्ड सदस्य भोला कुमार ने बताया कि जहां भी नाला बना हुआ है उसके सफाई पर जोड़ दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेड लिइसेंस के विरोध में अनशन तीसरे दिन भी जारी

मुजफ्फरपुर ।जन विकास मोर्चा द्वारा ट्रेड लाइसेंस,सफाई टैक्स, पानी टैक्स तथा मुजफ्फरपुर नगर का नारकीय स्थिति के विरुद्ध मोर्चा के महासचिव आनंद पटेल द्वारा लगातार तीसरे दिन अनशन जारी है।मोर्चा के अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में सरैयागंज टावर पर जनसभा किया गया और वक्ताओ ने कहां की हल्की बारिश में ही शहर नरक बन चुका है।स्टेशन रोड,धर्मशाला चौक,तिलक मैदान रोड, मोतीझील,कल्याणी, मिठनपुरा इत्यादि मुहल्लों में बज बजाता हुआ सड़ा हुआ नाला का पानी और सड़क एक हो गया है। स्मार्ट सिटी के नाम पर जो विकास कार्य हो रहे हैं, वह गुणवत्तापूर्ण नहीं है ऐसे में नगर निगम द्वारा तरह-तरह का टैक्स लगाना बिल्कुल बेबुनियाद और गलत है।वक्ताओं में रमेश कुमार,ग्राम विचार मंच के अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर,इत्यादि लोगों ने संबोधित किया।

# पंचायत समिति सदस्य एवं उसके सहयोगी की हत्या

पूर्णिया , प्रात :किरण संवाददाता

- दो-दो हत्याकांड से दहला पूर्णिया का बायसी

पूर्णिया के बायसी थाना क्षेत्र की ताराबाड़ी पंचायत के समिति सदस्य शाहबाज आलम और उनके सहयोगी मोनाजिर की अपराधियों द्वारा बेरहमी से हत्या कर दी गयी। अपराधियों ने पहले चाकू गोदकर और फिर गोली मार दोनों की जान ले ली। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम शाहबाज आलम गांव से कुछ दूर चौक पर चाय पी रहे थे इसी दौरान करीब डेढ़ से दो दर्जन की संख्या में भीड़ आई। इसके बाद शाहबाज और उनके सहयोगी मोनाजिर को घेर लिया। दोनों पर जमकर चाकू और तलवार चलाया जिससे वे दोनों लहूलुहान हो गए। इसके बाद गोली मारी गई है और हमलावर फरार हो गए। आनन-फानन में पूर्णिया लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने इस हत्या का आरोप पंचायत के प्रतिनिधियों पर लगाया है। परिजनों की मानें तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के बाद शाहबाज को स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने हत्या की है। घटना के बाद बायसी थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एसडीपीओ आदित्य कुमार ने बताया कि आपसी दुश्मनी में धारदार हथियार से पंचायत समिति सदस्य शाहबाज आलम और उसके सहयोगी मोनाजिर की हत्या की गई है। अभी तक परिजनों द्वारा लिखित आवेदन नहीं मिला है। डेढ़ दर्जन के करीब अपराधियों ने भीड़ की शक्ल में इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### आफत बनी बारिश, बज्रपात से तीन की मौत, एक घायल

**मुजफ्फरपुर** । मानसून के सक्रिय होते ही बारिश की कहर लोगों पर आफत बनकर टूट पड़ी है। पिछले 24 घंटे की तेज बारिश होने और बज्रपात से जिले में अलग-अलग तीन लोगों की मौत हो गई है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं जिसका इलाज चल रहा है। बोचहा प्रखंड के सुरियाही गांव में कल ठनका गिरने से एक बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई। इस गांव का वसंत राय (55) भैंस चराने चौथ में गया हुआ था। इसी बीच तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए बसंत राय एक पेड़ के नीचे छुप गया। इसी बीच तेज आवाज के साथ बज्रपात हुआ और वसंत राय की मौके पर ही मौत हो गई। बज्रपात से सकरा एवं कांटी में भी दो लोगों की मौत हुई है और एक बुरी तरह घायल हैं। कांटी प्रखंड के विशुनदत्तपुर गांव के बोला साहब का पुत्र प्रदीप साह(30) आज अहले सुबह शौच के लिए घर से निकले जहां ठनका गिरने से उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना सकरा प्रखंड की है। यहां हसनपुर -बगाही मठ पर ठनका गिरने से राकेश कुमार एवं एक अन्य युवक घायल हो गया। राकेश कुमार की मौत हो गई। दूसरे घायल को बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है।

# लगातार हो रही बारिश से नदियों के जलस्तर में वृद्धि, सड़कें कटी

पूर्णिया, प्रात :किरण संवाददाता



अमौर प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के साथ ही नदियों का जलस्तर एक फिर बढ़ने लगा है। अब पूरी तरह से इलाके में बाढ़ प्रवेश कर चुका है कई जगह मुख्यमंत्री सड़क मार्ग कट गए हैं जिससे लोग काफी सहमे हुए हैं।

कनकई एवं महानंदा नदी के जलस्तर में काफी बढ़ोतरी के कारण महानंदा नदी के किनारे बसे ग्रामीण उचें स्थानों का तलाश कर रही है महानंदा नदी के किनारे बसा हफनियां पंचायत के डमराहा, मलहाना सिरसी पोखरिया तेलंगा एवं परमान नदी किनारे बसा गांव पोठिया गंगेली पंचायत के तरोना, बिष्णुपूर पंचायत के मंगलपुर, छतरभोग हजरिया मैनापुर, रसेली, कदगंवा, बिजलिया गाँव , कोहबरा गाँव, परसराई, मुजफ्फर नगर सुरजापुर बासोल गाँव, खाडी महीन गाँव पूरी तरह से जलमग्न हो रहा है पिछले साल बाढ कि अशंका को लेकर अभी से लोग ऊँचे जगहो को तलाशने लगे है। जो एकाएक बाढ का पानी आते ही लोग ऊँचे जगहो मे शरण ले सके।वही खाड़ी महीनगांव पंचायत के मिरटोला महेशबाथना में एक बार फिर कटान तेज हो गया है जिससे मजबूर हो कर अपना असियाना तोड़ रहे है। और ऊंचे स्थान में जा रहे है। खारी महीन गांव पंचायत के मुखिया साबिर आलम नया चल प्रशासन को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कटाव पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की। सिरसी पोखरिया में मुख्य सड़क मार्ग कट जाने से दुलालगंज तक कई गांवों का संपर्क बंद हो गया। लोग ऊंचे स्थलों की ओर पलायन कर रहे हैं।

अमौर प्रखंड क्षेत्र में एक भी मोटर बोट नहीं है लोग जैसे तैसे ऊंचे स्थानों की ओर प्रवेश कर रहे हैं। न ही राहत और बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं। फिलहाल जल तांडव का नजारा ग्रामीण इलाकों में खूब दिख रहा है। ना कहीं कम्युनिटी किचन चल रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद एवं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अफसर नदवी ने पठान टोली में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा वस्तुस्थिति की रिपोर्ट वरीय अधिकारी को भेजी जाएगी।

### जी एस टी बना गृहस्थी सर्वनाश टैक्स : कांग्रेस

**गया।** मोदी सरकार ने अब दही, पनीर,शहद, मांस, और मछली जैसे डिब्बा बंद और लेवलयुक्त खाध पदार्थों पर जी एस टी लेगी साथ ही चेक जारी करने के एवज में बैंकों की तरफ से लिए जाने पर शुल्क पर भी जी एस टी देना पड़ेगा, इसके अलावा 1000 रुपए प्रतिदिन से कम किराया वाले होटल कमरों पर 12 प्रतिशत की दर से टैक्स लगाने का फैसला लिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व सांसद रंजीत सिंह उर्फ रंग बाबू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, विद्या शर्मा, टिंकू गिरी, सैयद असरफ इमाम, डा अहमद हुसैन मक्की, आदि ने कहा की एक ओर कमरतोड़ बेतहासा महंगाई से आमजन त्राहि, त्राहि कर रहे है, तो दूसरी ओर मोदी सरकार डीजल, पेट्रोल को जी एस टी के दायरे में लाने के बजाय नित्य दिन घर, घर में खाने पीने की सामग्री पर भी टैक्स लगा कर जी एस टी को गृहस्थी सर्वनाश टैक्स बनने का काम किया है।

# डीएम ने निर्माणाधीन तालाब का किया निरीक्षण



औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत डीएम सौरभ जोरवाल ओबरा प्रखंड के महथु गांव में निमार्णाधीन तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने मनरेगा के तहत कार्य कर रहे मजदूरों से बातचीत भी की व कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर योजना केंद्र व राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में मजदूरों की कोई कमी ना हो ताकि निर्माण कार्य प्रभावित ना हो, यदि तालाब के निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही बरती जाती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने तालाबों पर पौधारोपण एवं सुंदरीकरण कराने की बात कहि। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तलाब को बहुउद्देश्यीय स्वरूप में बनाया जाना अति आवश्यक है। जल मानव जीवन का आधार है आए दिन जलस्तर कम होते जा रहा है जलस्तर को सामान्य बनाए रखने के लिए अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है जिससे भूगर्भ जल का संरक्षण व संवर्धन हो सके।

# गया: सीयूएसबी में पंचायत और ब्लॉक स्तर पर सरकारी योजनाएं विषय पर कार्यशाला आयोजित

गया,प्रात : किरण संवाददाता



दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में कानून और न्याय मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा अभियान के न्याय बंधु योजना के अंतर्गत गठित प्रोबोनो क्लब ने कानूनी सहायता क्लिनिक, स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मो० मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यशाला का शीर्षक ₹पंचायत और ब्लॉक स्तर पर सरकारी योजनाएं₹ था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सरकार के द्वारा चल रही योजनाओं और पंचायत और ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध संबंधित लाभों के बारे में कानूनी जागरूकता पैदा करना था । कार्यक्रम की शुरूवात सीयूएसबी के माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, मुख्य अतिथि एवं अन्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के प्रमुख एवं डीन प्रो० संजय प्रकाश श्रीवास्तव ने माननीय कुलपति प्रो० कामेश्वर नाथ सिंह, मुख्य अतिथि श्री अवतुल्य कुमार आर्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) आमस, गया एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में श्री अवतुल्य ने कहा कि व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक लोक प्रशासन उनके साथ होता है` केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं के बारे में बताते हुए उन्होंने एक व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक मिलने वाले लाभकारी योजनाओं के बारे में बात की। बीडीओ श्री अवतुल्य ने अपने संबोधन में विधवा पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना, परवरिश योजना इत्यादि के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने यह भी बताया कि एक आम नागरिक कैसे इन योजनाओं का लाभ उठा सकता है और इन योजनाओं के लाभ उठाने की पूरी प्रक्रिया को भी साझा किया।

योजनाओं के बारे में बात करने के साथ-साथ बीडीओ श्री अवतुल्य ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से बातें भी की और उन्होंने वहाँ मौजूद लोगों के प्रश्नों के उत्तर भी दियो अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय कुलपति ने छात्रों के कर्तव्य पर जोर दिया और योजनाओं के सफलतापूर्वक लागू करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्हें योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कैंपस फॉर कम्युनिटी के विचार पर का वर्णन करते हुए कैंपस को समाज से जोड़ने की आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन डॉ. देव नारायण सिंह, नोडल अधिकारी, प्रोबोनो क्लब, सीयूएसबी, के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और परिसर में इस तरह के सफल आयोजन के लिए प्रोबोनो क्लब के सदस्य छात्रों की भी सराहना की। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.(डॉ.) पवन कुमार मिश्र, डॉ. पी. के. दास, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. नीतू, डॉ. अनंत प्रकाश नारायण, डॉ. संजय आदि मौजूद थे।

# परीक्षा में सफल बच्चों को किया गया सम्मानित



पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता

**बड़हरा कोठी।** बड़हरा बड़ी गद्दी बाजार स्थित जेनरल कम्पीटिसन एंड कंप्यूटर सेंटर द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन सेंटर के संचालक भरत सर के अध्यक्षता में किया गया। समारोह में गौरीपुर पंचायत के बेलापेमु निवासी दुर्गेश कुमार पिता तिरो मंडल को कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित इंटर स्तरीय परीक्षा में सफलता प्राप्ति पर सम्मानित किया गया। दुर्गेश कुमार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में राजस्व कर्मचारी का पद मिला है।गरीब परिवार के लगनशील छात्र के सफलता से बेलापेमु गांव, कोचिंग एवं बाजार के सहपाठियों के बीच खुशी व्याप्त है। दुर्गेश कुमार अपने पढ़ाई के खर्च एवं घर के आवश्यक खर्च को पूरा करने के लिए कुछ दिन पहले तक बड़हरा में पेपर बेचा करता था। पेपर बेच कर पढ़ाई करते हुए सफलता प्राप्त करने वाले इस मितभाषी व लगनशील छात्र पर हर कोई गर्व महसूस कर रहा है। सम्मान समारोह में भरत सर, शिवरतन करनानी, तरूण सिंह, प्रेमचंद, मनोज, मोहन, ओम, मिथिलेश, नीतीश, मानिकचंद, अजेश, दिलखुश सहित दर्जनों अन्य छात्र छात्राएं एवं अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# टीबी जैसी बीमारियों से बचाव को लेकर किया गया जागरूक

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता



स्वास्थ्य विभाग एवं कर्नाटका हेल्थ प्रोमोशन ट्रस्ट (केएचपीटी) के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज समापन किया गया। रुपौली प्रखंड के बिरौली गांव स्थित सोना संकुल संघ कार्यालय परिसर में समापन के दौरान जीविका समूह से जुड़ी दीदियों को टीबी जैसी संक्रामक बीमारी की पहचान, लक्षण एवं बचाव को लेकर विस्तार पूर्वक बताया गया।

ताकि वह अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर भ्रमण के दौरान टीबी मरीजों की पहचान कर उसे इलाज के लिए प्रेरित कर सकें। अगर किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण मिले तो तत्काल क्या करना चाहिए, इसकी जानकारी प्रशिक्षण के दौरान दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक के रूप में केएचपीटी के डीटीएल विजय शंकर दुबे सहायक प्रशिक्षक श्यामदेव राय थे तो जिला यक्ष्मा विभाग की ओर से एसटीएस कुंदन कुमार उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण शिविर में जीविका समूह से जुड़े 16 ग्राम संगठनों की लगभग 35 दीदियों ने भाग लिया।

जिसमें डोभा मिलिक पंचायत के देवराज जीविका ग्राम संगठन की लीडर ममता कुमारी, पूनम देवी, रामपुर परीहट पंचायत के कोयल विओ से ज्योति देवी एवं पूनम कुमारी, वहीं भिखना पंचायत के राखी विओ एवं फातमा विओ से मनीषा कुमारी, रहिना खातून जबकिं हिन्दुस्तानी जीविका महिला ग्राम संगठन छर्रापट्टी की राधा देवी एवं प्रियंका देवी सहित कई अन्य मौजूद रही। कर्नाटका हेल्थ प्रोमोशन ट्रस्ट (केएचपीटी) के डीटीएल विजय शंकर दुबे के द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान जीविका समूह से जुड़ी दीदियों को बताया गया कि अगर आपके स्वयं सहायता समूह या आस-पड़ोस में किसी भी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों तक खांसी या बलगम के साथ खून का आना, शाम को बुखार आना या वजन कम होने की शिकायत सुनने या देखने को मिल रही हैं तो जल्द से जल्द नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र भेजकर या ले जाकर बलगम की जांच कराना सुनिश्चित कर उसे उचित चिकित्सीय उपचार के साथ सलाह देने की आवश्यकता होती है। क्योंकि यह एक टीबी संक्रमण के लक्षण हैं। इसके साथ ही उन्हें यह भी बताएं कि सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच और इलाज पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध रहती है।

- स्वास्थ्य विभाग एवं केएचपीटी के सहयोग से दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन
- सामुदायिक स्तर पर जागरूकता लाने में जीविका समूह की दीदियों का अहम योगदान : डीटीएल

सामुदायिक स्तर पर जागरूकता से ही टीबी जैसी बीमारी को समाज से मिटाया जा सकता है। जिसमें जीविका समूह की दीदियों का योगदान काफी अहम माना गया है। क्षेत्रों की स्वयं सहायता समूह के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी जागरूक करेंगी तो हम निश्चित रूप से समाज में फैली टीबी जैसी संक्रमण बीमारी को जड़ से खत्म कर सकते हैं। केएचपीटी की ओर से रुपौली के सामुदायिक समन्वयक श्यामदेव राय ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को शत प्रतिशत पाने के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों या सहयोगियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर ग्रामीण स्तर पर रहने वाले खासकर झुग्गी झोपड़ी, ईट भट्ठा, घुमंतू लोग जैसे को जागरुक किया जा रहा है। यक्ष्मा (टीबी) जैसी संक्रमण को जड़ मिटाने के उद्देश्य से कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट (केएचपीटी) के द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों में ब्रेकिंग द बैरियर्स कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत टीबी रोगियों एवं स्वास्थ्य केंद्रों के बीच उत्पन्न बाधाओं को जड़ से समाप्त करने के लिए सामुदायिक स्तर पर जीविका समूह से जुड़ी दीदियों को उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत जागरूक किया का जा रहा है।

# याद किए गए भामाशाह एवं महाराणा प्रताप,पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के औरंगाबाद जिला में महाराणा प्रताप सेवा संस्थान की ओर से डेहरी रोड में महाराणा प्रताप और भामाशाह की मूर्ति विराजमान है। जो औरंगाबाद जिले की खूबसूरती को निखारने का काम करती है। यह औरंगाबाद के लिए महापुरुषों की ऐतिहासिक गौरव गाथा को याद दिलाने का कार्य करती है।

आपको बताते चलें इतिहास में महाराणा प्रताप का गौरव गाथा कुछ जब जब याद किया जाएगा तब तक भामाशाह जी की योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता है क्योंकि उन्हें ऐसा किया है। महाराणा प्रताप सेवा संस्थान समिति के मुख्य अतिथि श्री सुशील कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा भामाशाह जी एवं महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए गए तथा नमन किया गया। औरंगाबाद जिले में महाराणा प्रताप एवं भामाशाह जीके मूर्ति को स्थापित करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जगदीश सिंह जी को भी पुष्पांजलि अर्पित की गई।

भामाशाह जी के बारे में इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि उन्होंने अपनी सारी संपत्ति महाराणा प्रताप जी के कठिन समय में अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने को स्वाधीनता की रक्षा के लिए दान कर दी थी जो एक ऐसी मिसाल है जिसके कारण आज हम लोगों का वजूद कायम है।

भामाशाह जी का जन्म राजस्थान के सादरी गांव में हुआ था। उन्होंने ऐसे कारनामे करके अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लिया। औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने बताया की भामाशाह के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है क्योंकि उनकी दान की हुई संपत्ति के कारण ही महाराणा प्रताप अपनी सैन्य बल को ठीक से तैयार कर अंग्रेजों से अपने राज्यों को पुनः वापस लेकर रक्षा की तथा उन्हें खदेड़ भगाया। महाराणा प्रताप और भामाशाह जीके पद चिन्हों पर चलते हुए देश के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा करने की जरूरत है।

सम्पादकीय

# शिंदे सेना को राहत

महाराष्ट्र की राजनीति में 11 जुलाई तक इतनी यथास्थिति बरकरार रह सकती है कि शिंदे सेना के विधायकों को अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता। दलबदल विरोधी कानून के तहत वे 12 जुलाई, शाम 5.30 बजे तक अयोग्यता संबंधी नोटिस का जवाब दे सकते हैं। यदि सदन में स्पीकर का चयन हो गया, तो पूरा परिदृश्य ही बदल जाएगा। इसके अतिरिक्त कुछ भी यथावत नहीं लगता। गेंद और विशेषाधिकार राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी के पाले में हैं। चूंकि भाजपा और शिंदे सेना राज्यपाल से मुलाकात कर अलग-अलग मांग कर सकते हैं कि राज्य की महाविकास अघाड़ी सरकार बहुमत खो चुकी है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की सरकार अल्पमत में है, लिहाजा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर बहुमत परीक्षण कराया जाए। केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि 18 जुलाई को नए राष्ट्रपति के लिए मतदान किया जाना है। विधायकों और सांसदों का बहुमत भाजपा के पक्ष में निश्चित है, लिहाजा राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए इतने वोट खोये नहीं जा सकते। केंद्रीय शासन के अलावा, सिर्फ यही विकल्प शेष है कि विधानसभा में बहुमत किसके पक्ष में है, उसका परीक्षण किया जाए। चूंकि करीब 40 विधायकों ने बगावत की है, लिहाजा अधिकृत शिवसेना के पास 15-16 विधायक ही शेष हैं।

उनमें से भी टूट सकते हैं। बागी गुट खुद को असली शिवसेना मान रहा है, लेकिन तकनीकी और मान्यता के आधार पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ही शिवसेना है। उद्धव गुट का दावा है कि गुवाहाटी होटल में मौजूद विधायकों में 20 चेहरे ऐसे हैं, जो आज भी उद्धव ठाकरे के समर्थक हैं। यही परीक्षण सदन में किया जाना है। सदन में जाने से पहले बागियों की शिंदे सेना यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उस पर पार्टी की व्हिप लागू न हो। ऐसा होना असंभव है, क्योंकि सर्वोच्च अदालत ने विधानसभा के भीतर की कार्यवाही और व्हिप की वैधानिक बाध्यता पर कुछ नहीं कहा है। फिलहाल मौजूदा डिप्टी स्पीकर के संचालन में ही बहुमत परीक्षण कराया जाएगा, क्योंकि स्पीकर का पद फरवरी, 2021 से ही खाली है। राज्यपाल प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति भी कर सकते हैं। बाद में नियमित स्पीकर का चुनाव सदन में कराया जा सकता है। संभव यह भी है कि राज्यपाल फ्लोर टेस्ट का आदेश दें और शिवसेना समेत अघाड़ी सरकार उसे सुप्रीम अदालत में चुनौती दे। इतनी गुंजाइश न्यायिक पीठ ने रखी है। फिलहाल सबसे महत्त्वपूर्ण और संवैधानिक सवाल विधानसभा उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) के प्रति सदस्यों के अविश्वास प्रस्ताव का है। सर्वोच्च अदालत ने डिप्टी स्पीकर और विधानसभा सचिव को नोटिस भेजकर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत जानना चाहती है कि अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस खारिज कैसे किया गया? अपने संदर्भ में खुद डिप्टी स्पीकर ही जज कैसे बन गए? विधायकों ने डिप्टी स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव दिया है, तो प्रस्तावकों की पुष्टि क्यों नहीं की गई, उसे फर्जी किस आधार पर मान लिया गया, कार्यवाही और निर्णय के बिना वह किसी सदस्य को अयोग्य करार देने का फैसला कैसे कर सकते हैं?

ऐसे सवालों के संदर्भ में, तमाम दस्तावेजों सहित, विस्तृत हलफनामा सुप्रीम अदालत ने मांगा है। इस विषय पर सर्वोच्च अदालत पहले भी फैसला सुना चुकी है। अब यह एक और पेचीदा स्थिति अघाड़ी सरकार के सामने आ गई है, क्योंकि डिप्टी स्पीकर एनसीपी के विधायक हैं। बहरहाल सर्वोच्च अदालत के हस्तक्षेप के बाद शिंदे सेना के विधायकों को ही राहत मिली है, बेशक वह अंतरिम है।

# अवैध संबंधों से दहकता समाज

डा. वरिंदर भाटिया

देश में अवैध संबंधों से जुड़ी खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं। कुछ दिन पहले खबर थी कि पंजाब के एक शहर में पत्नी ने ऐसे संबंधों के चलते कई वर्षों के बाद विदेश से आए पति की हत्या करवा दी। इस तरह की घटनाएं पूरे देश में देखी जा रही हैं। तथ्यों पर यकीन करें तो भारत में अवैध शारीरिक संबंधों के मामले अब लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे संबंध पारिवारिक परिवेश में भी पाए जा रहे हैं और उससे बाहर भी, यानी दोनों तरफ पाए जा रहे हैं। समाज शास्त्री कहते हैं कि इसके पीछे कई कारण हैं। उनके मुताबिक, आजकल देश में सिंगल परिवार बढ़ रहे हैं। इससे पुरुष और महिलाएं दिनभर अलग-अलग रहते हैं। उन्हें टाइम पास करने के लिए किसी ऐसे साथी की आवश्यकता होती है जिससे वे दिल खोलकर अपनी बातें कर सकें। इसके लिए जो भी पुरुष या महिला उनसे मिलता है, वे उसकी तरफ आकर्षित हो जाते हैं। दूसरा कारण वर्किंग कल्चर का युग हावी होना है, क्योंकि काम के लिए आज महिलाएं और पुरुष दिनभर अपना ज्यादा समय साथ बिताते हैं, जिसके कारण एक-दूसरे के प्रति उनकी अंडरस्टैंडिंग बढ़ जाती है और दिन भर जिसके साथ वे काम करेंगे, उसके साथ एक तरह से अटैचमेंट होना एक नॉर्मल बात है। इसलिए भी आजकल अवैध संबंध टैबू यानी अमर्यादित नहीं रह गए हैं। सबसे बड़ी मुसीबत यह होती है कि ऐसे संबंधों में शामिल लोग न तो ठीक से मिल पाते हैं, न अलग हो पाते हैं। इस संबंध में शामिल लोग हमेशा मानसिक तनाव में रहते हैं। उनका संस्कार कहता है कि जो कुछ वे कर रहे हैं वह कहीं न कहीं अनुचित है, पर उनकी भावना उन्हें फिर उसी रास्ते पर चलाती है। अवैध संबंध हमेशा नुक्सानदेह साबित होते हैं, लेकिन इसमें लिप्त लोग जानबूझकर इस दलदल में गिरते हैं। अवैध संबंधों के संबंध में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आकड़े चौंकाने वाले हैं। खासकर देश की राजधानी दिल्ली को लेकर। ताजा आकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 में राजधानी दिल्ली में अवैध संबंधों को लेकर कुल 29 मामले दर्ज किए गए। यानी 2017 में हर महीने अवैध संबंधों को लेकर 2 से अधिक मामले सामने आए। दिल्ली की बढ़ती आबादी के बावजूद यह हैरान करने वाली बात है कि हर दो दिन में अवैध संबंध को लेकर हत्या तक का खुलासा होता है। आज अवैध संबंधों को लेकर पूरे देश में स्थितियां वीभत्स होती जा रही हैं। आइए, इस मुद्दे की थोड़ी बारीकी में जाया जाए। अवैध संबंध या व्यभिचार (इनसेस्ट) भारत में अपराध नहीं है। समाज इसे भले ही अपराध मानता हो, लेकिन कानूनी तौर पर इसे अपराध नहीं माना जाता है। साल 2018 में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में जारकर्म (एडल्टरी) को अपराध मानने से इनकार कर दिया था। माननीय अदालत ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 497 को रद करते हुए कहा था कि अब यह कहने का वक्त आ गया है कि शादी में पति, पत्नी का मालिक नहीं होता है। स्त्री या पुरुष में से किसी भी एक की दूसरे पर कानूनी सम्प्रभुता सिरे से गलत है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि यह प्रावधान महिला को पति की संपत्ति के रूप में पेश करता है। इससे एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचती है और उसकी सेक्सुअल चॉइस को रोका जाता है। चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अब यह कहने का वक्त आ गया है कि पति महिला का मालिक नहीं होता। हालांकि, कोर्ट ने अडल्टरी को तलाक के लिए आधार माना है। साथ ही ऐसे केस में पति के खुदकुशी करने पर उकसाने का केस भी चलेगा। कानून के कुछ जानकार यह भी कहते हैं कि दो वयस्क लोग अगर आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाएं तो कानून की नजर में इसे अपराध नहीं माना जा सकता है। एक मत ऐसा भी है कि शारीरिक संबंध बनाना अपराध नहीं है। अगर दो वयस्क लोग आपसी सहमति से संबंध बनाते हैं तो इसे अपराध कैसे माना जा सकता है। यह सामाजिक अपराध हो सकता है, नैतिक अपराध हो सकता है, लेकिन कानूनी तौर पर जुर्म नहीं हो सकता है। दो वयस्क लोगों के बीच सहमति के संबंधों को अपराध नहीं ठहराया जा सकता है। इसके अपराध न मानने की वजह भी अलग है। यह भी कहा जाता है कि दो लोगों के बीच बने शारीरिक संबंध तब अपराध होते हैं जब उसमें किसी एक पक्ष की सहमति न हो। अगर दोनों पक्षों ने सेक्सुअल इंटरकोर्स के लिए सहमति दी है तो यह अपराध नहीं है। सोशल मीडिया के युग में मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि अगर कोई इनसान पति या पत्नी अवैध संबंध में लिप्त होंगे तो सबसे पहले वो अपना मोबाइल का पासवर्ड दूसरे यानी अपने पार्टनर को नहीं बताएगा। अगर बता भी दिया तो आपके पास वो अपना मोबाइल कभी अकेला नहीं छोड़ेगा। दूसरा वो अपने पार्टनर से कटा-कटा सा रहने लगेगा यानी हर पल महसूस होगा कि वो व्यक्ति आपको इग्नोर कर रहा है और अपने ही खयालों में खोया या अपने ही मोबाइल या कल में व्यस्त रहेगा।

# देश को डराने की जेहादी मानसिकता

**राज्य में कानून-व्यवस्था चैपट है और सिस्टम नींद की गोलियां लेकर सो रहा है। अगर समय रहते ही कन्हैयालाल को सुरक्षा दे दी गयी होती तो उनकी जान बच जाती। जबकि उन्होंने जान से मारने की मिल रही धमकी को पुलिस-प्रशासन से साझा किया था। लेकिन पुलिस-प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा और जेहादी कन्हैयालाल को मौत का घाट उतारने में सफल रहे। गंभीरता से विचार करें तो यह हत्याकांड समाज में खौफ और देश को डराने वाला है। इसलिए कि दोनों जेहादियों ने कन्हैयालाल साहू की हत्या गला रेतकर की और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उनका यह वीडियो देश भर में वायरल हो रहा है जिससे समाज स्तब्ध और सन्न है। यह कृत्य तालिबानी और इस्लामिक स्टेट के आतंकियों जैसा है जो सर से धड़ अलग करके वीडियो जारी करते हैं। जिस तरह उनका मकसद दहशतगर्दी के जरिए गैर-इस्लामिक लोगों को डराना होता है, ठीक उसी तरह इन दोनों जेहादियों ने भी कुछ इसी तरह का संदेश दिया है।**





**अरविंद जयतिलक**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

राजस्थान के उदयपुर में नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर दो जेहादियों द्वारा कन्हैयालाल साहू की दिनदहाड़े हत्या रेखांकित करता है कि राज्य में कानून-व्यवस्था चैपट है और सिस्टम नींद की गोलियां लेकर सो रहा है। अगर समय रहते ही कन्हैयालाल को सुरक्षा दे दी गयी होती तो उनकी जान बच जाती। जबकि उन्होंने जान से मारने की मिल रही धमकी को पुलिस-प्रशासन से साझा किया था। लेकिन पुलिस-प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा और जेहादी कन्हैयालाल को मौत का घाट उतारने में सफल रहे। गंभीरता से विचार करें तो यह हत्याकांड समाज में खौफ और देश को डराने वाला है। इसलिए कि दोनों जेहादियों ने कन्हैयालाल साहू की हत्या गला रेतकर की और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उनका यह वीडियो देश भर में वायरल हो रहा है जिससे समाज स्तब्ध और सन्न है। यह कृत्य तालिबानी और इस्लामिक स्टेट के आतंकियों जैसा है जो सर से धड़ अलग करके वीडियो जारी करते हैं। जिस तरह उनका मकसद दहशतगर्दी के जरिए गैर-इस्लामिक लोगों को डराना होता है, ठीक उसी तरह इन दोनों जेहादियों ने भी कुछ इसी तरह का संदेश दिया है। उनका दुस्साहस देखिए कि उन्होंने खुद के बनाए वीडियों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी जान से मारने की धमकी दी है। गौर करें तो यह सामान्य नहीं बल्कि असामान्य घटना है। इससे कई तरह के सवाल उपजते हैं। मसलन क्या इस हत्याकांड के पीछे जेहादी शक्तियां हैं जो पिछले दिनों नूपुर शर्मा की टिप्पणी के मसले पर देश को जलाने की कोशिश की थी ? क्या ये शक्तियां इन दोनों हत्यारों के वीडियो के जरिए गैर-इस्लामिक समाज के लोगों को डराने की साजिश रच रहे हैं? क्या इन दोनों हत्यारों के पीछे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी संगठनों का हाथ हैं? इन सभी संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। इसलिए कि इन हत्यारों ने पूरे इत्मीनान से इस हत्याकांड को अंजाम दिया और वीडियो को जारी किया। उनकी इन हरकतों से साफ जान पड़ता है कि ये हत्यारें जेहादी आतंकी संगठनों से जुड़े हैं और इन्हें प्रशिक्षण भी हासिल है। गौर करें तो इस हत्याकांड के लिए के लिए सिर्फ दोनों जेहादी ही जिम्मेदार नहीं है। वे लोग भी जिम्मेदार हैं जो नुपूर शर्मा के मसले पर देश को जलाने और धमकाने और जेहादी तत्वों को उकसाने-भड़काने का खेल रचा। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां कानून का शासन है न कि शरिया का। अगर कोई व्यक्ति किसी धर्म या मजहब के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करता है तो निःसंदेह उसे सजा मिलनी चाहिए। लेकिन उसे सजा देने का अधिकार किसी व्यक्ति या संगठन का नहीं है। यह काम न्यायालय का है। लेकिन ऐसा जान पड़ता है कि कुछ जेहादी मानसिकता वाले लोग भारत को शरिया कानून के फ्रेम में फिट करना चाहते हैं। यह राष्ट्र की एकता से खिलवाड़ करने जैसा है। उचित होगा कि इन जेहादी मानसिकता वाले हत्यारों के खिलाफ देश निर्णायक कदम उठाए। कितना अच्छा होता कि जो लोग नूपुर शर्मा के मसले पर देश को आग में झोंकने पर आमादा थे वे इन दोनों हत्यारों के खिलाफ भी अपनी आवाज बुलंद करते। अच्छा यह भी होता कि सुदूर खाड़ी के वे देश जो नूपुर शर्मा के मामले में आगबबूला थे, वे भी इन हत्यारों के खिलाफ अपना आक्रोश दिखाते। लेकिन सभी की चुप हैं। उनकी इस चुप्पी से साफ है कि वे इन हत्यारों के साथ हैं। यह उचित है कि क्रिकेट खिलाड़ी इरफान पठान ने आगे बढ़कर इस हत्याकांड को मानवता को चोट पहुंचाने वाला करार दिया है। इसकी प्रशंसा होनी चाहिए। उचित होगा कि अब राजस्थान सरकार इस हत्याकांड से जुड़े मुकदमे को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाए और हत्यारों को उनके किए की सजा दिलाए। फिलहाल राजस्थान सरकार ने इस हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है। पर राहत की बात यह है कि केंद्र सरकार ने इस घटना को महज दो जेहादी मानसिकता वाले हत्यारों की कारस्तानी नहीं माना है, बल्कि इसकी गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए आतंकवाद निरोधी जांच एजेंसी (एनआईए) को उदयपुर भेज दिया है। संभव है कि आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून के तहत मामला दर्ज होने के बाद यह मामला जांच के लिए एनआईए को सौंप दिया जाए। सुरक्षा एजेंसियों की नजर में यह हत्याकांड आतंकी संगठनों से भी जुड़ा हो सकता है। इस हत्याकांड की जांच के लिए एनआईए इसलिए सर्वाधिक उपयुक्त है कि उसे आतंकी संगठनों को बेनकाब करने में महारत हासिल है। याद होगा गत वर्ष पहले इस राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने आतंकी संगठन आईएसआईएस से प्रेरित मॉड्यूल ह्यहरकत उल हर्ब ए इस्लामह्न के खतरनाक मंसूबे को समय रहते ही उजागर कर दिया था। यह संभव है कि कन्हैयालाल साहू के हत्यारे भी कुछ इसी तरह के आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हों। ऐसा इसलिए कि गिरफ्तार किए गए एक हमलावर की पहचान रियाज अख्तरी के रुप में हुई है जिसका संबंध पाकिस्तान स्थित दावत-ए-इस्लामी से जुड़ा पाया गया है। याद होगा दावत-ए-इस्लामी के कुछ सदस्य 2011 में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गवर्नर सलमान तासीर की हत्या समेत कई आतंकी घटनाओं में शामिल पाए गए थे। सलमान तासीर ईशनिंदा कानून के विरोधी थे। पाकिस्तान के कट्टर समूह उन्हें तनिक भी पसंद नहीं करते थे। यह भी संभव है कि दावत-ए-इस्लामी के आतंकी भारत में मौजूद हों। अन्य इस्लामिक संगठनों की तरह दावत-ए-इस्लामी संगठन भी दुनिया भर में शरिया कानून का हिमायती है। उसके सदस्य ऐसे लोगों की हत्या से तनिक भी नहीं गुरेज नहीं करते हैं जो इस्लाम के विरोधी हैं या इस्लाम पर टिप्पणी करते हैं। कन्हैयालाल साहू की हत्या के तर्ज पर गत वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हिंदू समाज पार्टी के अध्यक्ष कमलेश तिवारी की हत्या गला रेतकर कर दी गयी थी। इन दोनों हत्याओं की समानता से साफ है कि भारत में पसरे कुछ जेहादी लोगों की मानसिकता इस्लाम पर टिप्पणी करने वालों को हत्या के अंजाम तक पहुंचाना और भारत का इस्लामीकरण कर शरिया कानून लागू करना है। इस मानसिकता से निपटने के लिए बेहतर होगा कि केंद्र सरकार इस हत्याकांड को आतंकी नजरिए से ही देखे। इसलिए कि यह घटना तालिबानी और इस्लामिक स्टेट के आतंकियों द्वारा किए जाने वाले मनोभावों और प्रवृत्तियों से मिलता-जुलता है। यह सच्चाई भी है कि भारत में कई आतंकी संगठन के सदस्य मौजूद हैं। इन संगठनों के कई सदस्य पकड़े भी जा चुके हैं। ऐसे लोग आतंकी और देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होकर अपने लोगों के पक्ष में माहौल बनाते हैं। याद होगा गत वर्ष पहले जब अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के स्कॉलर से हिजबुल मुजाहिदीन कमांडर बने डा0 मन्नान बशीर वानी को मार गिराया गया उसके बाद किस तरह उस परिसर में कुछ छात्रों ने आतंकी मन्नान के जनाजे की नमाज पढ़ाने की कोशिश की। कुछ इसी तरह के जेहादी मानसिकता के लोगों ने जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय में ह्यभारत तेरे टुकड़े होंगेह्न जैसे देश विरोधी नारे लगाए। इसी तरह की मानसिकता के लोग जम्मू-कश्मीर में जवानों पर पत्थर बरसाते नजर आते हैं। इसी मानसिकता के लोग इस्लामिक स्टेट का झंडा लहराते हैं। इसी तरह के लोग संसद पर हमले के गुनाहगार अफजल गुरु की फांसी पर नमाज-ए-गायबाना की रस्म अदा करते हैं। फांसी का बदला लेने की कसमें खाते हैं। फिर क्यों न माना जाए कि इस तरह का कृत्य भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है और ऐसे देशविरोधी लोगों के खिलाफ कड़ाई बरती जानी चाहिए। ध्यान देना होगा कि विगत कुछ वर्षों में देश में ऐसे आतंकी संगठनों के हिमायती बढ़े हैं। वे सिर्फ मौके के इंतजार में रहते हैं।

# कौन बनाने चला है भारत को सीरिया

**इन दोनों देशों के वीडिया हमने देखे हैं जिनमें किसी भी मासूम की गर्दन कैसे बर्बरता पूर्वक कलम की जा रही होती थी। पर यह हमारे ही हिन्दू बहुल मुल्क में ही होगा यह तो किसी ने सोचा भी नहीं था। यह मत भूलिए कि नुपुर शर्मा की सर तन से जुदा की मांग तो लगातार हो ही रही थी। खुल्लम-खुल्ला एलान भी हो रहा था कि नुपुर शर्मा के धड़ को गर्दन से अलग कर दिया जाएगा। पर हैरानी की बात यह है कि नुपुर शर्मा के प्रति सहानुभूति रखने वाले किसी निर्दोष शख्स की भी गर्दन को धड़ से अलग कर दिया गया। अब बचा ही क्या है। निर्दोष की जान लेना शौर्य नहीं एक घृणित अमानवीय कृत्य है। तमाम चीजों से जूझ रहे देश को शांति की ज्यादा जरूरत है वह भी उस स्थिति में जब कई नेता, खासकर कट्टरपॅथी धार्मिक गुरु और उलेमा गृह युद्ध की आशंका तक जता रहे हैं**





**आर.के. सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

उदयपुर में एक नवयुवक दर्जी कन्हैया लाल की बर्बरतापूर्ण ढंग से गर्दन काटने की घटना पर देश का गुस्सा या हैरानी जायज है। आखिर ये भारत को सीरिया या इराक बनाने की एक असफल किन्तु दुस्साहसपूर्ण कोशिश है। इन दोनों देशों के वीडिया हमने देखे हैं जिनमें किसी भी मासूम की गर्दन कैसे बर्बरता पूर्वक कलम की जा रही होती थी। पर यह हमारे ही हिन्दू बहुल मुल्क में ही होगा यह तो किसी ने सोचा भी नहीं था। यह मत भूलिए कि नुपुर शर्मा की सर तन से जुदा की मांग तो लगातार हो ही रही थी। खुल्लम-खुल्ला एलान भी हो रहा था कि नुपुर शर्मा के धड़ को गर्दन से अलग कर दिया जाएगा। पर हैरानी की बात यह है कि नुपुर शर्मा के प्रति सहानुभूति रखने वाले किसी निर्दोष शख्स की भी गर्दन को धड़ से अलग कर दिया गया। अब बचा ही क्या है। निर्दोष की जान लेना शौर्य नहीं एक घृणित अमानवीय कृत्य है। तमाम चीजों से जूझ रहे देश को शांति की ज्यादा जरूरत है वह भी उस स्थिति में जब कई नेता, खासकर कट्टरपॅथी धार्मिक गुरु और उलेमा गृह युद्ध की आशंका तक जता रहे हैं कई दिनों से। अब कौन सुरक्षित रह गया है इस देश में ? कोई भी तो नहीं। कुछ तालिबानी तत्व भारत में जिस तरह से बढ़ रहे हैं वह बेहद चिंताजनक है। इस्लाम में सुधार तो अब दूर की बात ही दिखती है। पहले इस्लाम से जुड़े विद्वानों को यह चिंता करनी होगी कि ऐसे तालिबानी तत्वों को किस तरह से अलग-अलग थलग करें और इस मजहब को मुल्ला मौलवियों की जकड़न से कैसे मुक्त किया जाए। अभी देश में अल्ला के इस्लाम की जगह मुल्ला के इस्लाम को चलाने की कोशिश हो रही है! अगर इस्लाम से जुड़े लोग ऐसे तत्वों की मुखालफत में तुरॅत सामने नहीं आते, अपने नौजवानों को कट्टरपंथ के जहर से मुक्त करने की कोशिश नहीं करते, तो क्यों न मान लिया जाए कि वे भी इन तत्वों का साथ दे रहे हैं? उदयपुर में जो कुछ हुआ क्या यह पहली घटना है या फिर आपको लगता है यह आखिरी है। नहीं यह तो एक सिलसिला सा कायम किया जा रहा है। यह भी समझना होगा है कि हजारों की भीड़ जो नारे लगा रही थी सर तन से जुदा वह क्या कन्हैया लाल की मौत से दुखी हुई होगी? क्या वे लोग इस कत्ल में शुमार नहीं है? ये तमाम लोग अभी दुआ कर रहे होगे और वे दुआ किसके लिए होगी आप समझ सकते हैं। उदयपुर की घटना में जरा राजनीतिक साजिश को भी देखिए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूरे मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन की मांग की है। हत्या के बाद कांग्रेस की सक्रियता की तारीफ हो रही है। मुआवजा देने, गिरफ्तारी और त्वरित मामले की सुनवाई को लेकर। कांग्रेस के नेताओं, कार्यकताओं समेत सोशल मीडिया पर उसकी टीम अशोक गहलोत सरकार के एक्शन को आदर्श की तरह प्रस्तुत कर रही है। कांग्रेस के साथ नजर आने वाला विपक्ष भी प्रतिक्रिया देने में पीछे नहीं रहा। आनंद पटवर्धन जैसे लोगों ने भी निंदा की है। ब्रदरहुड का नारा देने वाले और कतर की जीडीपी से भारत की औकात बताने वाले भी निंदा कर रहे। वक्त का तकाजा है कि अशोक गहलोत प्रधानमंत्री मोदी से अपील करन की बजाय अपने राजस्थान को जरा संभालें। अन्य राज्यों में सक्षम सरकारें हैं और वे एहतियात भी बरत रही हैं। क्या गहलोत एक तरह से दबाव की राजनीति नहीं कर रहे हैं? क्या वे राजस्थान की घटना की जिम्मेदारी लेने से बच नहीं रहे हैं? उदयपुर से आ रही खबरों से साफ है कि राजस्थान सरकार कन्हैया लाल को सुरक्षा देने में नाकाम रही। कन्हैया लाल को पता था कि उसकी जान को खतरा है। उसने पुलिस में शिकायत भी की। वह कई दिनों से अपनी दुकान पर भी नहीं गया था। पर अशोक गहलोत के राज्य की पुलिस ने धमकी देने वालों को पकड़ने की बजाए उस बेचारे कन्हैया लाल को सतर्क रहने की हिदायत दी। ना तो आरोपियों को गिरफ्तार करने में दिलचस्पी दिखाई और ना ही पीड़ित को सुरक्षा देने में। अशोक गहलोत सरकार को बताना चाहिए कि आतॅकियों की धमकी मिलने के बाद भी कन्हैया लाल को सुरक्षा क्यों नहीं दी गई? वह भी तब जब आरोपियों ने धमकी का वीडियो भी जारी कर दिया गया था। आरोपी क्यों नही पकड़े गए? सारा देश जानता है कि राजस्थान बीते कई महीनों से जल रहा था। वहां दंगे भी हुए। नुपुर शर्मा मामले में जिस तरह बखेड़ा हुआ था उसके मद्देनजर तो इस मामले में और ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत थी। पर यह नहीं हुआ। उदयपुर की कल की घटना के बाद जिस तरह से हत्यारे अपने चाकू लहराकर इसे अपनी जीत बता रहे थे, तो उनकी बेवकूफी पर तरस आया। उन्होंने अपने एक ऐसे धार्मिक विश्वास के चलते इस हत्याकांड को अंजाम दिया जिसका उन्हें इल्म भी नहीं कि वह ठीक है या नहीं। क्या उनकी इस हरकत से उन्हें जन्नत नसीब होगी या नहीं, लेकिन आम मुसलमानों के लिए मुश्किलें जरूर बढ़ेंगी। उन दोनों हत्यारों ने एक आदमी का कत्ल किया और ऐसा करके करोड़ों मुसमलानों की ज़िंदगी को मुश्किल बढा दी। इस बीच, अपने जहरीले बयानों के लिए बदनाम एआईएमआईएम के नेता सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी ने भी कन्हैयालाल की हत्या की निंदा की है। पर जब उन्हीं की पार्टी के लोकसभा सांसद इम्तियाज जलील महाराष्ट्र में नुपुर शर्मा के बयान पर विरोध जताने के लिए हुआ एक रैली में शामिल हुए थे तब नुपुर शर्मा का सिर काटने के नारे लग रहे थे। इम्तियाज जलील ने उन शातिर लोगों को एक शब्द भी कुछ नहीं कहा था जो नारेबाजी कर रहे थे। भारत को गर्त में झोंकने की कोशिश करने वालों को कुचलना होगा। केन्द्र तथा राज्य सरकारों को कन्हैया लाल के हत्यारों और उनकी मानसिकता रखने वाले सभी को कुचलना होगा। इस बिन्दु पर अगर मगर का कोई सवाल ही नहीं पैदा होता। अगर सरकारें ये भी नहीं कर सकती तो फिर तो देश राम भरोसे ही चलेगा।

# एक और अजीब-ओ-गरीब कानून की तैय्यारी में सरकार?

निर्मल रानी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले दिनों दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान कहा कि वह सड़क पर गलत तरीके से वाहन खड़े करने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए एक कानून लाने पर विचार कर रहे हैं। इस कानून के तहत जो व्यक्ति गलत तरीके से गाड़ी की पार्किंग करेगा, उस वाहन मालिक के खिलाफ 1000 रुपए का जुमार्ना लगाया जायेगा। साथ ही यह भी की जो व्यक्ति गलत तरीके से पार्क की गयी गाड़ी की फोटो खींच कर भेजेगा यानी सरकार की मुखबिरी करेगा, सरकार उसे 500 रुपये की धनराशि इनाम के तौर पर भी देगी। गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से एक कंप्लेंट नंबर भी जारी किया जायेगा। गोया इस कानून के बनने के बाद अब रोड साइड पर केवल चार पहिया वाहन ही नहीं बल्कि मोटरसाइकिल स्कूटर व स्कूटी आदि खड़ी करने वाले लोगों को भी जुमार्ना देना होगा। इस कानून को लाने के पीछे गडकरी का तर्क है कि लोग अपने वाहनों के लिए पार्किंग नहीं देखते हैं। कहीं भी बाइक या अन्य वाहन खड़ा कर देते हैं। अतः इस नियम के शुरू होने से लोगों को ध्यान रहेगा कि गलत जगह पार्किंग करने पर एक हजार रुपये देना होगा। साथ ही इनाम के कारण लोग जागरूक भी होंगे। गडकरी के इस बयान के बाद ही आमलोगों में इस प्रस्तावित कानून को लेकर चर्चा शुरू हो गयी है। लोग यह बातें करने लगे हैं कि ऐसा कानून जनहितकारी होगा या इससे जनता में परेशानी और वैमनस्य बढ़ेगा? कहीं यह कानून भी नोटबंदी की तरह जन अहितकारी तो साबित नहीं होगा?

इसमें कोई शक नहीं कि हमारे देश के आम लोग जनसाधारण से जुड़ी तमाम बातों को लेकर काफी लापरवाह हैं। अतिक्रमण,इसके चलते बाजारों में जाम की समस्या,गलत तरीके से गाड़ी पार्क कर देना,जहां चाहा वहीं खड़े होकर मूत्र विसर्जन करने लगना,कूड़ा करकट सड़कों,गलियों व नालियों में फेंकना यहाँ तक कि पान,तंबाकू खैनी आदि खाकर कहीं भी थूक देना जैसी असहज करने वाली अनेक प्रवृति गोया लोगों का स्वभाव बन चुकी है। कोई भी सभ्य समाज इसे कतई अच्छा नहीं कह सकता। परन्तु यह एक सच्चाई है। अंग्रेजों ने इन सबसे बचने का दूसरा तरीका निकाला था जिसे हम भारतीय नापसंद करते थे। उदाहरण के तौर पर इलाहाबाद के सिविल लाइंस क्षेत्र में शहरी क्षेत्र से प्रवेश करने के मुख्य द्वारा यानी निरंजन सिनेमा के निकट रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे ब्रिटिश शासनकाल में एक बोर्ड लगाया गया था जिसपर लिखा था कि कोई भी भारतीय सायंकाल 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक सिविल लाइन क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकता। और भारतीय लोगों को रोकने के लिए इसी जगह पर दो भारतीय घुड़सवार खड़े होते थे जो अंग्रेजों के इस आदेश को अमल में लाते थे।

बुजुर्ग बताते हैं कि ऐसा नियम इसी लिये था कि शाम के वक़्त अंग्रेजों का परिवार सैर सपाटा और शॉपिंग करने निकलता था और अंग्रेज नहीं चाहते थे कि उस दौरान कोई सड़कों पर खड़े होकर मूत्र विसर्जन करता या थूक कर सार्वजनिक स्थलों को लाल पीला करता या अनर्गल चीखता चिल्लाता या अंग्रेज मेम्स की नंगी टांगें या उनके लिबास को निहारता दिखाई दे। अतः हम भारतवासियों के एक बड़े वर्ग की असहज व विचलित करने वाली इस तरह की प्रवृत्तियों से निश्चित रूप से इंकार नहीं किया जा सकता। परन्तु स्वतंत्र देश में पार्किंग नियंत्रित करने के लिये प्रस्तावित ऐसे कानून वह भी जनता को सुख पहुँचाने वाले कम और सरकारी राजस्व को बढ़ाने वाले व जनता को परेशान करने वाले अधिक प्रतीत होते हैं। इसके लिये तो सरकार को ही जगह जगह पार्किंग का प्रबंध करना चाहिये। ठीक वैसे ही जैसे कि निश्चित रूप से सड़क पर कहीं भी शौच या मूत्र विसर्जन गलत है। परन्तु यदि किसी को कहीं अचानक इसकी जरुरत महसूस हो तो इसके लिये जगह जगह साफ सुथरा शौचालय उपलब्ध कराना भी तो आखिर सरकार की ही जिम्मेदारी है? इसी तरह सरकार ने विभिन्न अलग अलग मार्गों व क्षेत्रों में वाहन की गति नियंत्रण के अलग अलग मापदंड बना रखे हैं। कहीं अधिकतम गति सीमा 40 किलोमीटर प्रति घंटा है तो कहीं 60,80 या 100 किलोमीटर। परन्तु यदि कोई वी आई पी या वी वी आई पी इनमें से किसी भी मार्ग अथवा क्षेत्र से गुजर रहा हो तो उसके लिये गति सीमा का कोई निर्धारण नहीं? यहां तक कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी अति विशिष्ट व्यक्ति के काफिले के साथ 100 और 120 किलोमीटर की रफ़्तार से भागना पड़ता है जोकि उसकी क्षमता के बाहर है। परन्तु कैमरा चालान प्रणाली से तो आम आदमी के वाहन के एक ही दिन में ओवर स्पीड के कई कई चालान हो जाते हैं? जनता को परेशान करने वाला कानून का यह दोहरा मापदंड नहीं फिर आखिर क्या है?

## संक्षिप्त खबरें

### लाखों की चोरी का सुराग नहीं लगा सकी पुलिस

सैदनगली। थाना क्षेत्र के कस्बा ढक्का में दिनदहाड़े घर से लाखों रुपये के जेवरात चोरी के मामले में पुलिस दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं जुटा सकी है। पुलिस अधिकारी फिलहाल अंधेरे में हाथ-पांव मार रहे हैं। कस्बा निवासी इकबाल उर्फ लड्डन मंगलवार को घर पर थे। एक बेटा पत्नी के संग बाहर घूमने गया हुआ है जबकि दूसरा बेटा मां को दवाई दिलाने दिल्ली गया था। बताया जा रहा है कि दोपहर में करीब एक बजे वह कमरे व घर का मुख्य दरवाजा बंद करने के बाद कस्बे में घूमने चले गए। शाम करीब चार बजे जब घर लौटे तो कमरों के दरवाजे खुले थे। जीने का दरवाजा टूटा था। सेफ समेत घर में रखा सामान बिखरा पड़ा था। लड्डन के मुताबिक घर के बराबर में डीसीएम के टायरों के निशान थे। आशंका जताई जा रही है कि डीसीएम बराबर में लगाकर चोर छत पर चढ़ गए। गृह स्वामी का कहना है कि इसके बाद जीने का दरवाजा तोड़कर कमरों में दाखिल हो गए। करीब 15 तोले सोने व एक किलो चांदी के जेवरात चोरी हुए हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। उधर, वारदात की खबर लगते ही पुलिस के बीच हड़कंप मच गया। जानकारी पर तमाम लोग भी मौके पर जमा हो गए। हलका दरोगा विपिन तोमर ने मौका मुआयना किया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस तहरीर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में कार व एक लाख न मिलने पर लगाया आरोप

अफजलगढ़। गांव मानियावाला निवासी विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में अतिरिक्त कार व एक लाख रुपया की मांग पूरी न होने पर पति पर तलाक देने तथा प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पति तथा सास ससुर सहित छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव मानियावाला निवासी विवाहिता गुलशन पुत्री मौ. याकूब ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व नदीम अहमद पुत्र इशरत हुसैन निवासी गांव मानियावाला के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक हुई थी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति नदीम अहमद, सास साबरा, ससुर इशरत हुसैन, जेठ फईम अहमद, नन्द फैमीदा तथा ननदोई मुस्तकीम उर्फ कल्लू शादी के बाद से दहेज से खुश नहीं थे और पीड़िता के साथ मारपीट कर दहेज में अतिरिक्त कार व एक लाख रुपये की मांग करते चले आ रहे थे दस माह पहले पीड़िता को पति नदीम अहमद व जेठ फईम ने मारपीट कर पीड़िता को घर छोड़ गया था पीड़िता का कहना है कि 22 जून 2022 को पति नदीम अहमद पीड़िता के घर पहुंचे और जबरदस्ती घर में घुस गए और गाली गलौज शुरू कर मारपीट पर उतारू हो गए पीड़िता के विरोध करने पर पति नदीम अहमद ने मारपीट कर तीन बार तलाक दे दिया और जान से मारने की धमकी दी जिसके चलते पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने पीड़िता गुलशन की तहरीर पर पति नदीम अहमद, ससुर इशरत हुसैन, सास साबरा, जेठ फईम, नन्द फैमीदा तथा नन्दोई मुस्तकीम सहित छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# शहीद अरविंद सिंह की याद में राष्ट्र कल्याण यज्ञ तथा श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

## प्राणों की आहुति दे आज ही के दिन शहीद हुए थे अरविंद सिंह : कैलाश त्यागी

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



कारगिल के अमर सेनानी शहीद अरविंद सिंह के बलिदान दिवस पर उनके पैतृक ग्राम छावी मिलक में उनके आवास पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी राष्ट्र कल्याण यज्ञ तथा श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान मुख्य अथिति पूर्व प्रधानाचार्य व भाजपा नेता कैलाश त्यागी ने शहीद अरविन्द को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। और कहा कि शहीद अरविंद ने आज ही के दिन अपने प्राणों की राष्ट्र बलि वेदी पर आहुति दी थी जिसके कारण कारगिल में हमारी फौज ने फतेह हासिल की थी शहीद अरविंद ने अपना बलिदान देकर स्वयं को अमर बना दिया है। हम सभी का कर्तव्य है कि इस दिन को हमें पर्व के रूप में मनाना चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी उनके बलिदान के बारे में जान सके।आपको बताते कि जम्मू कश्मीर के कारगिल युद्ध में 29 जून 1999 में शहीद हुए अरविंद सिंह की स्मृति में इस कार्यक्रम का आयोजन हर वर्ष किया जाता है आज कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्र कल्याण यज्ञ के साथ हुआ , मंगू सिंह आर्य के निर्देशन में यह यज्ञ सम्पन्न हुआ, यज्ञ में राष्ट्रकल्याण व विश्वशांति की कामना की गयी। राष्ट्र कल्याण यज्ञ के दौरान शहीद के माता पिता मुख्यमान सिंह व भाई धर्मेन्द्र सिंह मुख्य यजमान रहे।शहीद की 23 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर राजनीति विज्ञान डॉ नरेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारे वीर सेनानी सर्द रातों में माइनस डिग्री टेंपरेचर तापमान में बॉर्डर पर पहरा देते है तब कहीं जाकर राष्ट्र सुरक्षित हो पाता है हमें वीर सेनानियों की शहादत को कभी नही भूलना चाहिए । उन्होंने बताया कि फौजी बनना इतना आसान काम नहीं है सुबह उठकर नींद को खोना पड़ता है अपने सुख मय जीवन की कुर्बानी देनी पड़ती है सैकड़ों रातें सर्द हवाओं में आसमान के नीचे गुजारनी पड़ती है तब कहीं जाकर एक फौजी बनता है बड़ी लंबी दास्तां होती है फौजी की,सेना में भर्ती होना जज्बे की बात है, किंतु शहादत देना अपने आप में एक गौरवगाथा है, जो बलिदानी को अमर बना देती है।शहीद के भाई धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जब भाई अरविंद शहीद हुए थे तो उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा शहीद गेट, 25 बेड का अस्पताल, टीन शेड, सरकारी नल, और गांव का नाम शहीद अरविंद नगर करने की बात कही गयी थी लेकिन अभी तक इस प्रकार का कोई भी वायदा पूरा नहीं हुआ है जबकि आज वर्तमान में भी भाजपा की सरकार प्रदेश में है हमें प्रदेश सरकार से आज भी आस बंदी है। कि वह अपने द्वारा किए गए वायदों को पूरा करेगी।सुरेंद्र सिंह स्टेट ने कहा कि सैनिकों के बलिदान से ही राष्ट्र की एकता और अखण्डता की रक्षा होती है हमें बढ़-चढ़कर शहीद की पुण्यतिथि को मनाना चाहिए। भाजपा युवा नेता सुभम जालान ने कहा कि अमर शहीदों की शहादत कभी व्यर्थ नहीं जाती।

## प्लास्टिक यूज पर रोक को लेकर कोतवाली में बैठक

अफजलगढ़। कोतवाली प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने सहित को पूरी तरह अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। कोतवाली प्रांगण में आयोजित बैठक में नगर के भीतर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग प्रतिबंधित करने पर जोर दिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए ईओ कौशल कुमार ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों अथवा अन्य कंटेनर में सामान बेचने वाले तथा खरीदने वाले को दण्डित करने का प्रावधान है।

अन्य वक्ताओं ने प्लास्टिक हटाओ अभियान चलाने पर बल देते हुए उपस्थित लोगों से खरीद दारी के लिए कपड़े का थैला लेकर बाजार जाने का आह्वान किया। वही ईओ कौशल कुमार की अध्यक्षता तथा एसआई जीत सिंह के संचालन में आयोजित बैठक को अनेक वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर ईओ कौशल कुमार के अलावा एसआई जीत सिंह, संजीव अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, रोहिताश पंवार,हनीफ अहमद,शेख इस्माइल हिन्दुस्तानी, जाहिद, नजीबुल्लाह, साबिर अली, संजय कुमार तथा जावेद आदि उपस्थित रहे।

## खाद्य व रसद विभाग एवं औषधि प्रशासन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता



मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह की अध्यक्षता में एनीमिया तथा कुपोषण आदि से निपटने के लिए शासन की शीर्ष प्राथमिकता के अन्तर्गत फोर्टिफाइड चावल का लाभार्थियों के मध्य वितरण सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में चावल मिल मालिकों, खाद्य व रसद विभाग एवं औषधि प्रशासन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण अभिषेक शुक्ला, स्टेट लीड-उ०प्र० (राइस फोर्टिफिकेशन), पाथ विभूतिखंड गोमतीनगर लखनऊ द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण में यह बताया गया कि अब भारतीय खाद्य निगम गोदाम में चावल मिलों द्वारा फोर्टिफाइड चावल ही सम्प्रदान किया जाएगा। इसके लिए सभी चावल मिलों में ब्लेण्डर मशीन लगाया जाना अनिवार्य है। धान खरीद के अन्तर्गत क्रय केन्द्रों से प्रेषित धान की कुटाई करने के पश्चात तैयार चावल में पोषण तत्वों से युक्त थ्ज्ञ (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) 100रू1 के अनुपात में मिलाया जाएगा। फोर्टिफिकेशन के उपरान्त चावल में आयरन, फॉलिक एसिड एवं विटामिन ठ12 जैसे आवश्यक पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में लाभार्थियों को प्राप्त हो सकेगें। उल्लेखनीय है कि जनपद बिजनौर में कुल 10 चावल मिलें हैं। चावल मिलों को 31 जुलाई, 2021 तक ब्लेण्डर मशीन लगाने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी श्री के० पी० सिंह द्वारा जनपद के सभी राइस मिलर्स को शीघ्रातिशीघ्र ब्लेण्डर की स्थापना कराये जाने के निर्देश दिये गये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ज्ञान सिंह, उपायुक्त, छत्स्ड, अमित द्विवेदी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा), एफ०सी०आई० प्रबंधक, गुणवत्ता नियंत्रण तथा अन्य अधिकारीगण तथा जिले के राइस मिलर्स यामीन अहमद, कुलदीप सिंह आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अवैध चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार कर इसका चालान किया



नजीबाबाद। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान तथा थाना अध्यक्ष नेतृत्व में एक अपराधी को चाकू सहित दबोचकर उसका चालान किया,बता दे की सूचना के आधार पर पहुंचे जलालाबाद चौकी इंचार्ज चंद्रवीर सिंह, का0 नीरज ,का0 अमित ,ने ओमप्रकाश उर्फ भालू पुत्र जीत सिंह निवासी ग्राम मुस्किमपुर चोगावा,को गिरफ्तार किया तथा तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक अवैध चाकू बरामद किया अभियुक्त शातिर अपराधी बताया जा रहा है और वो गैंगस्टर से वांछित चल रहा था पुलिस ने अभियुक्त से जानकारी जुटाकर उसका चालान किया।

## गौ रक्षकों ने दिया गौशाला बनवाने हेतु उप जिलाधिकारी को ज्ञापन

धाम्पुर, प्रात : किरण संवाददाता



धाम्पुर नगर में घूम रहे छुट्टा आवारा पशुओं को गोशाला में भेजने वह नगर पालिका धामपुर में गौशाला के बनाए जाने हेतु अखिल भारतीय गोरक्षा महासंघ के नगर अध्यक्ष संयम जैन के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी धामपुर मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें प्राप्त समाचार के अनुसार संयम जैन ने उप जिलाधिकारी धामपुर से वार्ता करते हुए बताया की अखिल भारतीय गोरक्षा महासंघ काफी समय से मांग उठाते आ रही है कि नगरपालिका धामपुर में कोई गौशाला नहीं है जिससे हमें एक्सीडेंट में घूम रहे गोवंश को आश्रय स्थल तक पहुंचाने में काट काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेश के बाद भी नगर पालिका धामपुर में कोई गौशाला नहीं है आपसे निवेदन है कि नगरपालिका धामपुर में एक गौशाला का निर्माण कराया जाए जिससे गोवंश सुरक्षित हो सके साथ ही नगर धामपुर में आसपास के ग्राम में आवारा गोवंश ओं की संख्या अधिक हो गई है आए दिन रोड पर गोवंश के एक्सीडेंट हो रहे हैं जिससे गोवंश व वाहन स्वामी घायल हो जाते हैं आपसे निवेदन है एक अभियान चलाकर सभी छुट्टा आवारा पशुओं को पास के किसी गौशाला में शिफ्ट करा दिया जाए जिससे एक्सीडेंट के संभावनाएं कम हो जाएंगी हमारी उक्त मांगों को गंभीरता से लेते हुए हमारी समस्या का समाधान कराया जाए अन्यथा की स्थिति में गौ रक्षक किसी समय आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ज्ञापन देने वालों में संयम जैन, वयमकेस चौहान,आकाश महेश्वरी , अतुल सैनी,यश शर्मा ,अजय राजपूत ,तुषार मुद्गल,अमन सैनी ,आदि दर्जनों कार्यकर्ता रहे।

## आवारा सांड जमकर मचा रहा है उत्पात,कई हुए जख्मी



स्योहारा। क्षेत्र के ग्राम मकनपुर मे एक खूंखार आवारा सांड ने जमकर आतंक मचा रखा है इसको लेकर गांव में भय का माहौल है। मकनपुर निवासी ग्राम प्रधान रवि चौधरी, अनिल कुमार, राजेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह भूपेंद्र सिंह राहुल कुमार, वेद प्रकाश आदि ने बताया कि गांव के समीप एक बाग में आम घेरने वाले अनीस पुत्र हकीम निवासी ग्राम हरोली को खूंखार सांड ने जमकर रौंदा और गंभीर रूप से घायल कर दिया ।घायल इतना किया कि वह आम घेरने वाला मुरादाबाद एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती है। इसको लेकर मंगलवार की रात्रि को उपरोक्त सांड ने जमकर आतंक मचाया। आतंक इतना मचाया कि जो बाहर सोने वालों की खाट तक तोड डाली। इस आतंक को देखकर गांव में सांड से भय बना हुआ है ।सभी ग्रामीणों ने प्रशासन से उक्त सांड को पकड़ने की मांग की है।

## गंगा नदी में 40,000 मत्स्य अंगुलिकाओं का किया प्रवाह

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता



मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह उपस्थित मत्स्य कृषकों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि रिवर रैचिंग के कार्यक्रम के माध्मय से मत्स्य अंगुलिकाओं के गंगा नदी में प्रवाहित करने से गंगा जी निर्मल रहेंगी, मछुआरे समृद्ध होंगे, स्नान करने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार होगा और खुशी खुशी स्थान करेंगे। इसके अतिरिक्त यह भी बताया कि इस प्रकार की परियोजनाओं से मत्स्य अंगुलिकाओं को गंगा में प्रवाहित करने के कारण जीवों की विविधता के संरक्षण, पर्यावरण के सन्तुलन में सहायक सिद्ध होंगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न स्तर की मत्स्य तकनीकों को बहुत ही बारीकी से समझाया, जिससे उपस्थित मत्स्य कृषक संतुष्ट पाए गए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे गंगा कार्यक्रमों की भी प्रसंसा करते हुए तालाबों में मत्स्य पालन के साथ-साथ अन्य तकनीक से भी मत्स्य पालन करने पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी गयी ।

मुख्य विकास अधिकरी श्री सिंह आज प्रातः मत्स्य अंगुलिकाओं को गंगा बैराज में प्रवाह करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत रिवर रैचिंग कार्यक्रम के द्वारा बैराज स्थित गंगा नदी में गंगा के बहते जल में मत्स्य संसाधनों के सत्त उपयोग एवं मत्स्य सम्पदा के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 40,000 (चालीस हजार) रौहू, नैन एवं कतले की मत्स्य अंगुलिकाऐं मत्स्य विभाग बिजनौर की ओर से माननीया विधायिका सदर श्रीमति सुची चौधरी, मुख्य अतिथि की अध्यक्षता एवं श्री के० पी० सिंह, मुख्य विकास अधिकारी की गरिमामायी उपस्थिति में तथा अनेक मत्स्य पालकों तथा जन प्रतिनिधियों के समक्ष प्रवाहित की गयीं।

इस अवसर पर समस्त प्रतिभागियों द्वारा गंभीरतापूर्वक वक्ताओं को सुना तथा अपनी जिज्ञासाओं को शान्त करने के लिये प्रश्न किए, जिनके जवाब देते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया गया।

रिवर रैचिंग के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर, उप कृषि निदेशक, श्री गिरीश चन्द, कृषि प्रसार अधिकारी श्री योगेन्द्र पाल सिंह योगी, सहायक निदेशक मत्स्य, बिजनौर श्री एच० सी० वर्मा, श्री सतेन्द्र कुमार, मत्स्य निरीक्षक, श्री साजिद हुसैन, मत्स्य विकास अधिकारी, एवं अन्य मत्स्य विभाग के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर को प्लास्टिक मुक्त कराने की दिलाई शपथ



नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

नगर पालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों व सभासदों की एक मीटिंग नगर पालिका हॉल में आयोजित कर नगर को प्लास्टिक मुक्त कराने की दिलाई शपथ, चेयरपर्सन ने शपथ दिलाने के दौरान नगर को प्लास्टिक मुक्त करने की बात कही उन्होंने कहा कि प्लास्टिक बैग की जगह कपड़ों के बैग इस्तेमाल करें जिससे प्लास्टिक के बैग से होने वाले नुकसान से बचा जा सके जबकि सरकार द्वारा पॉलिथीन पूरी तरह से बैंन की हुई है बावजूद इसके भी कुछ लोग पालीथिन का इस्तेमाल कर बीमारियों को बढ़ावा दे रहे हैं उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सब शपथ लेते हैं कि आज के बाद किसी तरह के प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल नहीं करेंगे और अपने घरों से थेला या कपड़े का बैग लेकर ही बाजार जाएंगे और अपने नगर को स्वच्छ बनाने में हमारा सहयोग करेंगे आगे उन्होंने कहा कि सभी मेंबर्स अपने क्षेत्र में लोगों को पॉलिथीन मुक्त के प्रति जागरूक करें।

## श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

गजरौला। अमावस्या का योग बुधवार सुबह दस बजे तक बना रहा। तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा तटों पर उमड़ पड़ी। गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, संभल आदि दूर स्थानों से बाइक व अन्य वाहनों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बृजघाट गंगातट पर गंगा स्नान किया। सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

मंदिरों में पूजा कर जरूरतमंदों को दान दिया। बहुत से श्रद्धालुओं ने घर में सुख-शांति के लिए गंगाघाटों के किनारे अनुष्ठान भी करवाए। वहीं दूसरी ओर तिगरी गंगा धाम में भी श्रद्धालुओं ने गंगास्नान किया। हर-हर गंगे के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने गंगास्नान किया। वहीं आसमान में घने बादल छाने की वजह से मौसम सुहाना हो गया, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिली।

# स्टपनी बदल रहे पिकअप चालक की हादसे में मौत, क्लीनर घायल

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता



अलीगढ़ मार्ग पर आम लदी पिकअप की स्टपनी बदल रहे चालक को पीछे से आ रही दूसरी तेज गति पिकअप ने टक्कर मार दी। चालक की मौके पर मौत हो गई जबकि क्लीनर घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है ।कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली निवासी फिरोज मलिक पुत्र अशरफ पिकअप में आम लादकर थाना सैदनगली के गांव ढक्का मोड़ निवासी क्लीनर जाकिर पुत्र मतलूब के संग अलीगढ़ जा रहा था। मंगलवार देर रात पिकअप जैसे ही रहरा थाना क्षेत्र के छपना के नजदीक पहुंची की टायर पंचर हो गया। फिरोज व जाकिर पिकअप को सड़क किनारे खड़ी कर टायर बदलने लगे। इस दौरान पीछे से आ रही तेज गति पिकअप ने उन्हें रौंद दिया। 20 वर्षीय फिरोज की मौके पर मौत हो गई जबकि जाकिर घायल हो गया। खबर लगते ही परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल जाकिर का अस्पताल में उपचार चल रहा है। फिरोज पांच भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था, वह पिकअप चलाकर परिवार की गुजर-बसर कर रहा था, उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया कि हादसे में पिकअप चालक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी चालक को पिकअप समेत पकड़ लिया गया है। बताया कि चुचैला कलां निवासी आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रक्तदान करने वाले होते है महान मदन लाल



बिजनोर। धर्मार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट बिजनौर द्वारा रक्तदान कराया गया जिसमें धर्मार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट मदन लाल सैनी द्वारा कैंप लगाकर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया रक्तदान महादान है ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन लाल सैनी एड ने कहा की हमारी संस्थान गरीबो की मदद हमेशा से करता रहा है और आने वाले समय मे भी वह रक्तदान जैसे सस्था कार्ये करती रहेगी धमार्थ चेरिटेबल ट्रस्ट बिजनोर के कराये कार्यो की तारीफ कर रहे बुधवार वर को धर्मार्थ चेरिटेबल ट्रस्ट बिजनोर के द्वारा रक्दान शिवर का आयोजन किया गया जिसमें अमित कुमार बिट्टू चोधरी अवनीश कुमार सजीव कुमार सोनू सैनी अंकित सैनी राजपाल विश्कर्मा आदि ने रक्दान किया ।

# पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टिगत प्लास्टिक की जगह पेपर बैग व कपड़े के बैग का करें प्रयोग:डीएम

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुर्नचक्रण के संबंध में लगाए गए प्रतिबंध को प्रभावी तरीके से लागू करने और जागरूकता के उद्देश्य से वृहद् जन-जागरूकता अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों और स्कूली बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध पर पूरी तरह से रोक लगाए जाने और पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिगत प्लास्टिक की जगह पेपर बैग व कपड़े के बैग का प्रयोग करने की शपथ ली।इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों ने भी अपने हाथ में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग प्रतिबंध से संबंधित लिखे हुए वाक्य के माध्यम से एक स्वर में प्रयोग न करने का संदेश दिया।

जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी ने पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा, जगह जगह पर कूड़ेदान रखे जाएं। साथ ही उन्हें प्लास्टिक बैंक का नाम दिया जाए। नगर के समस्त वार्ड और मौहल्ले के लोगों को प्लास्टिक बैंक में ही कूड़ा डालने के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही बताया कि सभी लोग कपड़े का थैला प्रयोग में लाए।

प्लास्टिक थैलों का उपयोग न करें। साथ ही जनपद के सभी नगर पालिका, नगर पंचायतों में सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण। चिन्हित कर प्लास्टिक बैंक लगवाएं जाएंडीएम ने कहा,जनपद में 5 जुलाई को वृहद् वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हर व्यक्ति आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

हर पार्क और अपने अपने मोहल्ले में अच्छी प्रजाति के शानदार व फलदार वृक्ष लागए और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ल, अध्यक्षा नगर पालिका परिषद अमरोहा शशि जैन, अधिशासी अधिकारी आदि से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में बेसिक शिक्षा के बच्चे जागरूकता दफ़्ती के साथ उपस्थित रहे।

# हौसलामंद चोर हर दिन वारदातों को दे रहे हैं अंजाम



स्योहारा, प्रात : किरण संवाददाता

नगर व क्षेत्र में पिछले कई दिनों से चोरों के हौसले बुलंदियों पर चल रहे हैं,इसी क्रम में बीती रात एक बार फिर चोरों ने अपना हुनर दिखाते हुए स्टेशन मार्ग स्थित मो,दानिश पुत्र महताब अहमद की डीएनएस नाम से एक मोबाइल शॉप है जिसके ताले तोड़ते हुए बीती रात चोरों ने मोबाइल,बेटरे सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया,घटना का पता दानिश को आज सुबह दुकान खोलने पर लगा तो उसने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपकर कार्यवाही की मांग उठाई है,गौरतलब है उक्त दुकान उस्मान अली खान चौराहे से चंद कदम पर है जहां पूरी रात पुलिस का पहरा रहता है उसके बावजूद भी चोर अपना हाथ साफ कर गए और पुलिस को एक और चेतावनी दे गए,सूत्रों की माने तो नगर में आजकल जो चोर सक्रिय हैं वो बाहरी हैं जो यहां आकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं क्योंकि 3 दिन पूर्व ही मुरादाबाद मार्ग पर एक किराने की दुकान पर एक चोर को रंगे हाथों पकड़ा गया था जो सूरज नगर का बताया जा रहा था,लेकिन भागते समय वो चोटिल हो गया था तो उसको पुलिस द्वारा अभयदान दे दिया गया था।

# घास काट रही महिला पर कुत्तों ने किया हमला, मौत, लोगों ने लगाया जाम

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता



कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर में जंगल में घास काट रही महिला पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। महिला को बुरी तरह से नोच नोच कर मार डाला। शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने कुत्तों को दौड़ाया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना से नाराज लोगों ने शव हसनपुर गजरौला मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया।क्षेत्र के गांव दीपपुर में सतवीर सिंह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। घर पर पशु भी पाले जाते हैं। 40 वर्षीय पत्नी राजवती रोजाना की तरह गांव की अन्य महिलाओं के साथ बुधवार सुबह को जंगल में पशुओं के लिए घास काटने गई थी। करीब 11:30 बजे राजवती अन्य महिलाओं से कुछ दूरी पर घास काट रही थी। इस दौरान करीब 12 से 15 आवारा कुत्तों के झुंड ने महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसकी चीख निकल गई। आवाज सुनकर अन्य महिलाओं ने कुत्तों को भगाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाई। जानकारी मिलने पर गांव के अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और उन्होंने कुत्तों को काफी दूर तक दौड़ाया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

### वन विभाग के प्रति आक्रोशित हैं लोग

हसनपुर। लोग शव कब्जे में लेकर गजरौला मार्ग पर दीपपुर गेट के सामने पहुंच गए। मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोगों का कहना है कि घटना के जिम्मेदार वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए और आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाए। कुत्तों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार त्यागी का कहना है कि नाराज लोगों ने जाम लगा रखा है। जाम खुलवाने की कोशिश की जा रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ दो गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद

पटना सिटी। बाइपास थाना की पुलिस ने बाइक पर शराब लेकर जा रहे दो कारोबारिया को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार बोरा देसी शराब बरामद हुआ है। पुलिस ने तीन बाइक भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि रानीपुर चकिया से शराब तस्कर का पीछा करते हुए मरचा-मरची से आगे कनपुरा गांव से दो मुकेश कुमार और निरंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया। करीब 280 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों धंधेबाज में मुकेश कुमार व निरंजन कुमार है।

### कोरोना संक्रमित एक भर्ती, एक की छुट्टी

पटना सिटी। एनएमसीएच में बुधवार को कोविड संक्रमित बैरिया निवासी 55 साल के मरीज को भर्ती किया गया है। एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि बताया कि पहले से भर्ती मेंहदीगंज निवासी एक महिला मरीज के स्वस्थ होने के बाद उसे हिदायत दे घर जाने को छुट्टी दी गई है। दो कोविड संक्रमित मरीज का इलाज एमसीएच में चल रहा है। अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि कोविड संक्रमित मरीजों के लिए 106 बेड सुरक्षित है। इसमें 26 बेड आइसीयू का है, जबकि 14 वेंटिलेटर कार्यरत स्थिति में है। इसके अलावा बेड पर ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन की सुविधा है।

### लापता के परिजनों से मिले पप्पू यादव

पटना सिटी। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव बुधवार को आलमगंज के मछुआटोली स्थित मस्जिद घाट निवासी लापता मामा मो रियाज उर्फ बबलू व भांजा मो अलाउद्दीन उर्फ टिंकू के घर पहुंचे। पीड़ित परिवार से मिल घटना की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को आर्थिक मदद भी की। उन्होंने राज्य में गिरती विधि-व्यवस्था के लिए सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए कहा कि अपराधियों को सत्ता व विपक्ष का संरक्षण प्राप्त है। घटना को लगभग 15 दिन होने को है, मगर खाजेकलां थाना की पुलिस लापता दोनों को नहीं खोज पायी है। विदित हो कि दोनों बीते 16 जून की शाम चार बजे मछली मारने के लिए सीढ़ी घाट व दुल्ली घाट के बीच गये थे, इसके बाद से दोनों लापता हैं।

# वैशाली : पूरी प्रशासनिक टीम एक साथ प्रखंडों में पहुंचकर सुनेगी जन शिकायतें

## प्रशासन आपके द्वार के तहत 30 जून को भगवानपुर में शिविर का किया जाएगा आयोजन

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



अपना पंचायत अपना प्रशासन के तहत पंचायतों में शिविर के आयोजन के बीच डीएम यशपाल मीणा के निर्देश पर गुरुवार 30 जून को सुबह 10.30 बजे सुबह से भगवानपुर प्रखंड के लक्ष्मी नारायण महाविद्यालय परिसर में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में भगवानपुर प्रखंड के आम नागरिकों की जनसमस्याओं पर सुनवाई की जाएगी और उसका निवारण आन स्पाट किया जाएगा।

डीएम ने 35 विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों को जन समस्याओं के आन स्पाट निष्पादन के लिए सभी जरूरी तैयारी करने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी स्वयं भी उपस्थित रहेंगे। प्रशासन आपके द्वार के तहत आयोजित होने वाले शिविर में डीएम के अलावा वैशाली के अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर, डीसीएलआर हाजीपुर, प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, अधीक्षक मद्य निषेध, जिला योजना पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, श्रम अधीक्षक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, विद्युत प्रोजेक्ट एवं आपूर्ति, लघु सिंचाई प्रमंडल, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग,

**कार्यक्रम**
- डीएम ने एक साथ 35 विभागों का स्टाल लगाकर समस्याओं के निष्पादन का दिया निर्देश

स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भवन प्रमंडल, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका, जिला प्रबंधक डीआरसीसी को कार्यक्रम स्थल पर अपने-अपने विभाग से संबंधित काउंटर स्थापित कराने एवं आवेदन की प्राप्ति तथा संधारण के लिए उसमें पर्याप्त संख्या में कर्मियों की पंजी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया है। प्रशासन आपके द्वार के तहत लगने वाले शिविर में आने वाले लोगों से लिखित जनसमस्याओं की प्राप्ति एवं संधारण के लिए कार्यक्रम स्थल पर मे आई हेल्प यू काउंटर का निर्माण किया जाएगा। सभी आवेदकों से आवेदन पत्र इसी काउंटर पर संधारित होकर जिलाधिकारी के माध्यम से संबंधित जिलास्तरीय पदाधिकारी को आन स्पाट निष्पादन के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम की सफलता के लिए इस प्रखंड क्षेत्र में समुचित प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक आमजन को समस्याओं से जिला प्रशासन रूबरू हो सके। प्रशासन आपके द्वार के तहत आयोजित शिविर में बताया कि कोविड-19 गाइडलाइन के परिप्रेक्ष्य में फिजिकल डिस्टेंसिंग व अन्य व्यवस्था के साथ आम जनता एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठने की समुचित व्यवस्था कराने, पदाधिकारियों द्वारा आम जनता से संवाद के लिए पर्याप्त संख्या में माइक आदि की व्यवस्था कराने तथा कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था कराने का निदेश दिया गया है।

# गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक ही परिवार के 5 झुलसे



जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- दो बच्चों की हुई मौत
- खाना बनाने के दौरान हादसा

घोसी थाना क्षेत्र के अलालपुर गांव में बुधवार को गैस सिलेंडर लीक होने से एक घर में आग लग गई। इसमें दो बच्चों की मौत गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। बताया जाता अलालपुर गांव निवासी अर्जून मिस्त्री के घर में गैस सिलेंडर पर भोजन बन रहा था। इस दौरान गैस लीक हो गया।

इसके बाद विस्फोट के साथ घर में आग लग गई। चीखने की आवाज सुनकर गांव के लोग घर के पास पहुंचे। लेकिन, तब तक आग की तेज लपटें पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया था। इस घटना में 6 साल की रानी कुमारी और 4 साल के ईशु कुमार की झुलसने से मौत हो गई। जबकि बबीता देवी, संजय विश्वकर्मा, रवि उर्फ रौशन कुमार भी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर की ओर से इलाज किया जा रहा है। इस घटना से पूरे गांव में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया है। सभी लोग इधर उधर भागने लगे। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है। वही सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### बीज वितरण मे उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर हुए सम्मानित



गड़हनी। खरीफ महाभियान के अन्तर्गत ई किसान भवन गड़हनी मे खरीफ फसल हेतु किसानो के बीच बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण मे कृषि समन्वयकों एवं किसान सलाहकारो की भूमिका काफी सराहनीय रही। जिला कृषि पदाधिकारी भोजपुर मनोज कुमार द्वारा भोजपुर जिले मे बीज वितरण करवाने मे उत्कृष्ट कार्य करने को ले प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले तीन प्रखण्डो को चयनित कर सम्मानित किया प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इसके लिए गड़हनी को तृतीय स्थान मिला जिसमे बड़ौरा पंचायत हेतू कृषि समन्वयक सतेन्द्र सिंह एवं किसान सलाहकार अंजय कुमार और बलिगाँव पंचायत मे कृषि समन्वयक राजीव कुमार एवं किसान सलाहकार अनिल कुमार सिंह को जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा स्मार पत्र एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया है।

# अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ ने 2 दिन भी रखी दुकाने बंद

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ सराय के द्वारा बुधवार को दूसरे दिन भी अपनी अपनी दुकाने बंद कर हाजीपुर मरई रोड स्थित नीलम ज्वेलस के मालिक सुनील कुमार कि लूट के बाद हत्या का विरोध किया गया । दो दिवसीय धरना एवं सत्याग्रह कार्यक्रम वैशाली जिला में जगह जगह किया जा रहा है सभी व्यवसाई हत्यारे को अविलम्ब गिरफ्तार करने कि मांग कर रहे है साथ साथ सभी व्यवसाईयो को सुरक्षा देने कि भी मांग किया गया। व्यवसाईयो ने कहा कि वैशाली जिला में अपराधियों का तांडव हो रहा है ,पुलिस प्रशासन मुक दर्शक बन देख रही है वैशाली जिला मे कब क्या किसके साथ हो जाये कहना मुश्किल है।सत्याग्रह करने वालो में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ सराय के अध्यक्ष शंकर साह, उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार, उप सरपंच सह पंच सरपंच संघ के प्रदेश सचिव पंकज कुमार गुप्ता,अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के जिलाध्यक्ष कुणाल कुमार गुप्ता,मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के प्रभारी राजेश्वर प्रसाद गुप्ता,रालोजपा नेता जय प्रकाश नकुल,मनीष कुमार गुप्ता,भीम राज गुप्ता, रामप्रवेश साह,प्रभु साह, आलोक कुमार सोनी,नंदू साह, रामलखन साह,अमर नाथ गुप्ता,मुकेश कुमार,नागेश कुमार,धर्म साह,ललित कुमार,अबधेश कुमार,जीतेन्द्र कुमार,गुलाब कुमार,राकेश कुमार,चंदन कुमार,दुर्गा कुमार,दीपक कुमार,मुकेश कुमार,पप्पू कुमार,सुरेंद्र कुमार,त्रीलोकी साह,दीनानाथ साह,दिनेश कुमार,कुंदन कुमार,अजीत सिंह,गोपाल कुमार,शत्रुधान साह आदि ।

### नगर पंचायत कुर्था में सफाई कर्मचारियों की छ्ठे दिन भी हड़ताल जारी

**कुर्था, अरवल।** नगर पंचायत कुर्था के सफाईकर्मी तीन महीने के बकाये वेतन भुगतान की मांग को लेकर पिछले 6 दिन से हड़ताल पर हैं। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से नगर पंचायत क्षेत्र में सड़कों की सफाई सहित कूड़ा उठाव का काम पिछले 6 दिन से ठप है। बताते चलें कि नगर की सफाई व्यवस्था में करीब 22 सफाई कर्मी लगे हुए हैं। सफाईकर्मी अमरजीत कुमार उपेंद्र डोम राजेश डोम घुटर डोम, आशा देवी,पूनम देवी,राधा देवी आदि ने बताया कि पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा है, जबकि सफाई के नाम पर प्रतिमाह लाखों रुपये की निकासी होती है। इधर, सफाई कर्मियों की हड़ताल से नगर पंचायत में जगह जगह कूड़े व गंदगी के ढेर लग गए हैं। गंदगी के ढेर से निजात को लेकर नगर प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। ऐसे में आम लोग इसे प्रशासनिक उदासीनता की हद मान रहे हैं। बहरहाल, सफाई कर्मियों की हड़ताल की वजह से नगर पंचायत कुर्था की स्थिति नारकीय हो गई है। जगह जगह फैली गंदगी के ढेर से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने के दौरान झड़प, 7 घायल

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



जिले के कटेया थाना क्षेत्र के पंचदेवरी प्रखंड के मोतीपुर गांव में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने के दौरान ग्रामीणों से झड़प हो गयी। इसमें सीओ के गार्ड, राजस्व कर्मचारी व पांच ग्रामीण घायल हो गये। तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। ईंट-पत्थर भी चले। सीओ के गाड़ी के क्षतिग्रस्त होने की भी सूचना है। मामला बिगड़ते देख मौके पर कटेया, भोरे, विजयीपुर समेत कई थानों की पुलिस को बुला लिया गया।

अतिक्रमण स्थल के आस-पास काफी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गयी। इसके बाद वहां जेसीबी से सरकारी जमीन को खाली कराया गया। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम सीओ आदित्य शंकर के नेतृत्व में पुलिस बलों के साथ पदाधिकारियों की टीम मोतीपुर में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने पहुंची। सीओ के अनुसार उक्त जमीन का चयन सामुदायिक भवन के लिए किया गया है। कुचायकोट के विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय द्वारा इस जमीन पर अतिक्रमण के मामले को विधान सभा में उठाया गया था। वहां से मामले को लोक शिकायत में भेज दिया गया। अनुमंडल लोक शिकायत के निर्देश पर मंगलवार की शाम सीओ आदित्य शंकर के नेतृत्व में स्थानीय पदाधिकारियों की टीम जेसीबी लेकर उक्त जमीन को खाली कराने पहुंच गयी। आरोप था कि इस गांव के अरविंद राय, महेश चैहान, शिवजी शर्मा व बुटाई शर्मा द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटवाने के दौरान वहां विवाद शुरू हो गया। इसी को लेकर पुलिसकर्मियों व पदाधिकारियों द्वारा पिटाई की गयी, जिसमें महेश चैहान, मीरा देवी, निशा कुमारी, अजीत चैहान व नीतीश कुमार घायल हो गये। इन सभी घायलों का इलाज गोपालगंज में कराया जा रहा है। वहीं,सीओ का कहना है कि अतिक्रमणकारी जमीन खाली कराने के दौरान विवाद पैदा कर दिये। ईंट-पत्थर चलाकर सरकारी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिये। गार्ड व राजस्वकर्मी को भी घायल कर दिये। सीओ का कहना है कि एक-दूसरे पर अतिक्रमण हटवाने का आरोप लगाते हुए अतिक्रमणकारी आपस में ही मारपीट किए है। वहां स्थिति तनावपूर्ण हो गयी थी। इसके बाद वरीय पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार कई थानों की पुलिस को बुलाकर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इस मामले को लेकर सीओ आदित्य शंकर ने अतिक्रमणकारियों सहित 15 नामजद व 50 से अधिक अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है।

# किशोर लापता, आक्रोशित परिजनों ने किया प्रदर्शन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अगमकुआं थाना क्षेत्र के जयपुर धनुकी निवासी निरंजन महतो का 16 साल का बेटा साहिल वर्मा लापता है। पुलिस उसे खोजने में अबतक सफल नहीं हुई है। इससे आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने शाम में प्रदर्शन किया। पिता ने बताया कि बेटा साहिल 25 जून की रात करीब आठ बजे घर से कुछ दूर दूध पहुंचाने गया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा है। पंचशील स्कूल के पास से ही गायब हुआ है।

कारण कि दूध का बर्तन वहीं पर रखा मिला है। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चलने पर लिखित जानकारी अगमकुआं थाना की पुलिस को दी है। पिता का कहना है कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है, मगर बच्चे की खोजबीन में अभी तक ठोस कदम नहीं उठाया है। पुलिस ने रूट में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी नहीं खंगाला है। परिवार के लिए लगातार बच्चे की तलाश में भटक रहे हैं। परिजन का कहना है कि थाना से पूछे जाने पर बार-बार एक बात को बताया जा रहा है कि तलाश जारी है। ऐसे में परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शाम में धनुकी के पास प्रदर्शन किया। लापता साहिल दशम का परीक्षार्थी है। इधर अगमकुआं थाना की पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रास्ते व एमसीएच भवन में पानी ही पानी

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

आषाढ़ मास की पहली बार हुई करीब ढाई-तीन घंटों की झमाझम बारिश ने एनएमसीएच परिसर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रास्ते से लेकर एमसीएच भवन को पानी ही पानी कर दिया। हालांकि पूर्व में की गई तैयारी से मेडिसीन विभाग के इंडोर में पहले से छोटा मोटर और टुल्लू पंप लगाया गया था, जिससे बारिश होने पर चालू कर दिया गया। परिसर का पानी भी सम्प हाउस का मोटर चलने से निकल गया। हालांकि अधीक्षक कार्यालय के किरानी ऑफिस में थोड़ा पानी प्रवेश कर गया था। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जाने के रास्ते में में भी खासा जलजमाव था, तो एमसीएच भवन के छत से लगातार बारिश का पानी गिरने से जलजमाव हो गया। कोरोना संक्रमित मरीज को इसी भवन में रखने के साथ ही शिशु व उसकी माता का इलाज किया जाता है।

# नीतीश सरकार में विकास के नए रास्ते पर चल रहा बिहारः आदित्य

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू जिलाध्यक्ष आदित्य षंकर षाही ने कहा कि नीतीश सरकार में बिहार विकास के नए रास्ते पर चल रहा है। आने वाले समय में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का चहुंमुखी विकास हुआ है। आज बिहार के विकास की चर्चा पूरे देश में है।

नल जल योजना से लाखों-करोड़ों लोगों को शुद्ध और स्वच्छ पानी मिल रहा है। गांव-गांव गली-गली में पक्की सड़कें हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। नीतीश कुमार की सरकार ने अपने काम के बल पर जनता का विश्वासपात्र बनी हुयी है। उन्होने कहा कि 2005 के बाद नए बिहार के निर्माण की नींव रखी गयी थी। और आज बिहार दुनिया के सामने खडा



- जदयू जिलाध्यक्ष ने गिनाई सरकार कर उपलब्धिया

है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नीतीश सरकार को अपने कार्यो की गिनती करवाने की जरूरत नही है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं अतिपिछडों, अनुसुचित जाति, अल्पसंख्यकों, युवाओं के लिए कई महत्वपुर्ण कार्य किए है। दहेज प्रथा, शराबबंदी व बाल विवाह जैसे कानुन लाकर बिहार ही नही देष में मिषाल कायम की है।

### सिटी में चहुंओर जलजमाव से लोग बेहाल दोपहर में निकला पानी

**पटना सिटी।** शहरी क्षेत्र के गुरु गोविंद पथ, दुंदी बाजार, जंगली प्रसाद लेन, बंगाली कॉलोनी, भीतरी बेगमपुर, मारूफगंज, दलहट्टा, मीरजवान की छावनी, नगला, मोगलपुरा, छोटी बाजार, सदर गली, लोदीकटरा, दीवान मोहल्ला-नौजरकटरा, गुलजारबाग हाट, रोड, एनएमसीएच रोड, जल्ला रोड, महराजगंज, अशोक राजपथ के त्रिपोलिया से पत्थर की मस्जिद, दरगार रोड, अंबेडकर कॉलोनी सहित कुछ कालोनियों के रास्ते में, ट्रांसपोर्ट नगर आदि एरिया में जलजमाव रहा। हालांकि नगर निगम की टीम और निवर्तमान पार्षद या उनके प्रतिनिधि के द्वारा भी बॉब कट, जेसीबी की मदद से रास्ता या नाला कटवा कर पानी निकलवाने का काम किया गया। वार्ड 62 में तत्कालीन पार्षद तारा देवी के पति उमेश मेहता व बेटा रविरोशन के द्वारा सार्थक प्रयास कर पानी का निकासी कराया गया। लिए सीढ़ी घाट व दुल्ली घाट के बीच गये थे, इसके बाद से दोनों लापता हैं।

# गोपालगंज में स्कॉपियों से 50 कार्टन विदेशी शराब बरामद

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

- छपरा के दो धंधेबाज गिरफ्तार

जिले के भोरे पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए यूपी से छपरा जा रही शराब लदी स्कॉर्पियो को पकड़ लिया। इस दौरान छपरा के दो बड़े शराब तस्करों को पकड़ लिया। गाड़ी में से पुलिस ने कुल 50 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस अब शराब के इस बड़े सिंडिकेट को धवस्त करने में जुटी है। दोनों तस्करों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया।

बताया जाता है कि भोरे थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव को यह गुप्त सूचना मिली थी कि छपरा के बड़े शराब तस्कर यूपी से शराब लेकर भोरे के रास्ते गुजरने वाले हैं। सूचना सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष द्वारा एक टीम गठित किया गया। जिसमें एएसआई प्रभात कुमार सहित कुल पांच लोगों को शामिल किया गया। टीम ने थाना क्षेत्र के धरहरा वृति टोला गांव स्थित नहर के पास वाहनों को चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान यूपी की तरफ से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो आती दिखी, जिसे रोक कर तलाशी ली गई। जिसमें से शराब के 50 कार्टन बरामद किये।

इन शराब के कार्टन से पुलिस ने कुल 2400 शराब की बोतलें बरामद की गई। इस दौरान गाड़ी में बैठे दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान छपरा जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र के पहलेजा शाहपुर गांव के राजेश कुमार और सूरज कुमार सिंह के रूप में की गई है। दोनों ने पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस के सामने कई आवश्यक जानकारियां दी हैं। जिसके आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हाजीपुरः बसंत विहार लाइन होटल संचालक की हत्या में जमीन कारोबारियों के हाथ

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता




- तीन माह पूर्व होटल संचालक विवेक उर्फ पेंटर और ग्राहक लाला राय की हुई थी हत्या
- दोहरे हत्याकांड में कुछ बड़े जमीन कारोबारियों के हाथ, सुपारी देकर कराई गई घटना

शहर के महात्मा गांधी सेतु रोड स्थित बसंत विहार लाइन होटल संचालक विवेक कुमार उर्फ पेंटर तथा एक ग्राहक लाला राय की हुई दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। एसपी मनीष ने बताया कि यह हत्या जमीन कारोबार में आपसी रंजिश को लेकर हुई थी। इसमें कुछ बड़े जमीन कारोबारियों का भी हाथ है। साजिशकर्ताओं ने हत्या के लिए शूटर का इस्तेमाल किया, जिसे इस काम के लिए छह डिजिट में सुपारी का भुगतान किया गया था।

घटना को लेकर गठित एसआईटी ने दोहरे हत्याकांड में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक कट्टा और दो कारतूस भी बरामद किया गया है। पकड़े गए दोनों बदमाशों के लंबे आपराधिक इतिहास हैं। इसके साथ ही घटना को अंजाम देने वाले दोनों शूटर की भी पहचान कर ली गई है।एसपी मनीष ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान इस दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि घटना 24 मार्च 2022 की शाम औद्योगिक क्षेत्र थाने के महात्मा गांधी सेतु रोड स्थित बवंत विहार लाइन होटल में घटी थी। बाइक सवार दो सशस्त्र बदमाशों ने होटल संचालक लालबाबू चौधरी के छोटे भाई विवेक उर्फ पेंटर के साथ मारपीट करते हुए गोली मार दी। वहीं इस दौरान मारपीट का विरोध करने वाले एक चालक लाला राय को भी गोली मार दी गई। घटना में दोनों की मौत हो गई थी। घटना को लेकर एसआईटी का गठन किया गया था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि विवेक उर्फ पेंटर लाइन होटल के साथ ही जमीन का कारोबार करता था। इसी में औद्योगिक क्षेत्र के साढ़े छह कट्ठा जमीन को लेकर विवाद हुआ था और कुछ जमीन कारोबारियों ने एक सुनियोजित तरीके से योजना बनाकर सुपारी किलर को हायर कर उसकी हत्या करवा दी। इस मामले में पकड़े गए सुजीत कुमार सिंह, पिता दिग्विजय सिंह, ग्राम पकौली, थाना बिदुपुर और रविंद्र कुमार सिंह, पिता अरविंद सिंह, ग्राम खिलवत, थाना बिदुपुर जिला वैशाली ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि विवेक उर्फ पेंटर की जमीन कारोबार के रंजिश में हत्या की गई थी। एसपी ने बताया कि हत्या की साजिश करने वालों में पकड़े गए दोनों बदमाश भी शामिल थे। इसके लिए सुपारी किलर हायर किया गया था, जिसे साजिशकर्ताओं ने छह डिजिट में सुपारी का भुगतान किया था। उन्होंने बताया कि शूटर की पहचान अमरेश और शशि के रूप में की गई है। वह घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज में भी पाया गया है। उसकी भी जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। एसपी के अनुसार इस मामले में पकड़े गए रविंद्र कुमार सिंह के विरुद्ध बिदुपुर थाने में एक दर्जन के अलावा राजापाकर, बलिगांव, गंगाब्रिज, औद्योगिक क्षेत्र और नगर थाने में डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक मामले पहले से ही दर्ज है। वहीं सुजित कुमार सिंह के विरुद्ध विभिन्न थाने में अनेक मामले दर्ज हैं। अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### दर्जनों महादलित परिवार ने थाने में पहुंचकर कराया मामला दर्ज

**कुर्था अरवल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मानिकपुर ओपी अंतर्गत उत्तरामा महादलित टोले में बुधवार के मछली मारने को लेकर हुए विवाद में महादलित परिवार के साथ उत्तरामा गांव के कुछ लोगों ने जमकर मारपीट कर दी हालांकि दर्जनों की संख्या में महादलित परिवार में कुर्था थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई महादलित परिवार के लोगों का कहना था कि गांव के ही सतीश शर्मा हम लोगों को बुलाए थे कि आओ और तालाब से मछली मारो और आधे आध हम लोग आपस में बांट लेंगे जब हम लोगों ने तालाब से मछली मार ली तो उनके द्वारा कहा गया कि अब इसमें से एक भी मछली तुम लोगों को नहीं दूंगा जब हम लोगों ने कहा कि हम लोगों पर आधी आधी मछली देने की बात हुई थी तो फिर हमें मछली क्यों नहीं दिया जाएगा बस इतना कहते ही हम लोगों के साथ उतरामा गांव निवासी सतीश शर्मा व उनके पुत्र विवेक कुमार, रौशन कुमार पिता बिहारी शर्मा लालजी कुमार पिता बिहारी शर्मा,चंदन कुमार पिता सहजा शर्मा मारने लगा हालांकि उक्त घटना के बाद महादलित समुदाय के लोगों ने कुर्था थाने में पहुंचकर 5 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने को ले डीएम ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने जिले में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा चिकित्सा व्यवस्था के सघन पर्यवेक्षण को लेकर बुधवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम चिकित्सकों की उपस्थित पंजी एवं डीयूटी रोस्टर का जांच किया तथा सभी को स्पष्ट निदेश दिया गया कि वे अपने-अपने निर्धारित समय से रोस्टर के अनुसार अस्पताल में उपस्थित रहें।

अन्यथा अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल में साफ-सफाई पर असंतोष व्यक्त करते हुए चयनित एजेंसी कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परिसर को पूरी तरह साफ एवं स्वच्छ रखना सुनिश्चित करें। साथ ही सिविल सर्जन एवं अधीक्षक को निर्देश दिया कि साफ-सफाई का सघन अनुश्रवण



- अपने-अपने निर्धारित समय से रोस्टर के अनुसार उपस्थित रहें चिकित्सकः रिची
- कहा, अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का करें ख्याल

करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया तथा सिविल सर्जन को साफ-सफाई, मरम्मती एवं रंग-रोगन कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल परिसर में निमार्णाधीन 50 बेड का प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल का निरीक्षण किया एवं कार्य प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया करते हुए बीएमएसआईसीएल के संबंधित पदाधिकारियों एवं संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कार्य में तेजी लाते हुए 15 अगस्त तक निर्माण कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सिविल सर्जन को निदेश दिया कि दवाओं की जैसे ही खपत होती है तो उसके आपूर्ति हेतु मांग कर दिया जाए। सदर अस्पताल परिसर अवस्थित ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते समय जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऑक्सीजन की आपूर्ति निर्बाध रखने को लेकर अवश्य कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 30 जून, 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### तालाब में डूबने से एक बच्चे की हुई मौत

सुगौली। थाना क्षेत्र के सरहरी में तालाब में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्रखंड के उत्तरी सुगांव पंचायत के सरहरी निवासी दशरथ भगत का 10 वर्षीय पुत्र करण कुमार बुधवार को तालाब के किनारे टहल रहा था। इसी बीच उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी मे चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को देख आसपास के लोग पहुंचे और बच्चे की तलाश में जुट गए। घटना की खबर मिलते ही बच्चे के परिजन रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंच गए, बच्चे को तालाब से निकाला गया, तब तक वह मर चुका था। बच्चे के शव से लिपट कर रोते-रोते परिजनों का बुरा हाल हो गया था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच, शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।

### नाला साफ करने के दौरान जहरीले सांप ने डंसा, मौत

गोपालगंज। जिले के कटेया थाना क्षेत्र के त्रिलोकवा गांव में बुधवार की सुबह बारिश के पानी से भरे नाले को साफ करने के दौरान जहरीले सांप ने एक व्यक्ति को डंस लिया। जिससे वह अचेत हो गया। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल देवरिया ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक सहारा बैंक में एजेंट के रूप में कार्यरत थे।

# अत्यधिक भारी वर्षा तथा वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी, सतर्क रहें जिलेवासी

## 29 जून को मध्याह्न 12 बजे तक गंडक बराज से छोड़ा गया दो लाख तीन हजार क्यूसेक पानी

बोधगया, प्रात : किरण संवाददाता



निर्देश

● नदियों के जलस्तर, तटबंधों एवं निचले इलाकों में बसावटों की सतत निगरानी करने का निर्देश

आपदा प्रबंधन विभाग, भारत मौसम विज्ञान विभाग, पटना द्वारा जारी अत्यधिक भारी वर्षा एवं वज्रपात अलर्ट तथा बरसात मौसम के मद्देनजर जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार द्वारा अत्यधिक भारी वर्षा, मेघ गर्जन, वज्रपात के प्रभाव से निपटने हेतु प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा कोषांग, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ को अलर्ट मोड में रहकर एहतियातन सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी अपने सूचना तंत्र को पूर्णतः क्रियाशील रखें ताकि आपदा से संबंधित सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो सके। एसडीएम, बगहा वाल्मीकिनगर गंडक बराज के जलस्तर की प्रॉपर निगरानी एवं प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर पानी डिस्चार्ज से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निदेश दिया कि जरूरतमंदों के बीच पॉलीथिन शीट्स का वितरण अविलंब कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने अंचलाधिकारियों को निदेश दिया कि अगर किसी गांव/पंचायत में ठनका गिरने से किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो इसकी सूचना अविलंब आपदा प्रबंधन शाखा को दें और निदेर्शानुसार मृत व्यक्ति के आश्रित को 24 घंटे के अंदर मुआवजा राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही वज्रपात (ठनका) की सूचना तुरंत पाने के लिए बिहार सरकार द्वारा डेवलप किये गये इन्द्रवज्र एप के बारे में आमजनों को अवगत करायें।

जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि आपदा प्रबंधन विभाग, मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा जारी मौसम चेतावनी का प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से जिलेवासियों को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि आमजन सजग और सतर्क रहते हुए अत्यधिक भारी वर्षा एवं वज्रपात आदि से सुरक्षित रह सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखेंगे तथा तटबंधों की नियमित निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि आंधी-तूफान के दौरान सड़कों पर पेड़ आदि गिर जाते हैं, जिससे आवागमन में बाधा पहुंचती है।

सभी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि पेड़ गिरने की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाय तथा त्वरित गति से यातायात व्यवस्था सुचारू करने की कार्रवाई करेंगे। सभी अंचलाधिकारियों को निदेश दिया गया कि माईकिंग के माध्यम से आमजन को अत्यधिक भारी बारिश, तेज आँधी, वज्रपात से बचाव हेतु जागरूक करेंगे। किसानों एवं तटवर्ती इलाकों में निवास करने वाले लोगों को सुरक्षित स्थलों पर निवास करने, घरों में रहने आदि के संबंध में माइकिंग के माध्यम से जागरूक करने का निदेश दिया गया है। साथ ही सभी आश्रय स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं अपडेट रखने हेतु निदेशित किया गया है। उन्होंने कहा कि फ्लड फाइटिंग कार्य से संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता पूरी मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करें। गत वर्ष आयी बाढ़ आपदा के समय सभी ने अच्छा कार्य किया है। ऐसे ही संभावित बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए अपना बेस्ट दें। फ्लड फाइटिंग टीम सभी आवश्यक संसाधनों के साथ हमेशा अलर्ट रहेगी तथा आवश्यकतानुसार फ्लड फाइटिंग कार्य सम्पन्न करायेगी।

जिला आपदा प्रभारी को निदेशित किया गया कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी निदेश तथा संभावित बाढ़ के मद्देनजर एसडीआरएफ की टीम को सभी आवश्यक संसाधनों के साथ पूरी तरह अलर्ट मोड में रखना सुनिश्चित करेंगे ताकि विषम परिस्थिति में जान-माल की सुरक्षा की जा सके। साथ ही सभी अंचलाधिकारियों को नाव, नाविकों आदि की समुचित व्यवस्था करने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है।

# गोपालगंज में दो एटीएम काट कर करीब सात लाख की चोरी

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के हरदिया चैक पर प्राइवेट बैंकिंग कंपनी की दो एटीएम से करीब सात लाख रुपए की चोरी कर ली गयी। घटना मंगलवार की देर रात की बताई जा रही है। हरदिया चैक से महज डेढ़ किलोमीटर उत्तर महम्मदपुर थाने के बिलरपुर गांव के पास हथियार बंद अपराधियों ने माला देवी की एसबीआई की सीएसपी से 4.50 लाख रुपये लूट लिए थे। 36 घंटे के दौरान जिले के पूर्वांचल में दो बड़ी घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि हरदिया चैक स्थित एनएच 101 के किनारे इंडिकैश कंपनी की एटीएम स्थापित की गयी थी। जिसमें दो मशीन लगाए गए थे। दोनों मशीन में 22 जून को ग्यारह लाख रुपए डाले गए थे। मंगलवार की देर रात बारिश का फायदा उठाते हुए चोर एटीएम के दोनों बक्सा काटकर रुपए निकाल लिए। हालांकि एटीएम से कितनी राशि चोरों ने उड़ायी है। इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी है। एटीएम कंपनी के अधिकारी एवं कर्मी स्टेटमेंट निकालने के बाद ही चोरी हुई राशि के बारे में बता पाएंगे। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष धनंजय राय ने हरदिया चैक पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इंडिकैश कंपनी के अधिकारियों द्वारा अब तक आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# नलकूपों के सफल संचालन का लेकर कार्यक्रम संपन्न



बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता

● कार्य कराने के उपरांत उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित करने का निदेश

उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राजकीय नलकूपों के सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव एवं विभागीय अभियंताओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव एवं विभागीय अभियंता उपस्थित रहे। समीक्षात्मक बैठक में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, बेतिया द्वारा सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव को संकल्प में उल्लेखित दिशा-निर्देशों को बिन्दुवार तरीके से अवगत कराया गया। साथ ही नलकूप योजनाओं के सफल संचालन एवं मरम्मति के संदर्भ में ग्राम पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव एवं विभागीय अभियंताओं को उनके अपने-अपने दायित्वों से अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को चालू एवं बंद नलकूपों की सूची उपलब्ध कराने हेतु एवं संबंधित मुखिया को भी सूची उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही लघु जल संसाधन, बेतिया अंतर्गत सभी पदाधिकारियों का मोबाईल नंबर कार्यक्षेत्र के अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित मुखिया को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि वैसे मुखिया जिनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, वे अविलंब कार्य प्रारंभ करायें। कार्य कराने के उपरांत उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यकारी विभाग को उपलब्ध करायें। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा कुछ बिन्दुओं पर पूछे गये सवालों के संबंध में उपविकास आयुक्त एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया तथा उनकी समस्याओं को दूर किया गया।

# लोक जन शक्ति पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित

आरा, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय लोजपा जिला भोजपुर का एक समिक्षात्मक बैठक जिला कार्यालय हरिजी हाता में समय 12:30 में किया गया ,जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह नें किया तथा संचालन जिला मीडिया राष्ट्रीय संजू पासवान नें किया,बैठक में मुख्य रूप से नवादा थाना प्रभारी तथा आरा सदर प्रखंड अंचलाधिकारी महोदय द्वारा राष्ट्रीय लोजपा जिला उपाध्यक्ष सह आरा विधान सभा प्रभारी मनोज कुमार ऊर्फ झमन सिंह कुशवाहा को जमीनी विवाद में थाना में बुलाकर गाली ग्लौज तथा अपमानीत कर अभद्र व्यवहार किया गया, शनिवार को थानें में जब सभी कार्यकर्ता उपस्थित होकर पुछ ताछ किया गया ,तो थाना प्रभारी नें कहा कि हमारा पहला काम है गाली ग्लौज करना,फिर मार पिट कर जेल भेजना,इसपर जिला अध्यक्ष श्री राजेश्वर सिंह नें कड़ा दुख जताया,बैठक में आरती देवी आरा महानगर अध्यक्षा नें कही कि हमसे भी नवादा थाना के स्टाफ असंवैधानिक तरीके से वर्ताव किया,अंत में निर्णय लिया गया कि भोजपुर प्रसाशन तथा बिहार के मुख्यमंत्री श्री नितिश कुमार जी से आग्रह किया गया कि इस बिंदू पर कारवाई होनी चाहिए, अन्यथा राष्ट्रीय लोजपा इस मुद्दा को लेकर धारना प्रदर्शन करेगी उपस्थित मुख्य जिला पदाधिकारी में जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह,जिला उपाध्यक्ष सह आरा विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार ऊर्फ झमन सिंह कुशवाहा, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मछली मारने के दौरान गंगा नदी में डूबा युवक

बड़हरा। सिन्हा ओपी क्षेत्र के महुली गंगा नदी घाट पर मछली मारने के दौरान मंगलवार को एक युवक गंगा नदी में डूब गया। इस दौरान गंगा घाट पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। गंगा नदी में डूबने की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। इस दौरान स्वजनों में चीख-पुकार मच गई। बताया जाता है कि ओपी क्षेत्र के महुली गांव निवासी रामकिशुन बीन के 38 वर्षीय पुत्र मनोज बिन मंगलवार को गंगा नदी में मछली मार रहे थे। इस दौरान नाव गंगा नदी में पलट गई। इससे गहरे पानी में चले जाने से मनोज बीन की मौत हो गई। मौत की खबर घर में मिलते ही पत्नी राजकुमारी देवी व पुत्री बैजंती कुमारी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। पूरे घर में चीख-पुकार मच गई। इस दौरान मछुआरों के मदद से देर शाम मनोज बीन के शव गंगा नदी से ढूंढ कर बाहर निकाला गया। इसके बाद सिन्हा ओपी की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल आरा भेज दिया।

# विधायक ने विधानसभा में उठाया जर्जर सड़क का मुद्दा

चिरैया, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार विधान मंडल के मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को स्थानीय विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने चिरैया प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौलिया पेट्रोल पंप से बैधनाथपुर होते हुए खोढा पंचायत तक के जर्जर सड़क के निर्माण कार्य कराने की मांग ग्रामीण कार्य विभाग से की है। उन्होंने प्रश्नोत्तर काल में पूछा कि क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया प्रखंड अंतर्गत मिश्रौलिया पेट्रोल पम्प से बैधनाथपुर होते हुये खोढ़ा ग्राम पंचायत तक की सड़क जर्जर है। दूसरा प्रश्न था कि क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क से लगभग बीस पंचायतों के करीब पचास हजार की आबादी के आवागमन का एक मात्र सड़क है तथा सड़क जर्जर होने से आये दिन दुर्घटना होती रहती है। यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक उक्त सड़क को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ? प्रश्न के जबाब में संबंधित विभाग के मंत्री ने कहा कि जल्द ही इसकी जांच कर सड़क दुरुस्त कराने की दिशा में आगे की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। वही इस क्षेत्र की जनता ने उक्त सड़क के निर्माण हेतु विधानसभा में विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता द्वारा उठाये गए प्रश्न पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। इधर विधायक के इस सराहनीय कार्य को लेकर खोढा पंचायत के मुखिया सुमंत यादव सहित दर्जनों लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

# जागरूकता एवं संवेदीकरण के विषय पर कार्यशाला आयोजित

आरा, प्रात : किरण संवाददाता



माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा बुद्धादेव कर्मास्कर बनाम बंगाल राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर सेक्स वर्कर को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता एवं संवेदीकरण के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन आज माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा श्री ब्रजेश कुमार मालवीय के प्रकोष्ठ एवं उनकी अध्यक्षता में की गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा श्री वीरेंद्र कुमार चौबे ने बताया कि इस कार्यशाला में उप विकास आयुक्त, पुलिस उप अधीक्षक, सिविल सर्जन, उप निर्वाचन पदाधिकारी, महिला थाना प्रभारी के साथ दिशा एक प्रयास एनजीओ के सचिव, श्रीमती सुनीता सिंह उपस्थित थी। आगे उन्होंने बताया कि हमारे देश के सभी जिलों में सेक्स वर्कर को राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, सुखा राशन प्रदान करवाना आदि इन्हें मानव गरिमा पूर्ण जीवन जीने का अधिकार दिलवाना इस कार्यक्रम और कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। इनको मूल अधिकार उपलब्ध कराने के संबंध में संबंधित स्टेकहोल्डर्स को जागरूक करने की आवश्यकता है यह भी मनुष्य हैं और मानव जीवन को जीने के अधिकारी हैं हमारे समाज का उनके प्रति भी कुछ कर्तव्य है हमारे समाज से हमेशा यह कटे रहते हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस निर्णय के द्वारा हमारे समाज को यह कहा गया है कि उन्हें भी मानव जीवन जीने का अधिकार दिलवाया जाए। इन्हें मूल अधिकार उपलब्ध कराने के संबंध में सभी पदाधिकारी को जागरूक किया गया साथ ही कहा कि सेक्स वर्कर के जो पियर एजुकेटेड हैं वह आज इस कार्यशाला के माध्यम से उनके अधिकारों के संबंध में उन्हें अवगत कराएंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर, आरा ने यह भी निर्देश दिया कि इस कार्यशाला में उपस्थित अपने जिले के सभी थानों के पुलिसकर्मी, पत्रकारगण, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला प्रशासन, नारको, कार्यकर्ता, एड्स कंट्रोल कमेटी के सदस्य इत्यादि का इन सेक्स वर्करों के प्रति क्या कर्तव्य है इस संबंध में उन्हें बताएंगे।

### गोपालगंज में ठनका गिरने से शिव मंदिर क्षतिग्रस्त

गोपालगंज। जिले के कटेया थाना क्षेत्र के बेलही खास गांव में तेज गर्जन के साथ हो रही बारिश के दौरान शिव मंदिर के गुंबद पर ठनका गिरने से मंदिर का गुंबद ध्वस्त हो गया। वहीं घटना के समय मंदिर के दोनों पुजारी मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे थे। दोनों पुजारी पूरी तरह सुरक्षित है। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह कटेया थाना क्षेत्र मे तेज गरज के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश के दौरान ठनका गिरने की आवाज सुनाई दे रही थी। इसी बीच कटेया थाना क्षेत्र के बेलही खास में शिव मंदिर पर ठनका गिरने की आवाज आई। सुबह का समय होने के कारण मंदिर के दोनों पुजारी मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे थे। उसी दौरान मंदिर के गुंबद पर ठनका गिरा। जिससे मंदिर का गुंबज ध्वस्त हो गया और मंदिर पुरी तरह से छातिग्रस्त हो गया। मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे दोनों पुजारी सुरक्षित है। मंदिर के गुंबद पर ठनका गिरने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मंदिर की तरफ भागे। जहां मंदिर के दोनों पुजारियों को सुरक्षित देख ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीण अतुल तिवारी ने बताया की मंदिर बहुत पुराना है लगभग दो सौ साल से तो ग्रामीण इस मंदिर के बिषय मे जानते है उसके आगे का पता नहीं है।

# मुखिया की गुंडागर्दी ,पंचायत सचिव को घसीट कर पीटा ,प्राथमिकी दर्ज

मुजफ्फरपुर,प्रात :किरण संवाददाता

● बीडीओ की उपस्थिति में ही पंचायत सचिव सुरेश सिंह को पिटा

खबर जिले के मोतीपुर प्रखंड की है जहां एक दबंग मुखिया ने पंचायत सचिव को अपने समर्थकों के साथ मिटींग में जाकर पीटा। उस मुखिया की गुंडागर्दी यहीं नहीं थमी ,उसने अपने समर्थकों के साथ उस पंचायत सचिव को पीटते हुए सड़क पर घसीट लाया और बीच सड़क पर उसकी जम कर पिटाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ,मोतीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार मंगलवार को पंचायत सचिवों के साथ मिटींग कर रहे थे। इसी क्रम में हल्दी पंचायत के मुखिया राकेश कुमार मंटु करीब अपने 15-20 समर्थकों के साथ मिटींग हाल में घुस गये। बीडीओ की उपस्थिति में ही उसने पंचायत सचिव सुरेश सिंह की पिटाई शुरू कर दी। बीडीओ एवं अन्य कर्मियों ने जब इसका विरोध किया तो मुखिया पंचायत सचिव सुरेश सिंह को अपने समर्थकों के सहयोग से मिटींग हाल से बाहर खींच कर सड़क पर ले आए। बीच सड़क पर ही उसकी पिटाई करने लगे। तब तक वहां काफी लोग इकठ्ठे हो गये थे। प्रखंड कर्मियों एवं कुछ अन्य स्थानीय लोगों के सहयोग से पंचायत सचिव को बचाया जा सका।

वह गम्भीर रूप से घायल हो गया है। पंचायत सचिव का कहना है कि मुखिया उसे जान से मारना चाह रहे थे। इस घटना के विरोध में प्रखंडकर्मी कामकाज ठप कर मुखिया की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मुखिया के गिरफ्तार होने तक प्रखंड का काम ठप रहेगा। बीडीओ प्रशांत कुमार ने इस घटना से सम्बंधित एक प्राथमिकी मोतीपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस घटना की पड़ताल में जुट गई है।

# पुर्व मध्य रेल के कुल 12 स्टेशन बनेंगे विश्वस्तरीय

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के तहत विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने हेतु पूर्व मध्य रेल के कुल 12 स्टेशनों यथा - दानापुर मंडल के राजेन्द्रनगर एवं बक्सर, सोनपुर मंडल के मुजफ्फरपुर, बेगुसराय एवं बरौनी, समस्तीपुर मंडल के दरभंगा, सीतामढ़ी, बापूधाम मोतीहारीय पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गया एवं पं.दीन दयाल उपाध्याय जं तथा धनबाद मंडल के धनबाद एवं सिंगरौली का चयन किया गया है तथा इन स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है ।

धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण गया स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने के लिए अंतिम रूपरेखा तैयार हो जाने के बाद निविदा जारी कर दिया गया है। गया स्टेशन का पुनर्विकास कार्य लगभग 300 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से पूरा किया जाएगा तथा इसे वर्ष 2024 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ।पुनर्विकास से जुड़े कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं प्राप्त होंगी। पुनर्विकास के बाद गया स्टेशन उन्नत यात्री सुविधाओं के साथ तकनीक, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक मेल बनेगा । पुनर्विकास के उपरांत गया स्टेशन पर यात्रियों को सेवा प्रदान करने की क्षमता तीन गुणा बढ़ जायेगी। इससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। स्टेशन को विश्वस्तरीय रूप देते हुए स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधा से सुसज्जित करते हुए स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग का रूप दिया जाएगा, जहां वेंटिलेशन आदि की पर्याप्त व्यवस्था होगी। स्टेशन पर एक्सेस कंट्रोल गेट एवं प्रत्येक प्लेटफार्म पर एस्केलेटर एवं लिफ्ट लगाए जाएंगे, ताकि एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आने-जाने में यात्रियों को सुविधा हो। यात्रियों को प्रदान की जाने वाली आवश्यक सुविधाओं में खान-पान, वॉशरूम, पीने का पानी, एटीएम, इंटरनेट आदि शामिल होंगे ।इससे आम यात्रियों के साथ वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से लाभान्वित होंगे । विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में पुनर्विकास के उपरांत गया स्टेशन पर रेल यात्रियों के स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान के लिए अलग-अलग व्यवस्था के तहत आगमन भवन एवं प्रस्थान भवन का निर्माण एवं तीर्थयात्रियों के लिए अलग भवन का निर्माण किया जायेगा ।स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार ऐसे होंगे, जिससे यात्रियों को भीड़-भाड़ का सामना नहीं करना पड़े। वर्तमान की तुलना में मुख्य स्टेशन भवन के लिए 2.35 गुणा अधिक जगह तथा पार्किंग एरिया के लिए 4.9 गुणा अधिक जगह उपलब्ध होंगे । इसके साथ ही प्रतीक्षालय के लिए अतिरिक्त 6400 वर्गमीटर कॉनकोर्स एरिया, स्टेशन पर कुल 23 लिफ्ट एवं 11 एस्केलेटर की सुविधा, मौजूदा 3100 वर्गमीटर प्लेटफार्म क्षेत्र और एफओबी का उन्नयन, अतिरिक्त टिकटिंग सुविधा, दिव्यांग अनुकूल सुविधाएं आदि की व्यवस्था होगी।

# अवैध रूप में नेपाल से भारत में प्रवेश करते नाईजेरियन गिरफ्तार

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता



● रक्सौल से पटना व फिर दिल्ली जाने के फिराक में था संदिग्ध

● इमीग्रेशन की सक्रियता से दबोचा गया विना बीजा विदेशी नागरिक

मंगलवार की बीती रात भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल बॉर्डर के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे एक विदेशी संदिग्ध नागरिक को इमीग्रेशन की टीम ने दबोच लिया। जांच के दौरान जब उसे कार्यालय लाकर पूछताछ किया गया तो पता चला कि एक नाईजेरियन नागरिक है और वह बिना बीजा भारत में प्रवेश कर रहा था। इस दौरान टीम को यह भी प्रतीत हुआ कि इसमें कोई उसका मदद भी कर रहा था, परंतु ये बात जांच के दौरान पूछताछ में सपष्ट हो पाएगी कि इसमें सत्यता क्या है।

दूसरी ओर इमीग्रेशन के अनुसार पूछताछ में पता चला है कि वह रक्सौल के रास्ते होकर पहले पटना जाने वाला था और फिर वहां से दिल्ली जाने वाला था, परंतु वह अपने इरादे में सफल नही हो सका। बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसी इमीग्रेशन विभाग की सक्रियता से वह अपने मंसूबे में कामयाब न हो सका। पकड़े गए संदिग्ध नाईजेरियन युवक की पहचान जब्त पासपोर्ट के अनुसार 26 वर्षीय चिआबोटू कॉर्नेलियस उग्वुआनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह बिना बीजा अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहा था। इसके पीछे कारण क्या है ये तो पुलिसिया कार्रवाई में सामने आयेगी। फिल्हाल अग्रतर कार्रवाई हेतु उसे हरैया ओपी थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

# अधकपरिया से रामगढ़वा प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क बारिश के पानी मे बही

रामगढ़वा, प्रात : किरण संवाददाता



मंगलवार की शाम से लगातार हो रही बारिश के पानी के कारण सुदूरवर्ती तिरूवाह का प्रमुख गांव अधकपरिया से रामगढ़वा प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क पिपरपाती चौक के समीप अत्यधिक पानी होने के कारण ध्वस्त हो गया। जिसके कारण उक्त गाँव के ग्रामीणों का सड़क सम्पर्क भंग हो गया। इस बाबत उक्त गांव के ग्रामीणों तौहीद आलम, मास्टर शिबली, नफीस रहमान, ब्रज किशोर यादव आदि लोगो ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण करीब दो वर्ष पूर्व हुआ था, जिसमे संवेदक द्वारा घटिया कार्य कराया गया था, वही मंगलवार की शाम से अब तक लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण सड़क में भरे गए मिट्टी सहित जीएसपी व कालीकरण की गिट्टी तक उखड़ गए व धीरे धीरे धंस गया और देखते ही देखते सड़क करीब 15 फिट गहरा गड्ढा में तब्दील हो गया। जिसके कारण चारपहिया वाहन समेत दो पहिया व पैदल आने जाने का रास्ता ठप हो गया। वही इनलोगो ने बताया कि सड़क धंसने की सूचना रामगढ़वा बीडीओ व सीओ को सूचना दे दी गयी है। उधर उक्त गाँव के नव युवकों ने सिकरहना नदी के किनारे अवस्थित कैसर हिन्द बांध पर रखे मिट्टी भरे बैग को ट्रेक्टर पर लाद कर लाये और ध्वस्त हुए सड़क की भराई करने लगे ताकि आवागमन चालू हो सके। सीओ मणिभूषण कुमार ने बताया कि सूचना मिली है हम ध्वस्त हुए सड़क को देखने जा रहे है।

# रक्सौल सड़क ही पनौती जिसका निर्माण अच्छे ढंग से नहीं हुआ ?

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

दुनिया में कुछ ऐसे चीज हैं जो कभी ठीक नही हो सकते। या तो उन्हें ठीक करने का किसी को मनसा नही होता है या फिर वो चीज ही पनौती हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ हाल है रक्सौल शहर का।

जब यहां की मुख्य सड़के टूटी थी बरसात के दिन में तो चारो तरफ जलजमाव हो जात था तो लोग सड़क के साथ जनप्रतिनिधियों को कोसते थे कि शहर के सड़को पानी लबालब भर जाता है, परंतु अब जब शहर में सड़क निर्माण भी हो गया है और कुछ हिस्सों में नाले का निर्माण भी, परंतु बात फिर वही है कि सड़को पर जलजमाव हो गया। जिसका कारण एक ये है कि एक तो सड़क का निर्माण सही तरीके से नही हुआ है और दूसरा कि नाला सड़क से काफी ऊपर बन गया है। अब ऐसे में संवेदक पर हम केवल दोष ही अब लगा सकते हैं, क्योंकि वह दुबारा निर्माण करने से रहा। इसलिए इस सड़क को शहर का पनौती ही मान लेना अच्छा रहेगा? इसी बीच सड़क में डिवाइड भी सही ढंग से नहीं लगा है और बीच-बीच में गड्ढे भी हैं। जिसका खामियाजा एक ई-रिक्शा चालक को भुगतना पड़ा और वह उसे लेकर बीच सड़क के पलट गया। खैर रक्सौल वासियों की किस्मत ही एसे है तो दूसरो को क्या दोष देना।

# सडक बनी भी नहीं और और कार्य समाप्ति का लगा दिया बोर्ड

बोचहां, प्रात : किरण संवाददाता

1,25, करोड़ की लागत से नवनिर्मित सड़क का निर्माण हुए एक महीने भी नहीं हुए कि सडक कई जगह टूटने लगी है। ग्रामीणों का आरोपी हैं कि गलत दिशा में अधिकारियों ने रोड का निर्माण, कराया है। निर्माण में घोर अनियमितता बरती गई है। निर्माण एजेंसी के अजब गजब कारनामे से ग्रामीणों में आक्रोश है।

सड़क निर्माण विभाग के कार्य को देख कर सहज ही समझा जा सकता है कि सड़क बनी भी नहीं और कार्य समाप्ति का बोर्ड लगा दिया गया है। मामला बोचहा प्रखंड के एतबारपुर ताज गांव का है। ग्रामीणों ने उस बोर्ड पर लिखे नाम को जब पढ़ा तब जाकर इस बात की जानकारी मिली कि यह रोड गलत दिशा में बना हुआ है। बोर्ड पर लिखे नाम के अनुसार यह रोड दक्षिणी छोर फिरोज मुखिया के घर से सरफुद्दीनपुर गुदरी बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क भाया मुसहर टोला लक्ष्मी अग्रवाल के घर तक बनने की योजना है। मगर यह रोड उत्तरी छोर एनएच 57 से भोरहां गांव जाने वाली रोड को निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने बना दिया। अधिकारियों ने सड़कें ऐसी बनाई जो 1 माह में ही जर्जर हो गई। सड़कों के किनारे बगैर सोलिंग लगाए हुए ही अधिकारियों ने कार्य समाप्ति का बोर्ड लगा कर चले गए। जिस कारण कई जगह रोड टूट चुके हैं। विश्व बैंक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से 2,108 कि, मी, लम्बाई 1,25 करोड़ की लागत से बनी सड़क एक माह में ही जर्जर हो गई। एजेंसी द्वारा लगाए गए बोर्ड पर लिखे नाम के अनुसार जो सड़क बनी थी वह आज भी बदहाल है। जिससे गुदरी बाजार में जाने के लिए दर्जनों से अधिक गांवों का संपर्क टूट चुका है आसपास के लोग आज भी सर के बनने का इंतजार कर रहे हैं मन में शंका भी एक ही रोड दो बार कैसे बनेंगे, अधिकारियों की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश है। प्रखंड उप प्रमुख आसिफ नदीम फरीदी ने बताया बोर्ड पर दर्शाए गए व्यक्ति फिरोज मुखिया का इस छोड़ पर घर है और न ही जमीन। ग्रामीणों ने इसकी जांच अधिकारियों द्वारा कराए जाने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें



### गेल के अगले चेयरमैन होंगे संदीप कुमार गुप्ता

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में वित्त निदेशक संदीप कुमार गुप्ता भारत के सबसे बड़े गैस संस्थान गेल (इंडिया) लिमिटेड के प्रमुख होंगे। सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने कहा कि 10 उम्मीदवारों के साक्षात्कार के बाद गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पद के लिए 56 वर्षीय गुप्ता का चयन किया गया है। वह मनोज जैन का स्थान लेंगे। जैन 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। पीईएसबी की सिफारिश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) मंजूरी देगी। एसीसी की मंजूरी मिल जाती है तो गुप्ता का कार्यकाल फरवरी 2026 तक होगा।

### रोजर को क्वाइनफ्लेक्स को देने हैं 4.7 करोड़ डॉलर

सैन फ्रांसिस्को। क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज क्वाइनफ्लेक्स के सीईओ मार्क लैम्ब ने खुलासा किया है कि बिटकॉइन निवेशक रोजर वेर पर 4.7 करोड़ डॉलर का बकाया है और इसी वजह से प्लेटफॉर्म ने यूजर्स के क्रिप्टो निकालने पर कुछ समय के लिए रोक लगा दी है। क्वाइनफ्लेक्स ने 27 जून को क्रिप्टो निकालने पर रोक लगाई है और आगामी 30 जून को इसे दोबारा शुरू किया जा सकता है। क्वाइनफ्लेक्स के सीईओ ने मंगलवार को ट्वीट करके रोजर वेर के नाम का खुलासा किया। सीईओ ने कहा कि वे लगातार रोजर से इस बारे में बात करके समाधान तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। क्वाइनफ्लेक्स के क्रिप्टो को आरवीयूएसडी कहा जाता है और यह 20 प्रतिशत अधिक रिटर्न की गारंटी देता है।

### फिटनेस ऐप फिटमिंट ने जनरल कैटालिस्ट, अन्य निवेशकों से 16 लाख डॉलर जुटाए

नई दिल्ली। बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप फिटमिंट ने जनरल कैटालिस्ट की अगुवाई में वित्तपोषण के शुरूआती दौर में 16 लाख डॉलर जुटाए हैं। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिटमिंट एक क्रिप्टो मंच हैं, जहां प्रयोगकर्ता व्यायाम मसलन सैर, दौड़ आदि से क्रिप्टो/एनएफटी में पुरस्कार पा सकते हैं। फिटनेस ऐप ने एक बयान में कहा, बेंगलुरु स्थित मूव-टू-अर्न स्टार्टअप फिटमिंट ने कई उद्यम पूंजी और संस्थागत निवेशकों से वित्तपोषण के दौर में 16 लाख डॉलर जुटाने की घोषणा की है। फिटमिंट ने यह राशि उद्यम पूंजी कंपनी जनरल कैटलिस्ट की अगुवाई में जुटाई है। वित्तपोषण के इस दौर में आईसेड, कीर्नि जैक्सन, ड्वेब 3 और 1947 राइज ने भी भाग लिया।

### पीवीआर की चालू वित्त वर्ष में 125 स्क्रीन खोलने की योजना

नई दिल्ली। मल्टीप्लेक्स श्रृंखला का संचालन करने वाली पीवीआर ने चालू वित्त वर्ष के दौरान सिनेमा क्षेत्र में जोरदार वापसी की उम्मीद जताते हुए 125 स्क्रीन खोलने की योजना बनाई है। कंपनी की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, पीवीआर का आईनॉक्स लेजर के साथ विलय चालू वित्त वर्ष में पूरा होने की उम्मीद है। कंपनी की वित्त वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया, कुल मिलाकर, आने वाली तिमाहियों में कारोबार में वृद्धि की उम्मीद है।

# काठमांडू में स्ट्रीट फूड की बिक्री पर लगा प्रतिबंध

## हैजा के प्रसार को रोकने की कवायद के तहत (स्ट्रीट फूड) बेचने पर प्रतिबंध लगा

काठमांडू, एजेंसी



नेपाल ने राजधानी में हैजा के प्रसार को रोकने की कवायद के तहत काठमांडू घाटी में रेहड़ी-पटरी पर खाने-पीने का सामान (स्ट्रीट फूड) बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है। काठमांडू मेट्रोपोलिटन सिटी (केएमसी) द्वारा स्ट्रीट फूड की बिक्री पर प्रतिबंध का फैसला तब लिया गया है जब इलाके में रविवार के बाद से अब तक हैजा के 12 मरीज सामने आए हैं।

महानगर के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख बलराज त्रिपाठी ने कहा, काठमांडू में हैजा के मरीजों की संख्या बढ़ने पर कुछ समय के लिए खाद्य पदार्थ की बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी गयी है। केएमसी ने आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। गत सप्ताह ललितपुर मेट्रोपोलिटन सिटी ने महानगर में पानी पूरी की बिक्री और वितरण पर रोक लगाने का फैसला किया था और उसने दावा किया कि पानी पूरी में इस्तेमाल होने वाले पानी में हैजे का बैक्टीरिया पाया गया है। केएमसी ने खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग से शहरभर के होटलों तथा रेस्त्रां में भोजन संबंधी स्वच्छता की जांच करने का भी अनुरोध किया है। त्रिपाठी ने कहा कि काठमांडू उपत्यका खानेपानी लिमिटेड से पानी की पाइपलाइन और सीवर व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखने का अनुरोध किया गया है। केएमसी ने शहरी स्वास्थ्य केंद्रों को ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट और पानी को शुद्ध करने वाली गोलियों की किसी भी संभावित कमी से निपटने के लिए तैयार रहने का भी निर्देश दिया है। त्रिपाठी ने कहा कि शहर में हैजा को

**फैसला**

- केएमसी ने आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी

कंट्रोल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग से भी जरूरी दवाओं के स्टॉक को रखने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि हैजा एक जल जनित बीमारी है और इसका बैक्टीरिया पानी के जरिए तेजी से फैलता है। इसका शिकार होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है। उल्टी-दस्त होने लगते हैं, बीमारी बढ़ने पर मरीज की कुछ ही घंटों में मौत भी हो सकती है। इसलिए हैजा से ग्रसित मरीज को विशेष देख-रेख की जरूरत होती है। उपचार न मिलने पर यह कुछ घंटों के भीतर ही जानलेवा भी साबित हो सकता है।

### टेस्ला ने 200 ऑटोपायलट कर्मचारियों की छंटनी की : रिपोर्ट

सैन फ्रांसिस्को। एलन मस्क के स्वामित्व वाली टेस्ला ने कथित तौर पर अपनी ऑटोपायलट टीम के लगभग 200 कर्मचारियों को बाहर निकलने का दरवाजा दिखाया है और कैलिफोर्निया में एक कार्यालय को बंद कर दिया है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, जिन लोगों को जाने दिया गया, उनमें से अधिकांश को प्रति घंटा काम करने के हिसाब से पारिश्रमिक मिलते थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल ही में पिछले सप्ताह की तरह, मस्क ने वेतनभोगी कर्मचारियों में से 10 प्रतिशत की कटौती करने की योजना की रूपरेखा तैयार की थी, लेकिन कहा कि वह प्रति घंटा नौकरियों में वृद्धि करेंगे। मस्क की घोषणा के बाद टेस्ला ने वेतनभोगी कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप टेस्ला के कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 3.5 प्रतिशत कम हो जाएगी। हाल ही में, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ला अपनी सुविधाओं में 1,00,000 से अधिक लोगों को रोजगार देती है। एक लिंक्डइन पोस्ट में इवान अब्शियर ने कहा था कि उन्हें केवल दो सप्ताह का नोटिस देने के बाद टेस्ला की छंटनी वाले कर्मियों में शामिल कर दिया गया। निकाले गए एक अन्य दिया गया टेस्ला कर्मचारी रॉबर्ट बेलोबोडस्किज ने लिखा है कि उन्हें सूचित किया गया था कि टेस्ला में पूर्णकालिक रूप से वापस आने के लिए उन्होंने जिस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे, उसे मौजूदा हायरिंग फ्रीज और 10 प्रतिशत कर्मचारियों की कमी के कारण रद्द कर दिया गया है।

# भारत से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अमेरिकी गवर्नरों और अधिकारियों ने जोर दिया



वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राज्यों के गवर्नरों और शीर्ष अधिकारियों के द्विपक्षीय समूह ने भारत के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों और भारतीय कॉरपोरेट जगत से निवेश आने पर जोर दिया है। समूह का कहना है कि इससे न केवल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बल्कि नए कौशल भी मिलेंगे और अमेरिका में रोजगारों का सृजन होगा। वाशिंगटन में वार्षिक सिलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होने आए 100 से अधिक भारतीय उद्योगपतियों के समूह के समक्ष पेनसिल्वेनिया, अर्कान्सस और कैलिफोर्निया के गवर्नरों समेत कई अधिकारियों ने अपनी बात रखी। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू द्वारा इंडिया हाउस में आयोजित कार्यक्रम में इन अधिकारियों ने कहा कि भारतीय कारोबारियों का उनके राज्यों की अर्थव्यवस्था में योगदान है, वे नए कौशल को लेकर आते हैं और सबसे महत्वपूर्ण यह कि आकर्षक रोजगारों का सृजन करते हैं। पेनसिल्वेनिया के रिपब्लिकन गवर्नर टॉम वोल्फ ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने भारत के साथ मित्रता को बनाए रखा, वह उसकी सराहना करते हैं। अर्कान्सस से डेमोक्रेटिक पार्टी गवर्नर असा हचिनसन ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को द्विपक्षीय समर्थन हासिल है। गवर्नरों और अन्य शीर्ष अधिकारियों का स्वागत करते हुए संधू ने कहा कि भारतीय कंपनियां अमेरिका में मजबूती, जुझारूपन और प्रतिस्पर्धा की भावना लाती हैं। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों ने स्थानीय समुदायों के लिए रोजगारों का सृजन किया है।

# व्हाइटहैट जूनियर ने 300 कर्मचारियों की छंटनी की

नई दिल्ली, एजेंसी

बाइजूस के स्वामित्व वाली ऑनलाइन कोडिंग प्रदाता व्हाइटहैट जूनियर ने अपने 300 कर्मचारियों की छंटनी की है। इस बार, निकाले गए अधिकांश कर्मचारी मंच पर कोड-शिक्षण और सेल्स टीमों के थे और उनमें से कुछ ब्राजील में काम करते थे।

एक बयान में, कंपनी ने कहा कि हमारी व्यावसायिक प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाने के लिए, हम अपनी टीम को परिणामों में तेजी लाने और दीर्घकालिक विकास के लिए व्यवसाय को सर्वोत्तम स्थिति में लाने के लिए अनुकूलित कर रहे हैं। एडटेक क्षेत्र को वैश्विक व्यापक आर्थिक स्थितियों और स्कूलों, कॉलेजों और भौतिक शिक्षण केंद्रों को फिर से खोलने से प्रभावित किया गया है। बाइजूस ने जुलाई 2020 में लगभग 300 मिलियन डॉलर में व्हाइटहैट जूनियर का अधिग्रहण किया था। इसने वित्तीय वर्ष 2021 में बड़े पैमाने पर 1,690 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया, जबकि वित्तवर्ष 2015 में इसका खर्च 2,175 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि वित्तवर्ष 20 में यह 69.7 करोड़ रुपये था।

अप्रैल-मई की अवधि में, इसके 5,000 कर्मचारियों में से 1,000 से अधिक कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया, जिसमें शिक्षक शामिल हैं जो कॉन्ट्रेक्ट के आधार पर थे। व्हाइटहैट जूनियर ने अपने स्कूल डिवीजन को भी बंद कर दिया, जिसने पिछले साल अपने प्रमुख कोडिंग पाठ्यक्रम को अगले शैक्षणिक वर्ष तक 10 लाख स्कूली छात्रों तक ले जाने का लक्ष्य रखा था। व्हाइटहैट जूनियर ने ऑनलाइन संगीत सिखाने, गिटार और पियानो बजाने की पेशकश का भी आज तक कोई सार्थक परिणाम नहीं दिया। कंपनी ने कहा है कि नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को उनके विच्छेद के हिस्से के रूप में एक महीने के वेतन की पेशकश की गई थी।

# राष्ट्रीय गति शक्ति पोर्टल पर इस्पात मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

इस्पात मंत्रालय ने भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान की मदद से पीएम गतिशक्ति पोर्टल (राष्ट्रीय मास्टर प्लान पोर्टल) पर खुद को शामिल किया है। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि प्रशासनिक नियंत्रण के तहत सीपीएसई के सभी इस्पात संयंत्रों के जियो लोकेशन को अपलोड करके डेटा का पहला चरण तैयार किया है और अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन इन सीपीएसई की सभी खानों के जियो लोकेशन को भी अपलोड करने की प्रक्रिया में है। बीआईएसएजी-एन ने एक एप्लिकेशन तैयार किया है जिसके माध्यम से मंत्रालय देश में कार्यरत दो हजार से अधिक इस्पात इकाइयों (बड़े खिलाड़ियों सहित) के जियो लोकेशन को अपलोड करने की योजना बना रहा है। भविष्य में, जियो लोकेशन के साथ, सभी इकाइयों या खानों की उत्पादन क्षमता, उत्पाद विवरण आदि जैसी अन्य प्रासंगिक विशेषताओं को अपलोड करने की भी योजना है।

बयान में कहा गया कि इस्पात मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति के लक्ष्य के अनुरूप, मल्टीमॉडल संपर्क विकसित करने और बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करने के लिए 38 उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं की पहचान की है। रेलवे लाइनों के नियोजित विस्तार, नए अंतदेर्शीय जलमार्गों, सड़कों, बंदरगाहों, गैस पाइपलाइन कनेक्टिविटी और हवाई अड्डों तथा हवाई पट्टियों के निर्माण के परिणामस्वरूप अत्यावश्यक लॉजिस्टिक समाधान तैयार होंगे जो इस्पात क्षेत्र को वर्ष 2030-31 तक अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाएंगे, जैसा कि एनएसपी (राष्ट्रीय इस्पात नीति) 2017 में दर्शाया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए अक्टूबर 2021 में गति शक्ति झ राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरूआत की थी। जिसमें इसका उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों को एक साथ लाकर बुनियादी ढांचा संपर्क परियोजनाओं के लिए एकीकृत योजना तैयार करने के साथ-साथ उनका समन्वित कार्यान्वयन करना है।

### साइबर सुरक्षा की अनुपालन तिथि बढ़ी

**नई दिल्ली।** इंडियन कंप्यूटर एनर्जी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-आईएन) ने सूक्ष्म, छोटे व मझोले उद्यमों (एमएसएमई), डेटा सेंटरों, वर्चुअल प्राइवेट सर्वर (वीपीएस) प्रोवाइडरों, क्लाउड सेवा प्रदाताओं और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क सर्विसेज (वीपीएन) प्रोवाइडरों के लिए अप्रैल में जारी साइबर सुरक्षा मानकों के अनुपालन की तिथि बढ़ाकर 25 सितंबर कर दी है। सीईआरटी-आईएन ने सबस्क्राइबर्स या कस्टमर्स के ब्योरे के प्रमाणीकरण की व्यवस्था लागू करने की अंतिम तिथि भी बढ़ा दी है। अन्य कंपनियों को पहले की अंतिम तिथि 27 जून का पालन करना होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उद्योग को साइबर सुरक्षा दिशानिदेर्शों को लागू करने की क्षमता विकसित करने में सक्षम बनाने हेतु यह फैसला किया गया है।

# 80 लाख टन चीनी निर्यात की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी



आगामी अक्टूबर से शुरू हो रहे चीनी सत्र 2022-23 में चीनी का उत्पादन ज्यादा होने की उम्मीद को देखते हुए चीनी मिलों ने केंद्र से मांग की है कि सरकार को अपनी निर्यात नीति पर फिर से विचार करना चाहिए और खुले सामान्य लाइसेंस (ओपन जनरल लाइसेंस- ओजीएल) के तहत करीब 80 लाख टन चीनी निर्यात को अनुमति देनी चाहिए, जिससे घरेलू बाजार की स्थिति में स्थिरता बनी रह सके।

सूत्रों ने कहा कि सरकार को कुछ दिन पहले लिखे पत्र में इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) ने कहा है कि 2022-23 में गन्ने का रकबा चालू साल की तुलना में 2 प्रतिशत ज्यादा रहने की संभावना है। एसोसिएशन ने कहा है कि बारिश सामान्य रहने के अनुमान को देखते हुए अगर एथेनॉल में इस्तेमाल की गणना न करें तो घरेलू चीनी का उत्पादन 394 लाख टन रहने की संभावना है। चालू साल में 34 लाख टन इस्तेमाल एथेनॉल में हुआ है, जबकि चीनी उत्पादन बढ़कर 360 लाख टन हो गया है। इस्मा ने पत्र में कहा है, बहरहाल ऐसा लगता है कि चीनी का अगले साल उत्पादन ज्यादा रहने की संभावना है। भले ही बड़ी मात्रा में चीनी का इस्तेमाल एथेनॉल बनाने में किया जाए और निर्यात के लिए पर्याप्त चीनी मौजूद होगी। चीनी मिलों ने कहा है कि यह उचित वक्त है, जब ओजीएल के तहत चीनी के निर्यात की घोषणा की जाए, क्योंकि इस समय वैश्विक दाम ज्यादा हैं और इस समय घोषणा किए जाने से अच्छे दाम पर भविष्य के लिए सौदे करने में मदद मिलेगी और मिलर्स इसके लिए पहले से योजना बना सकेंगे। मिलर्स ने कहा, इससे सभी चीनी मिलों को निर्यात में हिस्सेदारी करने के लिए साफ सुथरा और समान मौका मिलेगा। साथ ही मिलों को भरोसा होगा औरघरेलू बाजार की स्थिति में स्थिरता बनाए रखना संभव हो सकेगा और स्टॉक की पर्याप्त उपलब्धता रहेगी।

# अप्रैल-जून में आठ शहरों में आवास बिक्री में 4.5 गुना वार्षिक वृद्धि :रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

इस साल अप्रैल-जून तिमाही के दौरान आठ शहरों में आवास बिक्री सालाना आधार पर 4.5 गुना बढ़कर 74 पिछले साल अप्रैल-जून की अवधि में 15,968 आवास बिके थे और 2022 की जनवरी-मार्च तिमाही में यह आंकड़ा 70,623 इकाई था।

ऑस्ट्रेलिया के आरईए समूह के स्वामित्व वाली प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने अपनी नवीनतम 'रियल इनसाइट रेजिडेंशियल' रिपोर्ट में कहा कि अप्रैल-जून, 2022 में सालाना वृद्धि कई गुना रही है क्योंकि पिछले साल की समान अवधि में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण आवासीय मांग गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, अहमदाबाद में आवास की बिक्री इस साल की अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 7,240 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहले की अवधि में 1,280 इकाई थी। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में बिक्री 5,550 इकाई रही थी और हाल के बिक्री आंकड़े इससे 30 फीसदी अधिक हैं। बेंगलुरु में अप्रैल-जून के दौरान आवास की बिक्री पिछली तिमाही की तुलना में नौ प्रतिशत बढ़कर 8,350 इकाई पर पहुंच गई। पिछली तिमाही में 7,670 इकाइयां बिकी थी। जबकि एक साल पहले की अवधि में केवल 1,590 इकाइयों की बिक्री हुई थी। चेन्नई में आवास की बिक्री अप्रैल-जून, 2022 में बढ़कर 3,220 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 710 इकाई थी। हालांकि, हाल की बिक्री जनवरी-मार्च, 2022 की 3,300 इकाइयों से दो प्रतिशत कम रहीं। दिल्ली-एनसीआर के बाजार में इस साल अप्रैल-जून के दौरान बिक्री 60 प्रतिशत बढ़कर 4,520 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहले की अवधि में 2,830 इकाई थी। पिछली तिमाही में बिक्री 5,010 इकाई थी। अप्रैल-जून 2022 में आवासीय संपत्तियों की बिक्री बढ़कर 7,910 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहले की अवधि में 2,430 इकाई थी। यह जनवरी-मार्च 2022 में बिकीं 6,560 इकाइयों की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। कोलकाता में, बिक्री अप्रैल-जून 2022 के दौरान दोगुनी से अधिक 3,220 इकाई पर पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,250 इकाई थी। यह 2022 की जनवरी-मार्च तिमाही में बिकीं 2,860 इकाइयों से 13 प्रतिशत अधिक थी। मुंबई में आवास की बिक्री अप्रैल-जून 2022 के दौरान कई गुना बढ़कर 26,150 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में केवल 3,380 इकाई थी।

# सुस्त मॉनसून से दलहन के दामों में तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी

करीब 3 महीने की सुस्ती के बाद एक बार फिर दलहन के दाम में बढ़ोतरी शुरू हो गई है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के दलहन उत्पादन वाले इलाकों में दक्षिण पश्चिम मॉनसून में देरी को इसकी वजह माना जा रहा है। व्यापार और बाजार से जुड़े सूत्रों ने कहा कि पिछले सप्ताह और मंगलवार के बीच देश के प्रमुख थोक बाजारों में अरहर की दाल 5 प्रतिशत महंगी हुई है। वहीं उड़द की कीमतों में करीब 3 से 4 प्रतिशत तेजी आई है। बारिश कम होने और खरीफ की फसल पर इसके असर की चिंता ने कीमतें बढ़ा दी हैं।

आंकड़ों से पता चलता है कि देश भर में 24 जून तक दलहन का रकबा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 36 प्रतिशत कम है। वहीं अरहर की बुआई का रकबा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 55 प्रतिशत कम है। वहीं उड़द का रकबा 52 प्रतिशत कम है। आल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के सुरेश अग्रवाल ने बिजनेस स्टैंडर्ड से फोन पर इंदौर से बातचीत में कहा, ह्यमहाराष्ट्र व मध्य प्रदेश में मॉनसून आने के साथ जून महीने में व्यापक पैमाने पर अरहर और उड़द की बुआई हो जाती है। लेकिन इस बार बुआई में देरी हो रही है। पहले 10 जून को मॉनसून आने की उम्मीद की गई थी, उसके बाद 15 जून को आने की उम्मीद की गई। अब 28 जून भी पार कर गया और बारिश में कोई तेजी नहीं आई है। इसकी वजह से दलहन की कीमतों में तेजी आ रही है।

अग्रवाल ने कहा कि अगर जल्द बारिश शुरू हो जाती है तो बाजार स्थिर हो जाएगा क्योंकि तब फसल तैयार होने में देरी की आशंका खत्म हो जाएगी। चेन्नई में एफएक्यू उड़द की कीमत शनिवार को 7,250 से 7,350 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई, जो मंगलवार की सुबह 7,425 रुपये क्विंटल पहुंच गई। आयातित उड़द की कीमत भी शनिवार से करीब 15 डॉलर बढ़कर 940 से 1040 डॉलर प्रति टन के भाव बिकी। चेन्नई के बाजार में अरहर की कीमत पिछले सप्ताह 6,300 रुपये प्रति क्विंटल थी, जो मंगलवार को बढ़कर 6,325 से 6,450 रुपये प्रति क्विंटल पहुंच गई है। इस समय चेन्नई के बाजारों में अच्छी आवक हो रही है, जिसकी वजह से बाजार सूत्र उसे मानक के रूप में इस्तेमाल करते हैं। अन्य दलहन में मसूर और मूंग की कीमत भी बढ़ी है, जबकि चने की कीमत में इस अवधि के दौरान मामूली कमी आई है। आईग्रेन इंडिया के कमोडिटी एनॉलिस्ट राहुल चौहान ने कहा, ह्यअप्रैल से जून सामान्यतया दलहन की मांग के हिसाब से कमजोर महीने होते हैं क्योंकि ग्राहकों के पास अन्य विकल्प उपलब्ध होते हैं। कीमतों में यह बढ़ोतरी कमजोर मॉनसून की वजह से है ह्ल उन्होंने कहा कि अगर मॉनसून में संतोषजनक प्रगति नहीं होती है तो अगले 3-4 दिन कीमत बढ़ी हुई रह सकती है और दीवाली के बाद यह एमएसपी से ऊपर पहुंच सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के हाल के आंकड़ों के मुताबिक 28 जून तक देश भर में बारिश सामान्य से 10 प्रतिशत कम रही है। इसमें भी दलहन उत्पादक इलाकों मध्य एवं उत्तर पश्चिम भारत में कुल बारिश सामान्य से 31 प्रतिशत और 19 प्रतिशत कम रही है। सोमवार तक के आंकड़ों के मुताबिक 9 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश में दक्षिण पश्चिमी मॉनसून पहुंच चुका है और वहां सामान्य से कम बारिश हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि स्थिति पक्ष में है और अगले 24 घंटों के दौरान बिहार के शेष इलाकों, उत्तर प्रदेश के कुछ और इलाकों, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा है कि स्थितियां लगातार पक्ष में रहेंगी और अरब सागर और गुजरात के शेष इलाकों, राजस्थान के कुछ इलाकों, मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के शेष इलाकों, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में अगले 48 खंडे में 30 जून से 1 जुलाई तक बारिश हो सकती है।

# रियलमी सी30 नए सूटकेस डिजाइन के साथ एंट्री-लेवल सेगमेंट को फिर से जीवंत करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- स्मार्टफोन लेक ब्लू, बंबू ग्रीन और डेनिम ब्लैक के तीन कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध है और दो स्टोरेज वेरिएंट में आता है

भारत के सबसे भरोसेमंद प्रौद्योगिकी ब्रांड, रियलमी ने हमेशा अपने विघटनकारी डिजाइन नवाचारों के साथ आगे बढ़ने की हिम्मत की है। इसका लेटेस्ट रियलमी सी30 वास्तव में आश्चर्यजनक अल्ट्रा-स्लिम वर्टिकल स्ट्राइप डिजाइन के साथ सबसे स्टाइलिश एंट्री-लेवल स्मार्टफोन है।

सी35 के आइकॉनिक ज्योमेट्री को आगे लाते हुए, बिल्कुल नया सी30 डिजाइन रियलमी जीटी एमई के वंश को विरासत में मिला और इसे आगे बढ़ा रहा है। ट्रेंडी स्ट्राइप्ड डिजाइन दिखाते हुए और एक्सप्लोरेशन और रिफाइनमेंट का सार लेकर, न्यू सूटकेस डिजाइन यात्रा और तकनीक को एक साथ लाता है। सुव्यवस्थित बनावट की एक सूक्ष्म व्यवस्था जो धारियों की सुंदरता को दशार्ती है, यह रियलमी सी30 को देखने में आकर्षक और पकड़ने में आरामदायक बनाती है। एक्सप्लोरेशन और रिफाइनमेंट के सार को आगे बढ़ाते हुए- सी30 का अनूठा डिजाइन ब्रांड के निरंतर प्रयासों को 10 हजार से कम सेगमेंट में भी डिजाइन में क्रांति लाने के लिए प्रमाणित करता है। सी30 का विशेष डेनिम ब्लैक एडीशन जल्द ही एक अद्वितीय और पहली बार डेनिम क्लॉथ टेक्सचर के साथ भारत में उपलब्ध होगा और यह एंट्री-लेवल सेगमेंट में इस अद्वितीय डिजाइन विचार का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले स्मार्टफोन्स में से एक है। सी30 भी अपने प्राइस सेगमेंट में सबसे पतले और हल्के स्मार्टफोन में से एक है। इसका वजन मात्र 182 ग्राम है और इसकी माप केवल 8.5 मिमी है। रियलमी सी30 स्मार्टफोन शक्तिशाली और स्थिर प्रदर्शन लाने वाले यूनीसोक टी612 शक्तिशाली प्रोसेसर के साथ आता है। स्मार्टफोन 8 एमपी के रियर एआई कैमरे और 5 एमपी के फ्रंट कैमरा शूटर से लैस है, जिससे उपयोगकर्ता आसानी से अपनी इमेजिस में अधिक डिटेल्स प्राप्त कर सकते हैं। स्मार्टफोन लेक ब्लू, बंबू ग्रीन और डेनिम ब्लैक के तीन कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध है और दो स्टोरेज वेरिएंट में आता है, जिसमें 2 प्लस 32 जीबी की कीमत 7,499 रुपये और 3 प्लस 32 जीबी की कीमत 8,299 रुपये में रियलमी डॉट कॉम, फ्लिपकार्ट और मेनलाइन चैनल्स पर उपलब्ध होगा। रियलमी इंटरनेशनल बिजनेस ग्रुप के अध्यक्ष, रियलमी के उपाध्यक्ष और रियलमी इंडिया के सीईओ, माधव शेठ के अनुसार, सी सीरीज के साथ, हम ऐसे स्मार्टफोन लाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिनमें तकनीक और डिजाइन का बेहतरीन मिश्रण हो और जो यूजर्स की जेब पर भारी न पड़े। रियलमी सी30 एक स्टाइलिश एंट्री-लेवल स्मार्टफोन लाने के हमारे प्रयासों का एक और उदाहरण है जो हर संभव सर्वोत्तम पेशकश करता है और हमें विश्वास है कि हमारे यूजर्स द्वारा इसे समान रूप से सराहा जाएगा।

### आईएमएफ ने पाकिस्तान का सहायता पैकेज बहाल करने के लिए सख्त शर्तें लगाईं

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान का आर्थिक पैकेज बहाल करने के लिए बिजली दरें बढ़ाने और पेट्रोलियम उत्पादों पर कर लगाने जैसी सख्त शर्तें लगाई हैं। इससे पहले नकदी के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ एक समझौता किया था जिससे उसका रुका हुआ 6 अरब डॉलर का सहायता पैकेज बहाल हो जाए। मीडिया में आई खबरों में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि आईएमएफ ने पाकितान से कहा है कि वह एक भ्रष्टाचार निरोधी कार्यबल का गठन करे जो सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनाए गए वर्तमान कानूनों की समीक्षा करे। डॉन अखबार की खबर में कहा गया कि इन शर्तों के पालन के बाद आईएमएफ कर्ज को मंजूरी देने और कार्यक्रम को बहाल करने के पाकिस्तान के अनुरोध को कार्यकारी निदेशक मंडल के समक्ष पेश करेगा। इस प्रक्रिया में एक और महीने का वक्त लग जाएगा। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने कहा कि आईएमएफ ने जो नई शर्तें लगाई हैं उनमें बिजली दरें बढ़ाना शामिल है।

# बजाज ऑटो के शेयर में पुनर्खरीद से उम्मीद बढ़ी

मुंबई, एजेंसी

- 54.35 लाख शेयरों के लिए 4,600 रुपये की पेशकश की

दोपहिया दिग्गज बजाज ऑटो ने 2,500 करोड़ रुपये तक के शेयर पुनर्खरीद कार्यक्रम की घोषणा की और 54.35 लाख शेयरों के लिए 4,600 रुपये की पेशकश की है। पुनर्खरीद कीमत शुक्रवार के बंद भाव 3,812 रुपये के मुकाबले अधिक पर की गई थी और इससे सोमवार को शेयर कीमत में तेजी देखने को मिली और यह शेयर एनएसई पर 3,885 रुपये पर बंद हुआ। पिछले साल कमजोर वित्तीय परिणाम के बावजूद जनवरी से इस शेयर में 19 प्रतिशत की तेजी आई है। पुनर्खरीद के लिए अच्छी संभावना देखी गई और कंपनी की बैलेंस शीट में 17,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी मौजूद है। पिछले तीन साल में कम बिक्री को देखते हुए क्षमता विस्तार के लिए कम जरूरत दर्ज की गई है।

हालांकि दोपहिया बिक्री वित्त वर्ष 2019 के बाद से धीमी बनी हुई है, लेकिन बजाज ने वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में उत्साहजनक प्रदर्शन किया। परिचालन से राजस्व सालाना आधार पर 7 प्रतिशत घटकर 7,975 करोड़ रुपये रह गया, लेकिन बिक्री वृद्धि में कमजोरी की भरपाई बेहतर मार्जिन से कुछ हद तक करने में मदद मिली। तिमाही आधार पर एबिटा 190 आधार अंक सुधरकर 17.1 प्रतिशत हो गया, जबकि समायोजित कर-बाद लाभ (पीएटी) सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर1,469 करोड़ रुपये पर रहा। वाहन उद्योग का आकलन फिलहाल कर पाना मुश्किल है।

कम बिक्री आधार और कच्चे माल की कीमतों में ताजा गिरावट को देखते हुए बेहतर मार्जिन और बिक्री में तेजी आ सकती है। लेकिन सख्त तरलता और कमजोर ग्रामीण मांग पर प्रभाव दोपहिया पर बना रह सकता है। हालांकि दोपहिया को लेकर कुछ ज्यादा उत्साह देखा जा सकता है, लेकिन ताजा मॉनसून को देखते हुए इसमें सुधार आएगा। इस उद्योग को पिछले तीन साल में करीब 25-35 प्रतिशत की कीमत वृद्धि की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। कच्चे माल की ऊंची लागत के अलावा इस उद्योग को बीमा नीति मानकों और ब्रेकिंग प्रणलियों में अनिवार्य बदलावों और बीएस-4 से संबंधित उत्सर्जन मानकों में परिवर्तन का भी सामना करना पड़ा है। यदि इन्वेंट्री मानकों की वजह से कच्चे माल की कीमत में गिरवट आती है, तो मार्जिन में दो-तीन तिमाहियों के अंतर तक का सुधार आ सकता है।

हालांकि इसे लेकर अनुमान लगाए जाने शुरू हो गए हैं, क्योंकि धातु कीमतों में कमजोरी आई है और माना जा रहा है कि इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों और चिपों की उपलब्धता से आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित समस्याएं दूर होने लगेंगी। मई में अपने पिछली प्रबंधन रिपोर्ट में अनुमान ग्रामीण मांग सुधार, विवाह बाजार से आशाजनक संकेतों परआधारित मजबूत बिक्री वृद्धि से जुड़ा था। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पेशकश, बजाज-ट्रायम्फ मॉडलों (2 लाख रुपये से कम) की पेशकश भी इस साल संभावित थी। शेयर पुनर्खरीद की घोषणा से पहले कई विश्लेषकों ने बजाज ऑटो शेयर के लिए 4,350-4,550 रुपये के दायरे में कीमत लक्ष्य निर्धारित किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### चेन्नईयिन एफसी ने ईरानी वफा हखामानेशी को अनुबंधित किया

चेन्नई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की ओर से चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को ईरान के डिफेंडर वफा हखामानेशी को आगामी सत्र के लिए अनुबंधित किया। 6 फुट 6 इंच लंबे खिलाड़ी का कार्यकाल थाई क्लब के साथ था, जहां उन्होंने एएफसी चैंपियंस लीग में तीन प्रदर्शन किए। हखामानेशी ने नाफ्त तेहरान, ट्रैक्टर एफसी और सनत नाफ्त जैसे क्लबों के लिए 59 प्रदर्शन किए। ईरानी ने 2013-14 में फूलाद एफसी के साथ फारस की खाड़ी प्रो लीग भी जीती थी। चेन्नइयन एफसी की सह-मालिक वीटा दानी ने कहा, वफा हखामानेशी हमारी टीम में शामिल हैं। ईरानी फर्स्ट टियर लीग और एएफसी चैंपियंस लीग में खेलने के बाद, वह हमारे सामने आने वाली चुनौतियों से अवगत होंगे। हखामानेशी ने ईरान के दूसरे चरण में खूनेह बी खूनेह और फज्र सेपासी के लिए 60 मैच खेले हैं। चेन्नईयिन एफसी में शामिल होने के बाद हखामानेशी ने कहा, मैं चेन्नई का प्रतिनिधित्व करने के लिए टीम में शामिल होने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। मैं शहर और लोगों के गौरव के लिए अपनी पूरी ताकत से लडूंगा।

### इंग्लैंड ने टेस्ट प्रदर्शन से दी अंतर्राष्ट्रीय टीमों को चेतावनी : मैकुलम

लीड्स। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड को हराने के बाद दावा किया कि टीम के खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं और भविष्य में वे किसी भी टीम से टक्कर ले सकते हैं। इंग्लैंड ने विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड को हेडिंग्ले में तीसरे टेस्ट के दौरान सात विकेट से हराकर सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। टीम ने शानदार वापसी की है क्योंकि टीम ने दो सालों में एक भी मैच नहीं जीते थे, जहां उन्हें एशेज में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। एशेज की हार के बाद क्रिस सिल्वरवुड के पद छोड़ने के बाद मुख्य कोच के रूप में पदभार संभालने वाले मैकुलम ने बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम की बड़ी जीत के बाद कहा कि, विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड टीम को खिलाड़ियों ने पस्त कर दिया, जिससे न्यूजीलैंड और अन्य टीमों के लिए विश्व कप में खतरे की घंटी बज चुकी है।

### आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने पर स्टुअर्ट ब्रॉड को लगी फटकार

लंदन। न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के तीसरे मैच के दौरान इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को आईसीसी आचार संहिता के स्तर 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, ब्रॉड ने खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन किया है, जो एक अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान एक खिलाड़ी पर गेंद को अनुचित या खतरनाक तरीके से फेंकने से संबंधित है। आईसीसी ने आगे कहा, इसके अलावा, ब्रॉड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है। ब्रॉड का यह 24 महीने की अवधि में दूसरा अपराध था, जिससे उनके दो डिमेरिट अंक हो गए हैं। यह घटना न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के 89वें ओवर में हुई, जब ब्रॉड ने अपने फॉलोथ्रू पर गेंद को फील्डिंग करने के बाद डेरिल मिशेल की दिशा में फेंक दिया, हालांकि तब बल्लेबाज क्रीज के भीतर था और उसका रन लेने का कोई इरादा नहीं था।

### आईसीसी टी20 रैंकिंग : लंबे समय तक...

# नंबर वन रहने के मामले में बाबर आजम ने कोहली को पछाड़ा

दुबई, एजेंसी




**बल्लेबाजी**

- न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की तीन टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की

आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अब आधिकारिक तौर पर सबसे लंबे समय तक दुनिया में शीर्ष क्रम के टी20 बल्लेबाज हैं, जिन्होंने विराट कोहली के कार्यकाल को पीछे छोड़ दिया है। भारत के क्रिकेटर कोहली पिछले एक दशक में अपने कार्यकाल के दौरान कुल 1,013 दिनों के लिए नंबर 1 रैंकिंग वाले टी20 बल्लेबाज थे, लेकिन आजम ने शीर्ष पर लंबे समय तक रहने के बाद इस संख्या को पार कर लिया है।

पाकिस्तान के कप्तान को वर्तमान में टी20 और वनडे में नंबर 1 बल्लेबाज के रूप में दर्जा दिया गया है और हाल ही में उन्होंने सुझाव दिया कि वह खेल के तीनों प्रारूपों में शीर्ष पर पहुंचने का प्रयास करेंगे। बुधवार को जारी ताजा टी20 रैंकिंग में थोड़ा बदलाव आया, भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष-10 से एक स्थान नीचे सातवें स्थान पर आ गए। आयरलैंड के युवा बल्लेबाज हैरी टेक्टर भारत के खिलाफ बल्ले से शानदार सीरीज के बाद 55 पायदान के फायदे के साथ 66वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दीपक हुड्डा 414 पायदान की छलांग के साथ 104वें नंबर पर आ गए हैं। जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट शीर्ष क्रम के टेस्ट बल्लेबाज के रूप में बरकरार हैं, न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की तीन टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। प्लेयर ऑफ द सीरीज न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ताजा बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि साथी कीवी टॉम ब्लंडेल 11 पायदान की छलांग के साथ 20वें स्थान पर पहुंच गए। रूट की इंग्लैंड टीम के साथी जॉनी बेयरस्टो ने भी 20 स्थान का सुधार करते हुए 21वें स्थान पर काबिज हो गए। न्यूजीलैंड के नील वैगनर गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग में एक पायदान गिरकर 10वें स्थान पर आ गए हैं, जिसमें इंग्लैंड की जोड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड (एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें) और जैक लीच (13 पायदान के फायदे के साथ 25वें) शामिल हैं।


बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ऑलराउंडर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए, जिसमें भारत के अनुभवी रविचंद्रन अश्विन दूसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के काइल मेयर्स बांग्लादेश के खिलाफ अपने प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के बाद ऑलराउंडर रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए।

## मलेशिया ओपनः दूसरे राउंड में पहुंची सिंधु, सायना बाहर

**कुआलालंपुर।** स्टार इंडिया शटलर पीवी सिंधु ने थाईलैंड की विश्व नंबर 10 पोर्नपावी चोचुवोंग पर शानदार जीत दर्ज की। इसके साथ ही सिंधु यहां बुधवार को मलेशिया ओपन टूनामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर चुकी हैं। कोर्ट 2 पर खेलते हुए सिंधु को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ सीधे गेम में कड़ी चुनौती मिली। सातवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने दोनों गेमों में 21-13, 21-17 से चोचुवोंग पर दबदबा बनाया। भारतीय ने पहले गेम में शानदार शुरूआत की और अपनी शानदार मूव से गेम जीत लिया। मैच के दूसरे गेम में चोचुवोंग वापस लड़ रही थीं लेकिन वे सिंधु के अटैक को अधिक समय तक रोक नहीं पाई और टूनामेंट से बाहर हो गई। दूसरी ओर भारत की डबल जोड़ी बी सुमीत रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा, दुनिया की नंबर 21 जोड़ी से आगे नहीं बढ़ सकी। नीदरलैंड की रॉबिन टेबेलिंग और सेलेना पाइक की के खिलाफ 52 मिनट की लड़ाई के बाद भारतीय जोड़ी 15-21, 21-19 17-21 से हार गई। इस बीच, 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल के लिए यह एक बुरा दिन था, जिन्हें 37 मिनट में अमेरिकी आइरिस वांग से 11-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## सीए वार्नर को नेतृत्व की भूमिका में वापस लाए : पैट कमिंस

गॉल, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कथित तौर पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) पर बल्लेबाजी के दिग्गज डेविड वार्नर पर नेतृत्व प्रतिबंध को हटाने के लिए दबाव डाला है, जो 2018 में दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में तीसरे टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़छाड़ करने के बाद उन पर लगाया गया था। वार्नर और तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था।

जबकि स्मिथ को दो साल के लिए नेतृत्व की भूमिका निभाने से रोक दिया गया था, वार्नर को अपने बाकी पेशेवर जीवन के लिए ऐसी किसी भी भूमिका से प्रतिबंधित कर दिया गया था। वर्तमान में गॉल में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की ओर से नेतृत्व कर रहे हैं कमिंस ने कहा कि वह वार्नर पर आजीवन नेतृत्व प्रतिबंध से असहमत हैं। कमिंस ने द हेराल्ड सन को बताया, मैं अपने विचार रख रहा हूं। मौलिक रूप से, किसी को जीवन भर के लिए प्रतिबंधित करने से मैं असहमत हूं। कमिंस की टिप्पणी अगले महीने सीए की निर्धारित बोर्ड बैठक से पहले आई है, जहां वार्नर के मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। कमिंस ने कहा, लोगों को सीखने और सुधार करने की अनुमति है। हां, मूल रूप से मैं उस अवधारणा से असहमत हूं। वह (वॉर्नर) हमारे टीम के एक शानदार कप्तान रहे हैं। इसलिए अगर वह कभी लीडर के रूप में आते हैं, तो वह बहुत अच्छा होगा। वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग 2022 सीजन के साथ-साथ देश के लिए खेलने में भी शानदार रहे हैं।

उन्होंने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में ऑस्ट्रेलिया को अपना पहला आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई सफेद गेंद की श्रृंखला में कुछ शानदार पारी खेली।

## इंग्लैंड के खिलाफ सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी करेंगे लाहौर और कराची

कराची, एजेंसी



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप से ठीक पहले इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए सिर्फ दो या तीन बड़े स्थलों के इस्तेमाल का फैसला किया है। बोर्ड के सूत्रों के अनुसार शुरूआत में पीसीबी चाहता था कि फैसलाबाद और मुल्तान जैसे छोटे अंतरराष्ट्रीय स्थलों सहित अधिक स्थलों पर मैच हों लेकिन अब उसने यह योजना टाल दी है।

सूत्र ने पुष्टि की कि स्थलों और तारीखों का अस्थाई मसौदा इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को भेजा गया है और पीसीबी को जुलाई-अगस्त में ईसीबी के प्रतिनिधिमंडल के पाकिस्तान आने की उम्मीद है। दौरे की अस्थाई तारीख 15 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच है। सूत्र ने कहा, कराची और लाहौर श्रृंखला में दो मुख्य स्थल होंगे और रावलपिंडी को बैक अप के रूप में शामिल किया गया है। लेकिन इंग्लैंड की टीम 17 साल बाद पाकिस्तान आ रही है और ऐसे में उम्मीद है कि कराची और लाहौर में भी मुकाबलों के लिए काफी दर्शक पहुंचेंगे। पीसीबी ने टी20 विश्व कप के बाद नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला की मेजबानी भी योजना भी बनाई है जिसके मुकाबले मुल्तान और फैसलाबाद जैसे छोटे अंतरराष्ट्रीय स्थल पर होंगे।

## भारत जैसी टीम को चुनौती देना आसान नहीं : एंड्रयू बलबर्नी

डबलिन, एजेंसी

आयरलैंड के कप्तान एंड्रयू बलबर्नी ने मलाहाइड में दूसरे टी20 में भारत से चार रन की करीबी हार पर अफसोस जताते हुए कहा कि एक मजबूत टीम के खिलाफ जीत के करीब पहुंचना अविश्वसनीय है। अंतिम ओवर में 17 रनों की जरूरत के साथ, आयरलैंड केवल 12 रन ही बना सका, जिससे 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार रन से हार गए। उन्होंने कहा, हम सब बहुत दुखी हैं। ऐसा कभी नहीं होता है कि आप भारत जैसी टीम के खिलाफ इतने करीब पहुंचें। हमने बल्ले से बहुत अच्छा काम किया। मैच के बाद बलबर्नी ने कहा, मुझे लगता है कि हमने ऐसा नहीं होता कि आप भारत जैसी टीम को चुनौती दो। यह यहां सभी के लिए क्रिकेट का एक शानदार खेल था। पिछले दो मैचों में भारी दर्शकों की भीड़ भी जुटी थी। पावरप्ले में पीछा करने के लिए पॉल स्टर्लिंग ने आक्रामक बल्लेबाजी की, जिसमें भुवनेश्वर कुमार को तीन चौके और एक छक्का लगाया और शुरूआती ओवर में 18 रन बनाए। उन्होंने बलबर्नी को टिकने के लिए समय दिया। हालांकि स्टर्लिंग को पावर-प्ले के अंतिम ओवर में लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की गेंद पर आउट हो गए। बलबर्नी ने कहा, हम जानते थे कि हमें पावरप्ले का उपयोग करना होगा। यह हम सबको पता था। मुझे लगा कि पॉल ने शानदार शुरूआत दी है। वह पहले ओवर में भुवी के पीछे पड़ गए थे। पहली साझेदारी ने बाकी खिलाड़ी के लिए लक्ष्य का पीछा करना आसान बना दिया था। मुझे लगता है कि उन्होंने सभी तरह से बहुत अच्छा किया। हैरी टेक्टर ने पहले टी20 में 28 गेंदों में 39 रन बनाए, जबकि जॉर्ज डॉकरेल ने 16 गेंदों में 34 रनों की नाबाद पारी खेली और मार्क अडायर ने 12 गेंदों में 23 रन बनाए।

## उमरान की गेंदबाजी से बल्लेबाजों को होती है परेशानी : पांड्या

डबलिन, एजेंसी

आयरलैंड को भारत के खिलाफ जीत के लिए अंतिम ओवर में 17 रनों की जरूरत थी, ऐसे में भारतीय टीम की तरफ से युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक को अंतिम ओवर की जिम्मेदारी सौंपी गई। गेंदबाज ने एक नो बॉल, दो बैक-टू-बैक बाउंड्री, दो सिंगल और एक वाइड देकर ओवर में 12 रन लुटाए, इसके बावजूद भारतीय टीम ने चार रन से मैच को जीत लिया। हालांकि, इस जीत के साथ भारतीय टीम ने दो टी20 मैचों की सीरीज को भी 2-0 से जीत लिया। कप्तान हार्दिक पांड्या ने मलिक को अंतिम ओवर देने के बाद कहा, मलिक ने अच्छी गेंदबाजी की। टीम का स्कोर अच्छा था, इसके बावजूद आयरलैंड ने लक्ष्य का पीछा किया और सिर्फ शेष चार रन की वजह से हार गई। इस दौरान मलिक ने सही लेंथ और लाइन के साथ गेंदबाजी की। वे अपनी गति के लिए जाने जाते हैं। मैंने गेंदबाजी के लिए उमर का समर्थन किया। उनकी गेंदबाजी की वजह से बल्लेबाजों में डर रहता है, जिससे उन्हें गेंद को हिट करना मुश्किल होता है। कप्तान ने आगे कहा, मलिक के अलावा ऑलराउंडर दीपक हुड्डा ने सीरीज की दोनों पारियों में बेहतरीन खेला। शीर्ष क्रम में दोनों मैचों में नाबाद 47 और 104 रन बनाए। उन्होंने कहा टीम में युवाओं का प्रदर्शन उन्हें गर्व महसूस कराता है। बचपन में देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है। हुड्डा के लिए यह खुशी की बात है। पांड्या ने कहा, टीम में दिनेश कार्तिक और संजू सैमसन भी शामिल थे, सैमसन ने शीर्ष क्रम पर शानदार पारी खेली, उन्होंने 77 रन बनाए, जो टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए। आयरलैंड के खिलाफ अंतिम ओवर में मलिक ने डेथ ओवरों के विशेषज्ञ तेज गेंदबाज हर्षल पटेल की प्रशंसा की।

# क्रिकेट जगत ने इयोन मॉर्गन को उनके भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

लंदन, एजेंसी



**निर्णय**

- मेरे करियर का सबसे सुखद और पुरस्कृत अध्याय जो निस्संदेह रहा है, उस पर विराम लगाना एक आसान निर्णय नहीं रहा है

इंग्लैंड के सफेद गेंद कप्तान इयोन मॉर्गन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद क्रिकेट जगत ने उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने ट्विटर पर मॉर्गन को उनकी दूसरी पारी के लिए सभी सफलता की कामना की। उन्होंने ट्वीट किया, एक शानदार करियर के लिए बधाई, इयोन।

आपने क्रिकेट प्रशंसकों को कई पलों को संजोने के लिए दिया। आपको शुभकामनाएं। आपकी दूसरी पारी भी पहली की तरह सफल हो। मॉर्गन की टीम के साथी जोस बटलर ने कुछ तस्वीरें साझा कीं और कैप्शन दिया, कैप्टन लीडर लीजेंड। हर चीज के लिए धन्यवाद बॉस। आयरलैंड के पूर्व क्रिकेटर नियाल जॉन ओ ब्रायन ने ट्वीट किया, आपका क्या शानदार करियर कैसा रहा है। आपने न केवल इंग्लैंड में बल्कि विश्व स्तर पर लोगों के सोचने और खेल खेलने के तरीके को बदल दिया। आपके अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं। इयोन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपने ट्विटर पर लिखा, आपने अंग्रेजी क्रिकेट को हमेशा के लिए बदल दिया है। एक नवोन्मेषक एक प्रेरक एक चैंपियन आपकी विरासत जीवित रहेगी...थैंक्यू मॉर्गन। इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर डेनिएल व्याट ने ट्वीट किया, अविश्वसनीय करियर के लिए बधाई। इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने ट्विटर पर लिखा, बॉस मॉर्गन सब कुछ के लिए धन्यवाद। पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद हफीज ने ट्वीट किया, शानदार करियर के लिए बधाई दोस्त। मेरे लिए आप कप्तान के रूप में सफेद गेंद क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए गेम चेंजर हैं। आपकी सेवाओं के लिए बहुत सम्मान। क्रिकेट की दुनिया आपको याद करेगी। भविष्य के लिए शुभकामनाएं। बता दें कि इयोन मॉर्गन ने अपने 16 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर पर विराम लगा दिया है। वर्ष 2006 में आयरलैंड के लिए पदार्पण करने के बाद, मॉर्गन इंग्लैंड के लिए खेलने गए और उनके सबसे महान सफेद गेंद वाले खिलाड़ियों में से एक के रूप में संन्यास लिया।

मॉर्गन ने कहा, सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद, मैं तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं। मेरे करियर का सबसे सुखद और पुरस्कृत अध्याय जो निस्संदेह रहा है, उस पर विराम लगाना एक आसान निर्णय नहीं रहा है, लेकिन मेरा मानना है कि मेरे और इंग्लैंड के लिए अब ऐसा करने का सही समय है। इंग्लैंड के साथ अपने 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान, 35 वर्षीय मॉर्गन ने लॉर्ड्स में 2019 में बतौर कप्तान इंग्लैंड को पहली बार विश्व कप का खिताब दिलाया।

## अगर आपके पास कोई विकल्प नहीं है तो फिर योद्धा की तरह रवैया क्यों ना अपनाएं : हुड्डा

आयरलैंड, एजेंसी




आक्रामक भारतीय बल्लेबाज दीपक हुड्डा का मानना है कि जब उन्हें गेंदबाजों के अनुकूल हालात में नई गेंद का सामना करने की जिम्मेदारी दी गई तो उन्होंने योद्धा की तरह रवैया अपनाया।

हुड्डा के अनुसार उनके पास शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने की चुनौती का सामना करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। हुड्डा ने मंगलवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 57 गेंद में 104 रन की आक्रामक पारी खेली। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए हुड्डा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शतक जड़ने वाले सिर्फ चौथे भारतीय बल्लेबाज बने। हुड्डा ने मैच के बाद कहा, ह्यमैंने कभी अंतरराष्ट्रीय मैच में पारी का आगाज नहीं किया लेकिन शीर्ष क्रम का बल्लेबाज होने के कारण आपको चुनौतियों का सामना करना होता है और आपके पास कोई और विकल्प नहीं होता। उन्होंने कहा, और अगर आपके पास कोई विकल्प नहीं है तो फिर आप योद्धा की तरह रवैया क्यों नहीं अपनाते। मैं ऐसे ही सोचता हूं और चीजें मेरे पक्ष में रहीं। मैं इसे लेकर खुश हूं। युवा खिलाड़ी लगातार सामने आ रहे हैं और इस 27 वर्षीय आलराउंडर ने स्वीकार किया कि भारतीय टीम में जगह बनाना और फिर उसे बरकरार रखना आसान नहीं है। हुड्डा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हां भारतीय टीम में जगह बनाना और फिर वहां बने रहना मुश्किल है। लेकिन जब आप भारत की ओर से खेलते हो तो कभी अपने बारे में नहीं सोचते, आप टीम के बारे में सोचते हो। तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज इशान किशन के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे हुड्डा ने नौ चौकों और छह छक्कों की मदद से अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो आयरलैंड की टीम हमारे खिलाफ काफी अच्छा खेली और हमने उनके खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया।

हुड्डा ने कहा, पहले और दूसरे मुकाबले के बीच, मुझे लगता है कि पिच में अंतर था। पहले मैच में आसमान में बादल छाए थे और विकेट में नमी थी। लेकिन आज विकेट बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छी थी जो दोनों टीम की बल्लेबाजी से स्पष्ट है। हुड्डा ने हार्दिक पंड्या की भी सराहना की जिन्होंने दो मैच की श्रृंखला में टीम की अगुआई की। उन्होंने कहा, बेशक हार्दिक काफी अच्छी तरह अगुआई कर रहा है। आईपीएल में उसने नई फ्रेंचाइजी की अगुआई की और उन्होंने खिताब जीता।

## हम विश्व कप मैचों के लिए तैयार : हॉकी दिग्गज सुशीला चानू


नीदरलैंड, एजेंसी

हॉकी की दिग्गज सुशीला चानू इस बात से खुश हैं कि वह आखिरकार 3 जुलाई को विश्व कप में अपना पहला मैच खेलेंगी, जब भारत यहां अपने पहले पूल बी मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। देश के लिए 208 मैच खेलने और बैक-टू-बैक ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद दक्षिण कोरिया के इंचियोन में 2014 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने के अलावा, मणिपुर में जन्मे मिडफील्डर ने 2018 के विश्व कप में चोट के कारण खेलने का अवसर गंवा दिया था। सुशीला ने बुधवार को कहा, 2018 में, मैं एक चोट के कारण लंदन में विश्व कप खेलने से चूक गई थी। इसके बाद, मैं फॉर्म के साथ संघर्ष कर रही थीं, जिसके परिणामस्वरूप मैं उस वर्ष जकार्ता में एशियाई खेलों से बाहर हो गईं। यह शायद मेरे करियर का सबसे बड़ा उतार चढ़ाव था। यह एक कठिन दौर था लेकिन मैं इससे उबरने और फिर से टीम में अपनी जगह बनाने के लिए दृढ़ थी।

2018 एशियाई खेलों से चूकने के बाद, जहां भारत ने रजत जीता और उसी वर्ष विश्व कप में भारत ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, सुशीला ने धमाकेदार वापसी की और पिछले चार वर्षों में टीम के विकास में एक मजबूत ताकत बन गईं। वह एफआईएच सीरीज फाइनल्स के साथ-साथ भुवनेश्वर में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में भारत की जीत का हिस्सा थीं। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और फिर 2021 में महिला एशिया कप में भारत की टीम में शामिल हो गईं।

## मुंबई फ्रेंचाइजी के सह-मालिक के रूप में अल्टीमेट खो खो से जुड़े बादशाह और पुनित बालन

मुंबई, एजेंसी




लोकप्रिय गायक बादशाह और प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता व डेवलपर पुनित बालन अल्टीमेट खो खो लीग में मुंबई फ्रेंचाइजी के सह-मालिक के रूप में शामिल हुए हैं। अल्टीमेट खो-खो लीग का उद्घाटन संस्करण इस साल के अंत में शुरू होगा।

खेल की गति और सुरुचिपूर्ण शैली के साथ-साथ खेल के उदासीन मूल्य से प्रभावित, बादशाह का मानना है कि अल्टीमेट खो-खो में विशाल क्षमता है। उनका उद्देश्य इस एसोसिएशन के माध्यम से इस स्वदेशी खेल में सुपरस्टारों को प्रेरित करना और उनका निर्माण करना है। अपने पहले खेल के बारे में उत्साहित बादशाह ने कहा, मेरी मां अपने कॉलेज के दिनों में खो-खो खेलती थीं और जमीन से जुड़ा यह खेल मेरे दिल के बहुत करीब है। इस पुरानी यादों और व्यक्तिगत जुड़ाव ने मुझे अल्टीमेट खो-खो का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, यह एड्रेनालाईन-पैक, तेज गति वाला इनडोर खेल है जिसमें बेहद फुतीर्ले खिलाड़ी हवा में स्काई-डाइव करते हैं। सामान्य तौर पर, मुंबई की संस्कृति तेज और कुशल है और यही हम चाहते हैं कि यह एक टीम हो। इस लीग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं, और हम खिलाड़ियों के लिए सर्वोत्तम वातावरण, बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षण और पोषण सुनिश्चित करना चाहते हैं। एक युवा और गतिशील उद्यमी, बालन कुछ नए जमाने के खेल निवेशकों में से एक हैं। बालन समूह,जिसके वैल्यू 3,500 करोड़ रुपए है, का नेतृत्व करने के अलावा बालन खेल रोजगार स्टार्ट-अप में निवेश करने और विभिन्न खिलाड़ियों को सक्रिय रूप से समर्थन देने के अलावा बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस और हैंडबॉल लीग जैसी विभिन्न खेल लीगों में भी टीमों का मालिक हैं। मुंबई फ्रेंचाइजी के सह-मालिक बालन ने कहा, अगर आप कुछ विकसित करना चाहते हैं तो सही दृष्टिकोण अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है। मैं अतीत में लीग के माध्यम से खेलों के विकास में शामिल रहा हूं और अब अल्टीमेट खो-खो के साथ, मैं खो-खो की सफलता की यात्रा में एक भूमिका निभाना चाहता हूं।

## सचिन और विराट की तरह पाटीदार बहुत जल्दी लाइन और लेंथ पकड़ लेते हैं : चंद्रकांत

बेंगलुरु, एजेंसी

मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम के कोच चंद्रकांत पंडित ने बल्लेबाज रजत पाटीदार को खेल का महान छात्र बताया और कहा कि वह बहुत जल्दी गेंद की लाइन और लेंथ को पकड़ लेते हैं, जैसे कि सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली पकड़ लेते हैं।

मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में एमपी का प्रतिनिधित्व करने वाले 28 वर्षीय पाटीदार ने पहली बार घरेलू ट्रॉफी जीतने में अपनी टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, दो पारियों में 122 रन और नाबाद 30 रन बनाए, जिससे टीम ने इतिहास रचने के लिए बेंगलुरु में छह विकेट जीत हासिल की। इस सीजन में 20 लाख रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में शामिल होने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आठ मैचों में 333 रन बनाए, जिसमें एक नाबाद शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। परिस्थितियों को पढ़ने और शांति से अपने स्ट्रोक खेलने की उनकी क्षमता की आरसीबी में हर कोई सराहना करता है। पंडित ने कहा कि पाटीदार इस सीजन में एमपी के लिए खेले गए मैचों में लाइन और लेंथ को तेजी से पकड़ने में शानदार थे। पंडित ने कहा, गुणवत्ता वाला खिलाड़ी बहुत जल्दी लाइन और लेंथ को पकड़ लेते हैं। यह ऐसा है जैसे आप जानते हैं कि उनके पास अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अतिरिक्त समय है। मैं किसी के साथ तुलना नहीं करना चाहता, लेकिन अगर मुझे नाम लेना ही तो रोहित शर्मा, विराट और तेंदुलकर के बारे में बात कर सकते हैं, उनके पास लाइन और लेंथ चुनने के लिए थोड़ा अतिरिक्त समय था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### पचास देशों तक फैला मंकीपॉक्स, नाइजीरिया में पहली मौत

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंकीपॉक्स को लेकर एक बार फिर चेतावनी जारी की है। डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में मंकीपॉक्स के 50 देशों तक फैलने और नाइजीरिया में मंकीपॉक्स से पहली मौत होने की पुष्टि की है। डब्ल्यूएचओ की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 50 देशों में अब तक मंकीपॉक्स के 3,413 मामले मिले हैं। इनमें से नाइजीरिया में 41 संक्रमित हैं। नाइजीरिया में मंकीपॉक्स से एक मरीज की मौत भी हो चुकी है। इस रिपोर्ट के अनुसार 17 से 22 जून के बीच आठ नए देशों में 1,310 मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने दुनिया में मंकीपॉक्स के प्रसार को लेकर चिंता जताई है। बताया गया है कि ब्रिटेन में मंकीपॉक्स का तेजी से प्रसार हो रहा है। अब ब्रिटेन में मंकीपॉक्स से संक्रमित 793 लोग सामने आ चुके हैं। इस कारण ब्रिटेन में अतिरिक्त सतर्कता भी बरती जा रही है।

### न्यूजीलैंड में कोरोना के 7,829 नये मामले

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के स्थानीय रूप से संचारित 7,829 नये मामले सामने आये हैं और 15 नई मौतें हुई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। नये मामलों में से सबसे अधिक देश के सबसे बड़े शहर ऑकलैंड से सामने आये हैं, जो 2,519 है। इसके अलावा, देश की सीमा से 100 नये मामलों की भी पहचान हुई है। न्यूजीलैंड में इस वक्त 395 मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से आठ गहन चिकित्सा विभाग में हैं। न्यूजीलैंड में महामारी की शुरूआत होने के बाद से अब तक 1,323,280 कोरोना संक्रमितों की पुष्टि हो चुकी है।

### पाकिस्तान में सड़क हादसे में 5 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले में बुधवार सुबह एक यात्री बस की मोटरसाइकिल और रिक्शे से टक्कर हो गई, जिसमें कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई और 2 अन्य घायल हो गए। पुलिस के हवाले से बताया कि जिले के खुशाब रोड पर मोटरसाइकिल सवार पार करने की कोशिश कर रहा था, इस दौरान उसकी टक्कर रिक्शे से हो गई और तभी सामने से आ रही यात्री बस भी बाइक और रिक्शे से भिड़ गई। पुलिस ने कहा कि इस घटना में रिक्शे में सवाल लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना बस चालक की लापरवाही के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

### सिंगापुर में कोविड-19 के 11,504 नए मामले, तीन महीनों में सबसे अधिक

सिंगापुर। सिंगापुर में कोविड-19 के 11,504 नए मामले आए, जो तीन महीनों से अधिक समय में संक्रमण के एक दिन में सबसे ज्यादा मामले हैं। स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने लोगों को आगाह किया कि संक्रमण की ताजा लहर उम्मीद से कहीं अधिक पहले आ गयी है। उप प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने कहा कि आगामी हफ्तों में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने की आशंका है। कोविड-19 बहु-मंत्रालय कार्य बल के सह-अध्यक्ष वोंग ने कहा था कि अभी इस स्तर पर कोविड-19 सुरक्षा उपाय कड़े करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन जरूरत पड़ने पर व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि संक्रमण के मामलों में वृद्धि ओमीक्रोन के नए उप-स्वरूप बीए.4 और बीए.5 के कारण हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने मैंने पहले भी कहा था कि अगली लहर जुलाई या अगस्त के आसपास आ सकती है लेकिन अब यह यहां थोड़ी पहले आ गयी है झ संभवतः जून (स्कूल) की छुट्टियों के कारण।

# बिडेन ने फिनलैंड और स्वीडन के साथ तुर्की के समझौते का किया स्वागत

**वाशिंगटन, एजेंसी**




तुर्की ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए स्वीडन और फिनलैंड के नाटो में शामिल होने के विरोध को समाप्त करने के लिए सहमति जता दी है। यह फैसला स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आयोजित शीर्ष स्तरीय वार्ता के बाद लिया गया। रूस द्वारा यूक्रेन पर हो रहे लगातार हमलों के बीच स्वीडन और फिनलैंड के लिए यह राहत देने वाली खबर है।

फिनलैंड के राष्ट्रपति सौली नीनिस्टो ने कहा कि तीनों देशों के नेताओं ने मंगलवार को बातचीत के बाद एक संयुक्त समझौते पर हस्ताक्षर किए। वहीं, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि तुर्की को फिनलैंड और स्वीडन से जो चाहिए था वो मिल गया है। बयान के अनुसार दोनों नार्डिक देश यानी फिनलैंड और स्वीडन ह्यपीकेके और अन्य कुर्द आतंकवादी समूहों के खिलाफ लड़ाई में तुर्की के साथ पूरी तरह से सहयोग करने पर सहमत हुए। इसके साथ दोनों देश तुर्की को हथियारों की डिलीवरी पर लगाए गए अपने प्रतिबंध को हटाने के लिए भी सहमत हुए हैं, जो सीरिया में तुर्की द्वारा 2019 में किए गए सैन्य घुसपैठ के जवाब में लगाए गए थे। बता दें कि शिखर सम्मेलन की शुरूआत 18वीं सदी के मैड्रिड के रायल पैलेस में स्पेन के राजा फेलिप षष्टम द्वारा आयोजित नेताओं के रात्रिभोज के साथ हुई थी। फिनलैंड के राष्ट्रपति सौली नीनिस्टो ने कहा कि तुर्की ने फिनलैंड और स्वीडन की नाटो सदस्यता का समर्थन करने के लिए सहमति जता दी है, जिससे गठबंधन में शामिल होने वाले दोनों देशों के लिए एक बड़ी बाधा दूर हो गई है।

**सहयोगी**

- नाटो में हमारे शामिल होने के ठोस कदमों पर अगले दो दिनों के दौरान नाटो के सहयोगी सहमत होंगे

नीनिस्टो ने एक बयान में कहा कि इस मामले पर तुर्की, फिनलैंड और स्वीडन ने मैड्रिड में एक संयुक्त ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा, नाटो में हमारे शामिल होने के ठोस कदमों पर अगले दो दिनों के दौरान नाटो के सहयोगी सहमत होंगे। नाटो प्रमुख जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि फिनलैंड और स्वीडन त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद सफलतापूर्वक नाटो में शामिल हो सकेंगे। वार्ता के बाद, नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा, अब हमारे पास एक समझौता है जो फिनलैंड और स्वीडन के नाटो में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त करता है। स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यह बैठक मौजूदा अप्रत्याशित दुनिया में गठबंधन के लिए एक खाका तैयार करेगी। स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि नाटो के 30 सदस्यों में से सिर्फ नौ सदस्य रक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत खर्च करने के संगठन के लक्ष्य को पूरा करते हैं। स्पेन सिर्फ अपने सकल घरेलू उत्पाद का आधा प्रतिशत हिस्सा ही खर्च करता है। बता दें कि बुधवार और गुरुवार हुए बैठकों में रूस के खिलाफ सुरक्षा को मजबूत करना और यूक्रेन का समर्थन करना ही सबसे प्रमुख एजेंडा रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फिनलैंड, स्वीडन और तुर्की को एक समझौते पर पहुंचने के लिए बधाई दी है। जो बाइडन ने कहा, मैं एक त्रिपक्षीय ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर तुर्की, फिनलैंड और स्वीडन को बधाई देता हूं, जो मित्र राष्ट्रों के लिए मैड्रिड शिखर सम्मेलन में नाटो में शामिल होने के लिए फिनलैंड और स्वीडन को आमंत्रित करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिनलैंड के राष्ट्रपति सौली निनिस्टो और स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन की व्हाइट हाउस यात्रा को याद किया और कहा कि वे उनकी सदस्यता का पुरजोर समर्थन करते हैं। बाइडन ने आगे कहा, दोनों देशों की सदस्यता नाटो की सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करेगी और पूरे ट्रान्साटलांटिक गठबंधन को लाभ पहुंचाएगी।

# रूस ने बाइडन की पत्नी, बेटी की एंट्री पर लगाया बैन



**मास्को, एजेंसी**

यूक्रेन से करीब चार महीने से जारी युद्ध के बीच रूस ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी और उनकी बेटी के देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रूस ने यह कार्रवाई अमेरिका द्वारा यूक्रेन की मदद करने के चलते की है। अमेरिका अब तक यूक्रेन को अरबों डॉलर की सहायता भेज चुका है। इसके अलावा अमेरिका ने पुतिन सहित रूस के कई बड़े लोगों पर कठोर प्रतिबंध भी लगाए हैं।

रूस ने इस कार्रवाई की घोषणा अपने ऊपर बढ़ते प्रतिबंधों के बीच की। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बाइडन की पत्नी जिल और बेटी एशले सहित देश की ह्लस्टॉप लिस्टह्व में 25 नाम जोड़े जा रहे हैं। रूस ने चार अमेरिकी सांसदों (सीनेटरों) के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया। रूस ने इन्हें रसोफोबिक करार दिया है। प्रतिबंध लगाए गए सांसदों में रिपब्लिकन मिच मैककोनेल, सुसान कॉलिन्स और बेन सासे और डेमोक्रेट कर्स्टन गिलिब्रैंड शामिल हैं। लिस्ट में फ्रांसिस फुकुयामा सहित प्रमुख शिक्षाविद् भी शामिल हैं। रूस ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध हाल फिलहाल में समाप्त होने वाला नहीं है।

क्रेमलिन ने कहा कि यूक्रेन के आत्मसमर्पण करते ही रूस अपने आक्रमण को रोक देगा। रूस का कहना है कि जब तक यूक्रेन की सेना हथियार नहीं डालेगी और आत्मसमर्पण नहीं करेगी तब तक युद्ध नहीं रुकेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यूक्रेनी पक्ष चाहे तो आज ही सब कुछ रुक सकता है।

# करतारपुर गलियारा धार्मिक स्वतंत्रता के लिए पाक की प्रतिबद्धता का प्रतीक है : बाजवा

**रावलपिंडी, एजेंसी**



पाकिस्तान सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा ने कहा कि करतारपुर गलियारा धार्मिक स्वतंत्रता और सद्भाव के लिए पाकिस्तान की अटूट प्रतिबद्धता का व्यावहारिक अभिव्यक्ति है। इस बात की जानकारी जियो न्यूज रिपोर्ट से सामने आई है।

उनकी टिप्पणी ब्रिटिश सिख सैनिकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान आई, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक के दौरान जनरल बाजवा ने कहा कि, पाकिस्तान सभी धर्मों का सम्मान करता है और देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की जरूरत को समझता है। ब्रिटिश सिख सैनिकों के प्रतिनिधिमंडल ने कबायली जिलों में शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए पाकिस्तानी सेना के प्रयासों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल, जिसमें 12 सदस्य शामिल थे, जिन्होंने जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) का दौरा किया, का नेतृत्व डिप्टी कमांडर फील्ड आर्मी यूके मेजर जनरल सेलिया जे हार्वे ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने लाहौर का दौरा किया जहां उसने वाघा सीमा पर ध्वजारोहण समारोह देखा। इसने लाहौर किला, अल्लामा इकबाल मकबरे और बादशाही मस्जिद का भी दौरा किया।

अपने प्रवास के दौरान, ब्रिटिश सिख सैनिकों ने दरबार हजरत मियां मीर, हवेली नौ निहाल सिंह, गुरुद्वारा जन्म स्थान गुरु राम दास, समाधि महाराजा रणजीत सिंह, गुरुद्वारा डेरा साहिब, करतारपुर कॉरिडोर, ननकाना साहिब और डेरा पंजा सहित देश के कई धार्मिक स्थलों का दौरा किया।

आईएसपीआर ने कहा कि, प्रतिनिधिमंडल ने ओरकजई जिले का भी दौरा किया और समाना किला, लॉकहार्ट किला और सारागढ़ी स्मारक देखा, जहां उसने माल्यार्पण किया। यह वह स्थान था जहां 1897 में एक ब्रिटिश अभियान के हिस्से के रूप में 21 सिख सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी और सिखों के लिए इसका ऐतिहासिक महत्व है।

### पंजाब सरकार के अवैध आदेशों की अवहेलना करें पुलिस, नौकरशाही : इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब पुलिस और नौकरशाही को आगामी स्थानीय सरकार के चुनावों के दौरान प्रांतीय सरकार के ह्यअवैध आदेशोंह्व को मानने और उनका पालन करने के बारे में चेताया है। इमरान खान के हवाले से दावा किया कि उनकी सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के दबाव के आगे नहीं झुकी और वैश्विक मुद्रास्फीति का बोझ पाकिस्तानी लोगों पर नहीं डाला। इसके बाद उन्होंने जनता से इस्लामाबाद के परेड ग्राउंड में दो जुलाई को होने वाले मुद्रास्फीति के विरोध होने वाले प्रदर्शन में भाग लेने का आग्रह किया। श्री खान ने यह भी दावा किया कि यह बिल्कुल साफ हो रहा है कि हमजा शहबाज बहुत लंबे समय तक पंजाब के मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। देश की खराब वित्तीय स्थिति को लेकर श्री खान ने कहा कि हालांकि पीटीआई सरकार के दौरान परिस्थितियां मुश्किल थीं लेकिन आईएमएफ के दबाव, कमजोर अर्थव्यवस्था और कोविड-19 जैसी महामारी के बावजूद वैश्विक मुद्रास्फीति का बोझ जनता पर नहीं डाला। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अनुभवी चोरों का शासन जारी रहा तो देश को और अधिक नुकसान हो सकता है।

# सीरियाः भयावह युद्ध के दस साल, हर दिन 83 आम नागरिकों की हो रही मौत

**दमिश्क, एजेंसी**



रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध तीन माह पार कर चुका है। ऐसे में लोगों को सीरिया में लगातार चल रहे युद्ध की याद भी आ रही है। सीरिया में पिछले दस वर्ष से भयावह युद्ध चल रहा है। इस कारण वहां हर दिन औसतन 83 आम नागरिकों की मौत हो रही है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायोग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दस साल से चल रहे हिंसक संघर्ष में सीरिया में तीन लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बिशलेट के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने इस रिपोर्ट को तैयार करने का आदेश दिया था। इस रिपोर्ट के मुताबिक सीरिया में एक दशक से जारी युद्ध में तीन लाख छह हजार 887 आम नागरिकों की मौत हो चुकी है। देश में हिंसक टकराव के कारण होने वाली मौतों का यह अब तक का सबसे बड़ा अनुमान है। इस रिपोर्ट में एक लाख 43 हजार 350 आम लोगों की मौतों का विस्तार से दस्तावेजीकरण किया गया है। इसके अलावा जानकारी के अभाव में सांख्यिकी तकनीकों के जरिये एक लाख 63 हजार 537 अन्य नागरिकों के मारे जाने का अनुमान व्यक्त किया गया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त का मानना है कि इस विश्लेषण से हमें हिंसक संघर्ष की गंभीरता एवं उसके स्तर को स्पष्टता से समझने एवं जानने में मदद मिलेगी। दस साल में तीन लाख छह हजार 887 मौतों का अर्थ है कि पिछले एक दशक में हर दिन औसतन 83 आम नागरिकों की मौत इस हिंसा के कारण हुई। यह संख्या सीरिया की कुल आबादी का करीब 1.5 प्रतिशत है। उन्होंने साफ कहा कि ये लोग युद्ध अभियान के दौरान ही मारे गए हैं। इनमें बीमारियों, भुखमरी व अन्य कारणों से मरने वाले लोग शामिल नहीं हैं। ऐसी मौतों का आकलन किया जा रहा है।

**जानकारी**

- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायोग की रिपोर्ट, दस साल में मरे तीन लाख से ज्यादा

# चारधाम यात्रा में अब तक 24 लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके है दर्शन



**देहरादून, एजेंसी**

प्रदेश में चारों धाम के कपाट खुलने से लेकर अब तक 24 लाख से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को भी चारों धाम में तीर्थयात्रियों के भीड़ का सिलसिला जारी रहा। बदरी-केदार मंदिर समिति के मुताबिक, मंगलवार को बदरीनाथ धाम में 4519 श्रद्धालु पहुंचे। केदारनाथ धाम में 4374, गंगोत्री में 2708 और यमुनोत्री में 1728 श्रद्धालु पहुंचे। शाम तक चारों धाम में आने वाले यात्रियों की संख्या 24,57,597 पहुंच गई। वहीं, हेमकुंड साहिब में अब तक 1,58,254 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं।

बारिश की वजह से सोमवार को बदरीनाथ मार्ग पर लामबगड़ व कुछ जगहों पर भूस्खलन होने की वजह से आंशिक रूप से यातायात प्रभावित हुआ लेकिन मंगलवार तक यातायात सुचारु था। पर्यटन विभाग की ओर से निशुल्क ऑनलाइन या फिजिकल काउंटरों से फोटो मेट्रिक रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है।

### चीन में येलो अलर्ट जारी, गर्मी व लू के थपेड़ों से लोग परेशान

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान ने बुधवार को उच्च तापमान के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। देश में लोग गर्म लू का सामना कर रहे है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान द्र के हवाले से बताया, बुधवार को दिन में शांक्सी, शानक्सी, गांसु, सिचुआन, चोंगकिंग, हेनान, अनहुई, हुबेई, हुनान, जियांग्शी, झेजियांग, फुजियान, ग्वांगडोंग, हैनान, शिनजियांग और इनर मंगोलिया के कुछ हिस्सों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। पूवानुर्मान के अनुसार, इनमें से कुछ क्षेत्रों में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस या 40 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक तक पहुंचने की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र ने उच्च तापमान की अवधि के दौरान बाहरी निकलने से बचने की सलाह दी। चीन में चार-स्तरीय, कलर-कोडिड मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें रेड सबसे गंभीर चेतावनी के लिए इस्तेमाल किय जाता है, इसके बाद ऑरेंज, येलो और ब्लू आता है।

# विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र की संस्था को लताड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने गुजरात दंगों में तथ्यों से छेड़छाड़ करने और कानून का सहारा लेकर गलत एजेंडा चलाने की आरोपी तीस्ता सीतलवाड़ की गिरफ्तारी पर टिप्पणी के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की फटकार लगाई है।

विदेश मंत्रालय ने इस टिप्पणी को पूरी तरह अवांछित करार देते हुए उसे खारिज कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह देश की स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था में हस्तक्षेप करती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने बयान में कहा कि एजेंसियों ने स्थापित न्यायिक नियमों के तहत कानून के उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई की है। तीस्ता सीतलवाड़ के खिलाफ कार्रवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकार के लिए उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) की टिप्पणी पर बागची ने कहा कि ओएचसीएचआर की सीतलवाड़ मामले पर टिप्पणी पूरी तरह से अवांछित है और भारत की स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था में हस्तक्षेप करती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि ऐसी कानूनी-कार्रवाई को उत्पीड़न बताना, गुमराह करने वाला और अस्वीकार्य है। यूएनएचआरओ ने मंगलवार को किया था ट्वीट ओएचसीएचआर ने तीस्ता सीतलवाड़ को गिरफ्तार किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें तत्काल रिहा करने की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने मंगलवार को ट्वीट किया, भारत : हम तीस्ता सीतलवाड़ एवं दो पूर्व पुलिस अधिकारियों की हिरासत और गिरफ्तारी को लेकर काफी चिंतित हैं और उन्हें तत्काल रिहा करने की मांग करते हैं। उनकी सक्रियता एवं 2002 के गुजरात दंगों के पीड़ितों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए उनका उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। भारतीय व्यवस्था में दखल देने की हिम्मत नहीं करे कोई इस बारे में मीडिया के सवालों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बागची ने कहा कि हमने तीस्ता सीतलवाड़ एवं दो अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी-कार्रवाई को लेकर ओएचसीएचआर की टिप्पणी को देखा है। उन्होंने कहा, ओएचसीएचआर की टिप्पणियां पूरी तरह से अवांछित हैं और भारत की स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था में हस्तक्षेप करती है। सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता और कई पूर्व पुलिस अफसरों की मंशा पर संदेह जताया गौरतलब है कि अहमदाबाद की एक अदालत ने 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में झूठे साक्ष्यों के आधार पर निर्दोष लोगों को फंसाने के एक मामले में रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर बी श्रीकुमार को 2 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

**टिप्पणी**

- भारत ने सीतलवाड़ को लेकर संरा मानवाधिकार कार्यालय की टिप्पणी की आलोचना की, बताया अवांछित


# उदयपुर की घटना हत्याकांड नहीं, आतंकी हमला : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि राजस्थान के उदयपुर में दो व्यक्तियों द्वारा एक दर्जी की कथित तौर पर गला काटकर जान लेने की घटना कोई सामान्य हत्याकांड नहीं है बल्कि एक आतंकी हमला है। भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने यह आरोप भी लगाया कि राजस्थान कट्टरपंथियों का अड्डा बनता जा रहा है और देश के बाहर के आतंकी संगठनों को बढ़ावा देने के लिए राज्य की भूमि इस्तेमाल की जा रही है। ज्ञात हो कि उदयपुर के धानमंडी थानाक्षेत्र में सोमवार को दो व्यक्तियों ने कन्हैयालाल नामक एक दर्जी की कथित रूप से गला काटकर हत्या कर दी और सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर कहा कि उन्होंने इस्लाम के अपमान का बदला लेने के लिए ऐसा किया। दिन दहाड़े कथित हत्या को अंजाम देने वाले दोनों शख्स ने ऑनलाइन वीडियो डालकर इस गुनाह की जिम्मेदारी ली और पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

राठौड़ ने कहा, राजस्थान के मुख्यमंत्री इस घटना को हत्याकांड कहते हैं। जब कोई हत्याकांड का वीडियो बनाता है और उसे वायरल करता है..., यह सामान्य विवाद में नहीं होता है। यह हत्याकांड नहीं है, यह सरेआम आतंकी हमला है। पूरे समाज को आतंकित करने के लिए ऐसी कार्रवाई की गई है। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी निशाना साधा और कहा कि नैतिकता का तकाजा है कि राज्य में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं की वह जिम्मेदारी लें और पद से हट जाएं। उन्होंने कहा, हर चीज के लिए प्रधानमंत्री को वह जिम्मेदार कहते हैं तो कुर्सी क्यों नहीं छोड़ देते? राठौड़ ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति समाज को बांट रही है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पिछले छह महीने के अंदर एक भी सप्ताह ऐसा नहीं गया जब राजस्थान के अंदर आतंकी या जिहादी घटनाएं नहीं हुई हों। उन्होंने कहा, इसके लिए पूर्ण रूप से राजस्थान की सरकार जिम्मेदार है। राजस्थान कट्टरपंथियों का अड्डा बनता जा रहा है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129